
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 3 अंक: 327 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 09 सितम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## नेपाल में हिंसक प्रदर्शन के बीच गृहमंत्री रमेश लेखक ने दिया इस्तीफा, कई शहरों में कर्फ्यू लागू



नेपाल में आज सोमवार को हालात बिगड़ने के बाद गृहमंत्री रमेश लेखक ने इस्तीफा दे दिया। नेपाल में बीस सालों में पहली बार इतना बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें अब तक 19 लोगों की मौत हो चुकी है। गृहमंत्री ने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को आपातकालीन कैबिनेट बैठक के दौरान उनके आधिकारिक आवास पर सौंपा। इससे पहले, उन्होंने नेपाली कांग्रेस की बैठक में भी कहा था कि वे नैतिक आधार पर पद छोड़ देंगे।

देशभर में भ्रष्टाचार और सरकार द्वारा लगाए गए सोशल मीडिया बैन के खिलाफ प्रदर्शन अचानक हिंसक हो गए। केवल राजधानी काठमांडू में ही 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि सुनसरी जिले के इतहरी शहर में दो और लोगों की जान चली गई। बढ़ते तनाव के कारण सरकार ने कई हिस्सों में कर्फ्यू लगाने और सभाओं पर रोक लगाने का आदेश दिया।

काठमांडू समेत अन्य जिलों में पुलिस प्रशासन ने पाबंदियां लागू की हैं। रुपन्देही जिला प्रशासन कार्यालय ने सोमवार को बुटवल और भैरहवा में शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक कर्फ्यू लागू कर दिया गया। जिला प्रमुख टोकराज पांडे ने कहा कि कर्फ्यू के दौरान किसी भी तरह की रैली, धरना, सभा या बैठक पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी।

वहीं बुटवल में कर्फ्यू का दायरा धागो कारखाना पुल से बेलबास चौक तक, चिड़ियाखोला से मंगलपुर तक रखा गया है। वहीं, भैरहवा में कर्फ्यू क्षेत्र रोहिनिखोला पुल से लेकर बेथरी पुल तक, बुद्ध चौक से मेउडिहावा तक रहेगा। इसके अलावा बुटवल-बेलहिया सड़क से 100 मीटर के दायरे में सभी तरह की सभाओं और गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है।

इधर सुनसरी जिले के इतहरी शहर में भी हालात बिगड़ने के बाद मुख्य चौक के आसपास कर्फ्यू लागू कर दिया गया। जिला प्रमुख धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि यह कर्फ्यू अगले आदेश तक जारी रहेगा। लगातार बिगड़ते हालात और लोगों की मौतों के बीच सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं और इस्तीफा देने वाले गृहमंत्री का फैसला अब देश की राजनीति पर बड़ा असर डाल सकता है।-


# पीएम मोदी मंगलवार को करेंगे पंजाब का दौरा, बाढ़ की स्थिति की समीक्षा

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाढ़ की स्थिति की समीक्षा के लिए मंगलवार 9 सितम्बर को पंजाब का दौरा करेंगे। वे पीड़ितों के लिये अधिकतम सहयोग सुनिश्चित करने के लिये व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्थिति का आकलन करेंगे।

पंजाब भाजपा अध्यक्ष, सुनील जाखड़ ने सोशल मीडिया पोस्ट में पीएम मोदी के दौरे की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, इस संकट को लेकर बेहद चिंतित हैं और घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। सुनील जाखड़ ने कहा कि केंद्र सरकार, पंजाब के लोगों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

इससे पहले, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्थिति के आकलन के लिए राज्य का दौरा किया था। बाढ़ से हुए नुकसान के आकलन के लिए दो केंद्रीय अंतर-मंत्रालयी टीमों का गठन किया गया है।



पंजाब में अब धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। सेना, सीमा सुरक्षा बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और स्थानीय लोग राहत और बचाव कार्य में लगे हैं। राज्य में लगभग दो हजार गांवों के तीन लाख 87 हजार से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में है।

केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्रालय के हजारों माय भारत आपदा मित्र राहत कार्यों में लोगों की सहायता कर रहें है। राज्य सरकार ने जिला विशेष की स्थिति के अनुसार कल से राज्य में सभी स्कूल कॉलेज फिर से खोलने के निर्देश दिए हैं।

## आधार कार्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला...




पटना. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बिहार चुनाव से पहले मतदाताओं के स्पेशल इंटेसिव रिवीजन प्रक्रिया को लेकर एक बड़ा फैसला सुनाया है. सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के वैसे मतदाताओं को राहत दी है, जिनके पास आधार होने के बाद भी मतदाता सूची से नाम काट दिया गया था. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आधार कार्ड को भी 12वें दस्तावेज के रूप में शामिल किया जा सकता है. बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी के सीएम फेस तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे को खूब तूल दिया था. महागठबंधन ने दावा किया था कि चुनाव आयोग के इस फैसले से कई लोगों का नाम मतदाता सूची से बाहर हो गया है.

अब चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेसिव रिवीजन प्रक्रिया में आधार कार्ड को 12वां वैध दस्तावेज माना जाएगा. यह फैसला न केवल कानूनी तौर पर एक बड़ा कदम है, बल्कि इसके दूरगामी राजनीतिक परिणाम भी सामने आएंगे. इस फैसले का सबसे गहरा असर बिहार की राजनीतिक पार्टियों पर पड़ने वाला है. अब तक बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण, विकास और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे हावी रहे हैं. लेकिन अब इस फैसले के बाद 'पारदर्शिता' और 'फर्जी वोटरों को हटाने' का मुद्दा भी चुनावी बहस का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाएगा.

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सबसे ज्यादा फायदा महागठबंधन को मिल सकता है. हालांकि, बीजेपी भी आधार को विभिन्न सरकारी योजनाओं और प्रक्रियाओं से जोड़ने की वकालत करती रही है. वह इस फैसले को अपनी 'डिजिटल इंडिया' और 'पारदर्शी शासन' की जीत के रूप में पेश करेगी. वे यह तर्क दे सकते हैं कि इस फैसले से फर्जी और डुप्लिकेट वोटरों को हटाकर चुनाव प्रक्रिया को और अधिक विश्वसनीय बनाया जाएगा. वहीं कांग्रेस और आरजेडी जैसी पार्टियां जनता के बीच एक 'नैतिक जीत' के रूप में पेश करेगी.

**आधार किस आधार पर बना है यह बड़ी बात है।**

देश के न्याय व्यवस्था आये दिन जिस प्रकार से फैसले दे रहे है उससे भले ही कुछ राजनीतिक दलों के निजी स्वार्थ को लाभ हानि हो लेकिन राष्ट्र के हित मे नही है। आधार को आधार मानना है या फिर आधार को 12वें दस्तावेज के रूप मे मान्यता देना बड़ी बात नही है। बड़ी बात है यह जानना की आधार किस आधार पर बड़ा है। जिस प्रकार से देश मे नकली या कहे फर्जी आधार कार्ड बनाने के खेल जारी है। वह बहुत ही चिंतनीय विषय है। इसके बावजूद माननीय न्यायालय का यह फैसला वोटर को नही बल्कि नेताओ को लाभ पहुँचाने वाली है।

## गुजरात, राजस्थान और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश का अलर्ट, दिल्ली में छाए रहेंगे बादल : आईएमडी

भारतीय मौसम विभाग ने आज सोमवार को चेतावनी दी है कि दक्षिण-पूर्व पाकिस्तान और उससे लगे राजस्थान पर बने गहरे दबाव के कारण गुजरात और राजस्थान में भारी बारिश हो रही है। विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और उत्तरी गुजरात में सोमवार को भी भारी वर्षा जारी रहने की आशंका है। वहीं, सौराष्ट्र और कच्छ के कुछ हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश (30 सेंटीमीटर से अधिक) दर्ज हो सकती है। हालांकि, आने वाले दिनों में बारिश की तीव्रता धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है।



आईएमडी के मुताबिक, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 8 से 10 सितंबर तक भारी बारिश हो सकती है। नागालैंड और मणिपुर में 11 और 12 सितंबर को तेज बारिश की संभावना जताई गई है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में 12 से 14 सितंबर के बीच भारी वर्षा का पूर्वानुमान है। ओडिशा में भी 11 और 12 सितंबर को फिर से बारिश शुरू होने की आशंका है।

बता दें कि पिछले 24 घंटों में गुजरात के कुछ हिस्सों में 30 सेंटीमीटर से ज्यादा की बारिश दर्ज की गई है। वहीं, पूर्वी राजस्थान में 21 सेंटीमीटर से अधिक वर्षा हुई। पश्चिमी राजस्थान, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और ओडिशा में 12 से 20 सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा पंजाब, छत्तीसगढ़, असम, नागालैंड, बिहार, तटीय आंध्र प्रदेश, कोंकण, मध्य महाराष्ट्र और तमिलनाडु में भी भारी वर्षा देखी गई।

वहीं दिल्ली-एनसीआर में 8 से 11 सितंबर तक आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा। इस दौरान हल्की बारिश और गर्जना के साथ छींटे पड़ सकते हैं। सोमवार को दोपहर या शाम को हल्की बौछारें संभव हैं। अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है, जो सामान्य से 1 से 3 डिग्री अधिक होगा।


### क्या अनिश्चित और अस्थिर बाजारों में सोना और चाँदी सबसे सुरक्षित निवेश हैं?

निर्मल बांग में कमोडिटी रिसर्च के प्रमुख और कमोडिटी विशेषज्ञ कुणाल शाह बताते हैं कि आज की अस्थिर दुनिया में सोना और चाँदी क्यों जरूरी हैं। जैसे-जैसे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहे हैं—रूस-यूक्रेन संघर्ष से लेकर रूसी जलक्षेत्र के पास अमेरिकी परमाणु पनडुब्बियों तक—वैश्विक परिदृश्य तेजी से अस्थिर होता जा रहा है। शाह एक बदलती विश्व व्यवस्था पर प्रकाश डालते हैं, जिसमें पूर्वी शक्तियाँ उभर रही हैं और पश्चिमी शक्तियाँ पीछे हट रही हैं, जिससे विश्व युद्ध-पूर्व युगों जैसे भयावह हालात पैदा हो रहे हैं। ऐसे अनिश्चित समय में, सोना और चाँदी सिर्फ. निवेश नहीं हैं—वे धन के भंडार हैं। हालाँकि सोना एक सुरक्षित निवेश बना हुआ है, शाह का तर्क है कि चाँदी के बुनियादी सिद्धांत और भी मजबूत हैं

## मेरे टाइप की नहीं... वाला बयान डोनाल्ड ट्रंप को पड़ा भारी, देना ही होगा 690 करोड़ का हर्जाना, क्या है मामला?

समाज जागरण

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों अपने टैरिफ वॉर से दुनिया में छाए हुए हैं. हालांकि अब कई देश उन्हें आंख दिखा रहे हैं. इस बीच उनको एक और झटका लगा है. दरअसल न्यूयॉर्क की संघीय अपील अदालत ने मानहानि मामले में उन्हें बड़ा झटका दिया है. अदालत ने 81 वर्षीय लेखिका ई. जीन कैरोल की मानहानि मामले में दिए गए 83.3 मिलियन डॉलर (करीब



690 करोड़ रुपए) के हर्जाने को बरकरार रखा है. ट्रंप ने इस फैसले को चुनौती दी थी लेकिन कोर्ट ने उनकी अपील को खारिज कर दिया.

यह मामला 2019 में शुरू हुआ था जब कैरोल ने ट्रंप पर 1996 में एक डिपार्टमेंटल स्टोर के ड्रेसिंग रूम में हमला करने का आरोप लगाया. उस समय राष्ट्रपति रहे ट्रंप ने इस आरोप से इनकार करते हुए कहा था कि कैरोल "मेरे टाइप की नहीं" हैं और उन्होंने यह कहानी अपनी किताब बेचने के लिए गढ़ी है. यही बयान उनके खिलाफ भारी पड़ गया.

**ट्रंप की दलीलें खारिज**

ट्रंप ने अपनी अपील में दलील दी थी कि जुलाई 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आपराधिक मामलों में पर्याप्त इम्युनिटी दी है. इसलिए यह सिविल केस भी खारिज होना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि 2019 का बयान उन्होंने राष्ट्रपति पद के तहत दिया था. अदालत ने इन सभी दलीलों को सिरे से खारिज कर दिया.

## यूपी के क्राफ्ट, कुजीन, कल्चर का साक्षात्कार कराने आयोजित होने जा रहा है यूपीआईटीएस-2025

समाज जागरण

लखनऊ, 08 सितम्बरः उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर' से दुनिया भर के उद्यमियों, विनिमार्ताओं और व्यापारियों को परिचित कराने वाले वार्षिक आयोजन 'उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो' (यूपीआईटीएस) का तीसरा संस्करण आगामी 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट में आयोजित होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा होगा। तीसरे संस्करण में पार्टनर कंट्री के रूप में रूस की सहभगिता होगी।



सोमवार को तैयारियों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब तक यूपीआईटीएस के दो संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित हो चुके हैं। वर्ष 2023 में हुई शुरूआत ने प्रदेश के निर्यात को नई गति और वैश्विक पहचान दी है। मुख्यमंत्री ने इसे उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर' को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का बेहतरीन अवसर बताते हुए कहा कि यह आयोजन आईटी/आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्टअप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा और ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिमार्ताओं और निर्यातकों को वैश्विक मंच उपलब्ध कराएगा।

उन्होंने निर्देश दिया कि इस वर्ष ट्रेड शो में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, पीएम स्वनिधि और पीएम इंटर्नशिप कार्यक्रम पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी लगाई जाए। साथ ही अन्य सभी प्रमुख विभाग भी अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करें, ताकि यह आयोजन प्रदेश की ब्रांडिंग का सशक्त माध्यम बन सके। मुख्यमंत्री ने बायर-सेलर मीट की व्यवस्था तथा इसमें सहयोग के लिए सीएम फेलो की तैनाती करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार के।आयोजन में पद्म पुरस्कारों से सम्मानित उत्तर प्रदेश के उद्यमियों/शिल्पकारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए।

अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई ने बताया कि इस बार 2500 से अधिक एक्ज़िबिटर्स ने पंजीयन कराया है, जबकि 500 से अधिक विदेशी खरीदार इसमें भाग लेने आ रहे हैं। इस बार रूस पार्टनर कंट्री के रूप में सहयोग कर रहा है और उसका प्रतिनिधिमंडल ट्रेड शो में शामिल होगा। उन्होंने बताया कि ट्रेड शो के आकर्षणों में खादी केंद्रित फैशन शो प्रमुख है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच दिवसीय इस ट्रेड शो के दौरान हर दिन एक विशेष थीम पर नॉलेज सेशन आयोजित किए जाएं। इनमें $1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक्स, ई-कॉमर्स, एफपीओ, बीमा, नीली क्रांति (मत्स्य सेक्टर), ओडीओपी और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे विषयों पर केंद्रित सत्र शामिल हों। इसके लिए एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, आईआईटी कानपुर और उद्योग जगत की प्रमुख संस्थाओं का सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि केंद्रीय मंत्रियों को भी विशेष सत्रों में आमंत्रित किया जाए। मुख्यमंत्री ने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों को आयोजन से जोड़ने के भी निर्देश दिए।

## जेलेंस्की ने भारत पर अमेरिकी टैरिफ का समर्थन किया।

समाज जागरण

नई दिल्लीः यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की भारत के साथ अपने देश के संबंधों की जड़ों पर प्रहार करते दिख रहे हैं। उन्होंने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर 50% टैरिफ लगाने के डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले का समर्थन किया है। इसके अलावा, यूक्रेन के पाकिस्तान के साथ रक्षा संबंध भी सवालों के घेरे में हैं।




एबीसी न्यूज से बात करते हुए, जेलेंस्की ने मास्को की मदद करने वाले देशों पर टैरिफ लगाने को एक अच्छा विचार बताया। उन्होंने तर्क दिया कि रूसी तेल या गैस खरीदना या व्यापार समझौते करना केवल युद्ध को लम्बा खींचता है। जेलेंस्की ने कहा कि ऐसे देशों पर जुमार्ना लगाना उचित है।

भारत और चीन पर ध्यान केंद्रित जेलेंस्की का यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के लिए चीन दौरे के तुरंत बाद आया है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हल्के-फुल्के पल साझा करते देखे गए। द्विपक्षीय वार्ता के लिए स्थल तक साथ-साथ यात्रा करते हुए मोदी और पुतिन ने 45 मिनट तक चर्चा भी की। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भारत और चीन रूसी तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से हैं, जिन्होंने युद्ध शुरू होने के बाद से मास्को को अनुमानतः 985 बिलियन डॉलर का राजस्व प्रदान किया है।

### चाँदी की चमक और तेज होने वाली है: माँग में भारी उछाल का कारण क्या है?

चाँदी फिर से चर्चा में है – और इसके पीछे एक ठोस कारण भी है। औद्योगिक माँग में तेजी से वृद्धि के साथ, विशेष रूप से तेजी से बढ़ते सौर ऊर्जा क्षेत्र से, और वैश्विक चाँदी की आपूर्ति 2026 तक चरम पर पहुँचने के अनुमान के साथ, यह कीमती धातु आपूर्ति-माँग के बीच एक बड़े असंतुलन का सामना कर रही है। इस वीडियो में, हम चाँदी की इस तेजी को प्रेरित करने वाले संरचनात्मक बदलावों का विश्लेषण करते हैं, जिसमें फोटोवोल्टिक माँग में 176% की वृद्धि से लेकर रूस जैसे केंद्रीय बैंकों की बढ़ती दिलचस्पी तक शामिल है।

# नये धनकड का चुनाव और अंतिम पंक्ति में मोदीजी

मेरे लिए मोदीजी यानि अपने प्रधानमंत्री उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने मोदीजी के लिए नेहरूजी. मोदीजी से दुखी मेरे अनेक



पाठकों ने मुझसे कहा है कि उन्हे वे लेख न भेजे जाएं जिनमें मोदीजी का नाम या तस्वीर हो. लेकिन मेरे लिए ये मुमकिन नहीं है. मोदीजी हर समय प्रासंगिक हैं.

अब कल 9सितंबर को देश के नये उपराष्ट्रपति का चुनाव होना है. पुराने उपराष्ट्रपति माननीय जगदीप धनकड साहब 21अगस्त की शाम अपने पद से इस्तीफा देकर अंतर्ध्यान हो गये. अब चुनाव कराना सरकार की मजबूरी हो गई किंतु धनकड की जगह दूसरा धनकड का चुनाव सरकार के गले की हड्डी (माफ कीजिए फांस बन गया.)विपक्ष ने धनकड पद के लिए सरकारी धनकड के मुकाबले अपना प्रत्याशी उतार दिया. अब मुश्किल ये है कि सरकार को जैसा धनकड चाहिए वैसा धनकड विपक्ष का है नहीं.

सरकार यदि सबको साथ लेकर चलने में सिद्धहस्त होती तो मुमकिन है कि नया धनकड भी निर्विरोध चुन लिया जाता लेकिन सरकार की अकड ने नये धनकड के चुनाव को मुकाबले में बदल दिया. सरकार को विपक्ष के सहयोग की जरुरत धनकड के चुनाव में नहीं है. विपक्ष का सहयोग सरकार केवल आपरेशन सिंदूर के समय लेती है. बाद के दिनों में सरकार को विपक्ष न राज्यसभा में सुहाता है और न लोकसभा में. सरकार को विपक्ष में पाकिस्तान और चीन नजर आता है. ये बात और है कि अब सरकार खुद चीनाश्रित हो गई है.

बात धनकड फोबिया की है. धनकड फोबिया ने सरकार को इतना आतंकित कर दिया है कि अब तक केंद्रीय मंत्रियों तक को छात्रों की तरह खडा टर बात करने के आदी प्रधानमंत्री जी को नये धनकड के चुनाव से पहले पार्टी सांसदों को प्रशिक्षण देने के लिए आयोजित दो दिन के शिविर में सबसे पीछे बैठने पर विवश होना पड रहा है. मजबूरी खास को आम और पिलपिला आम बना देती है. अब मोदीजी सरकार की अंत्योदय योजना का लाभ लेना चाहते हैं.अंत्योदय यानि अंतिम छोर के व्यक्ति का उदय. अब मोदी जी ने वक्त की नजाकत देखकर आखरी छोर पकड लिया है.

मै माननीय मोदी जी का मुरीद हूं. मुरीद कम होते हैं और भक्त कम. अंधभक्त संख्या में भले ज्यादा हों लेकिन एक मुरीद की बराबरी नहीं कर सकते. मोदीजी धधकड चुनाव में थोडे ही हारने या जीतने वाले हैं. ये हार जीत तो सीपीआर यानि मोदी सरकार के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के हिस्से में दर्ज होगी. पितृपक्ष में हो रहे इस चुनाव में कोई व्हिप नहीं, कोई जोर जबर नहीं. आत्मा की आवाज सुनकर मतदान होना है. अब आत्मा कितनों को जगा सकती है, अपनी आवाज सुना सकती है, ये कहना कठिन है. लेकिन यदि पितृपक्ष का लाभ उठाकर ज्यादा मतदाताओं की आत्मा जाग गई तो नया धनकड जस्टिस भी हो सकता है. वैसे मोदीजी को किसी जस्टिस में कोई दिलचस्पी नहीं है. होती तो जस्टिसों की दुनिया से नजदीकी न बढा ली होती. पहले उनकी दिलचस्पी जस्टिसों में थी इसीलिए उन्होने एक पूर्व जस्टिस को राज्यसभा में कुरसी दी. एक को गवर्नर बनाया.

आप जब इस आलेख को पढ रहे होंगे तब नये धनकड के चुनाव के लिए मतदान हो रहा होगा. ये मतदान हमारे केंचुआ के नियंत्रण वाली ईवीएम से नहीं हो रहा. इस चुनाव की मतदाता सूची में एस आई आर का इस्तेमाल नहीं हो पाता, इसलिए केंचुआ असहाय  है, बेचैन है. बेचारा अपने आकाजान की कोई इमदाद नही कर सकता. कितना आत्मग्लानि से भरा होगा केंचुआ इस समय. दया आती है मुझे केंचुआ की इस अवस्था पर.

मेरी तो कामना है, प्रार्थना भी है कि सरकार जिस तरह धनकड चुनाव मतपत्रों के जरिये करा रही है उसी तरह बिहार विधानसभा के चुन भी ईवीएम के स्थान पर मतपत्रों से कराकर विपक्ष का एक हथियार छीन ले. जैसे जीएसटी स्लैब बदला है वैसे ही चुनाव की  प्रणाली भी बदल ले. ईवीएम का कोई दूसरा इस्तेमाल खोज लिया जाएगा.

धनकड चुनाव में हमारी शुभकामनायें आज के राधाकृष्णन सीपी के साथ भी हैं और रेड्डी सुदर्शन के प्रति भी. हमारे लिए तो जो जीता वही सिकंदर होगा. सिकंदर न्यायप्रिय होतो और अच्छा. कठपुतली न हो तो सोने में सुहागा. भाजपा या कांग्रेस का न होकर देश का हो तो कहना ही क्या. अब देखते हैं कि ऊंट किस करवट बैठता है. बेचारा पहाड के नीचे तो पहले ही आ चुका है. इतिमित्थह.

**@ राकेश अचल**

# उपराष्ट्रपति चुनाव 2025

# जीत एनडीए की तय, पर असली जंग विपक्ष की एकजुटता तोड़ने की

**अजय कुमार,**
**वरिष्ठ पत्रकार**



भारतीय राजनीति में उपराष्ट्रपति चुनाव हमेशा औपचारिकता भर लगते हैं, क्योंकि सत्तारूढ़ पक्ष आम तौर पर आंकड़ों के बल पर बाजी मार लेता है। लेकिन इस बार 9 सितंबर 2025 को होने जा रहा चुनाव महज जीत-हार तक सीमित नहीं है। असली लड़ाई जीत के अंतर को बढ़ाने और विपक्ष की एकजुटता को कमजोर करने की है। यही कारण है कि सत्ता और विपक्ष, दोनों खेमों ने अपनी-अपनी रणनीतियों को आक्रामक बनाया है। एनडीए की ओर से सीपी राधाकृष्णन उम्मीदवार हैं और उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी. सुदर्शन रेड्डी को मैदान में उतारा है और चुनाव को वैचारिक रंग देने की कोशिश की जा रही है। लेकिन पूरे माहौल में सबसे ज्यादा चर्चा समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच हुई फोन कॉल को लेकर है, जिसने क्रॉस वोटिंग की संभावनाओं पर नई बहस छेड़ दी है। 6 सितंबर को राजीव राय का जन्मदिन था। इस मौके पर अमित शाह ने उन्हें फोन कर बधाई दी। यह कॉल सतह पर तो शिष्टाचार लग रही थी, लेकिन इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही राजनीतिक हलकों में सवाल उठने लगे। वीडियो में राजीव राय हल्के-फुल्के अंदाज में अपनी उम्र को लेकर मजाक करते नजर आए, जिसे यूपी-बिहार की राजनीति में नेताओं की उम्र पर चलने वाली चुटकियों से जोड़कर देखा गया। पर असली महत्व इस कॉल की टाइमिंग और संदर्भ का था। उपराष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले हुई इस बातचीत ने विपक्षी खेमे की बेचैनी बढ़ा दी। राय ने सफाई दी कि यह रिकॉर्डिंग उनके किसी कार्यकर्ता ने की और अनजाने में व्हाट्सएप ग्रुप पर डाल दी। बावजूद इस्के, यह सवाल बना रहा कि क्या अमित शाह का यह कदम केवल शिष्टाचार था या फिर किसी गहरी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा।

राजीव राय का राजनीतिक सफर भी इस बहस को और दिलचस्प बनाता है। 2024 लोकसभा चुनाव में उन्होंने घोसी सीट से एनडीए प्रत्याशी अरविंद राजभर को हराया और सपा के लिए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। उन्हें अखिलेश यादव का करीबी और रणनीतिकार माना जाता है। दिलचस्प यह भी है कि उनकी जीत में बीजेपी के परंपरागत वोटरों का योगदान माना गया था। ऐसे में सत्ता पक्ष से तालमेल बनाए रखना उनके लिए व्यावहारिक राजनीति हो सकती है। यही कारण है कि यूपी-बिहार के राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि सपा के कुछ सांसद उपराष्ट्रपति चुनाव में एनडीए के पक्ष में वोट डाल सकते हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि सपा के 3 से 5 सांसद क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं, खासकर वे जिनके क्षेत्र में बीजेपी का प्रभाव मजबूत है उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 781 सांसदों को वोट डालना है, लेकिन 6 सीटें खाली हैं, इसलिए निर्वाचक मंडल में 775 वोट होंगे। जीत के लिए 388 वोट की जरूरत है। एनडीए के पास पहले से ही 439 वोटों का मजबूत आधार है। इसमें बीजेपी के 240 लोकसभा और 95 राज्यसभा सांसदों के अलावा जेडीयू के 12, टीडीपी के 16, शिवसेना के 7 और अन्य सहयोगियों के वोट शामिल हैं। यानी राधाकृष्णन की जीत तय है। इसके विपरीत इंडिया गठबंधन के पास 324 वोट का अनुमान है। इसमें कांग्रेस के 99 लोकसभा और 26 राज्यसभा सांसद, सपा के 37, टीएमसी के 29, डीएमके के 22 और आम आदमी पार्टी के 10 सांसद शामिल हैं। हालांकि 18 सांसद ऐसे हैं, जिनका रुख अब तक साफ नहीं है। इनमें बीजेडी के 7, बीआरएस के 4, अकाली दल का 1, जेडपीएम का 1, वीओटीटीपी का 1 और 3 निर्दलीय सांसद शामिल हैं।

चुनाव गुप्त मतदान और एकल हस्तांतरणीय वोट प्रणाली से होता है। इसमें सांसदों को प्राथमिकता अंकित करनी होती है और गलत वोटिंग से मतपत्र रद्द हो सकता है। यही कारण है कि क्रॉस वोटिंग की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। इस बार भी यही स्थिति है। बीजेपी ने अपने सांसदों के लिए प्रशिक्षण सत्र कराए हैं ताकि कोई वोट अमान्य न हो और 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके। एनडीए की रणनीति साफ है सिर्फ जीतना नहीं बल्कि भारी अंतर से जीतकर विपक्ष को यह संदेश देना कि उसकी एकजुटता महज कागजी है।एनडीए के वरिष्ठ नेता विपक्षी सांसदों और निर्दलीयों से सीधे संपर्क साध रहे हैं। अमित शाह और राजनाथ सिंह व्यक्तिगत तौर पर कई सांसदों से बातचीत कर चुके हैं। वाईएसआरसीपी, जिसके पास 11 सांसद हैं, पहले ही संकेत दे चुकी है कि वह विपक्ष का साथ नहीं देगी। 2022 के उपराष्ट्रपति चुनाव में भी वाईएसआरसीपी ने एनडीए के पक्ष में मतदान किया था। बीजेडी भी अतीत में एनडीए को समर्थन देती रही है और इस बार भी संभावना इसी की है। बीआरएस के 4 सांसद और कुछ निर्दलीय भी एनडीए के खेमे में जा सकते हैं। इन हालात में विपक्ष की मुश्किलें और बढ़ती दिख रही हैं।


दूसरी ओर इंडिया गठबंधन इस चुनाव को वैचारिक लड़ाई के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। उनका कहना है कि यह संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का सवाल है। उन्होंने बी. सुदर्शन रेड्डी को इस रूप में पेश किया है कि वे संविधान की आत्मा की रक्षा करेंगे। कांग्रेस ने अपने सांसदों को एकजुट रखने के लिए रणनीतिक बैठकें और मॉक पोल कराए हैं। हर 15 सांसदों पर एक समन्वयक नियुक्त किया गया है। लेकिन गठबंधन की एकजुटता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का डिनर कार्यक्रम बाढ़ की वजह से रद्द हो गया, जिससे असंतोष की खबरें आईं। राहुल गांधी विदेश दौरे पर हैं, जिससे विपक्षी खेमे का मनोबल प्रभावित हुआ है।कांग्रेस के कुछ सांसदों पर भी क्रॉस वोटिंग की आशंका जताई जा रही है, खासकर मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में जहां बीजेपी का दबदबा है। हालांकि 2022 में कांग्रेस के सांसदों ने ऐसा नहीं किया था और विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को एकजुट होकर वोट दिया था। लेकिन इस बार माहौल अलग है। समाजवादी पार्टी पर नजरें सबसे ज्यादा हैं, क्योंकि उसके कुछ सांसदों के क्रॉस वोटिंग करने की चर्चा जोरों पर है। राजीव राय जैसे नेता, जिनका व्यवसाय भी फैला हुआ है, सत्ता पक्ष से संबंध बनाए रखना चाहेंगे।

क्रॉस वोटिंग भारतीय संसदीय राजनीति में नई बात नहीं है। 2017 में वेंकैया नायडू को 516 वोट मिले थे, जबकि एनडीए की आधिकारिक संख्या इससे कम थी। 2022 में जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले थे, जो एनडीए की ताकत से कहीं ज्यादा था। इसमें बीजेडी, वाईएसआरसीपी और बीआरएस की भूमिका रही। लोकसभा स्पीकर चुनाव 2019 में भी ओम बिरला को ऐसे ही अतिरिक्त वोट मिले थे। ये सभी उदाहरण बताते हैं कि गुप्त मतदान में व्यक्तिगत समीकरण और सत्ता पक्ष की लॉबिंग अहम होती है।अमित शाह का राजीव राय को फोन कॉल इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। सत्ता पक्ष ने यह साफ कर दिया है कि वह विपक्षी सांसदों से भी व्यक्तिगत संपर्क साधने से पीछे नहीं हटेगा। भले ही जीत पहले से तय हो, लेकिन इस जीत का अंतर विपक्ष की साख को कमजोर करेगा। अगर सपा या अन्य विपक्षी दलों से क्रॉस वोटिंग होती है, तो इंडिया गठबंधन की संगठनात्मक कमजोरी उजागर होगी। बीजेपी इसे अपनी रणनीतिक क्षमता और विपक्ष को तोड़ने की ताकत के रूप में प्रचारित करेगी।

यह उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 का असली संदेश भी है। आंकड़ों की बाजीगरी से परे यह चुनाव सत्ता और विपक्ष की ताकत, संगठन और रणनीति की परीक्षा है। एनडीए भारी बहुमत से जीतकर यह दिखाना चाहता है कि विपक्ष की एकजुटता खोखली है। वहीं, विपक्ष इस चुनाव को वैचारिक रंग देकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराना चाहता है। लेकिन अब तक के हालात बताते हैं कि विपक्ष न सिर्फ हार की तरफ बढ़ रहा है, बल्कि उसकी एकजुटता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।अमित शाह और राजीव राय की बातचीत छोटी सी घटना लग सकती है, पर इसके पीछे छिपा संदेश गहरा है। सत्ता पक्ष यह जता रहा है कि वह विपक्ष की दीवार में सेंध लगाने से पीछे नहीं हटेगा। इंडिया गठबंधन के लिए यह चुनाव सिर्फ हार नहीं, बल्कि चेतावनी भी साबित हो सकता है कि अगर उसने अपनी रणनीति और नेतृत्व को मजबूत नहीं किया तो भविष्य में भी इसी तरह की चुनौतियों से जूझना पड़ेगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष ।

**_भोलानाथ मिश्र, पत्रकार**




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ  का 2 अक्टूबर , 2025 विजयादशमी के दिन से शताब्दी वर्ष शुरू हो जाएगा

पंच परिवर्तन के संकल्प के साथ पूरे भारत में जन जन तक पहुंच कर स्वयंसेवक संघ की उपलब्धियों को बताएंगे ।

सामाजिक समरसता , कुटुंब प्रबोधन , पर्यावरण संरक्षण , स्वदेशी स्वाभिमान स्वावलंबन और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता लाने के लिए क्रियान्वयन समितियों का गठन किया गया है । सभी समितियों के अलग अलग पालक बनाए गए है ।

पानी बचाओ , पेड़ लगाओ और प्लास्टिक हटाओ अभियान भी इससे जुड़ा हुआ है । विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक सर संघ चालक पूज्यनीय डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने प्रखर राष्ट्रवाद की बुनियाद रखी तो 1940 में द्वितीय सर संघ चालक पूज्य माधव सदा शिवराव गोलवलकर उपाख्य' गुरु जी ' ने सामाजिक आयामों का विस्तार कर संघ का दर्शन प्रस्तुत किया । 1973 में तृतीय सर संघ चालक पूज्य मधुकर दत्तात्रेय बाला  साहब देवरस ने सामाजिक समरसता को रेखांकित किया । चतुर्थ सर संघ चालक पूज्य प्रो. राजेंद्र सिंह उपाख्य रज्जू भईया ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन का दृष्टिकोण रखा । पंचम सर संघ चालक सुदर्शन जी ने स्वदेशी स्वाभिमान स्वावलंबन पर बल देते हुए पूर्वोत्तर की समस्याओं पर ध्यान दिया । वर्तमान सर संघ चालक डॉ मोहन राव भागवत ने पंच परिवर्तन की लेकर जन जन तक को संघ से जोड़ने तथा पूरे भारत को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए शताब्दी वर्ष अभियान की रूप रेखा प्रस्तुत की है । संघ वैचारिक सिद्धांत निष्ठ संगठन है ।

अपनी शताब्दी वर्ष तक पहुंचने के लिए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। संघ की स्थापना 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी और तब से यह संगठन निरंतर वृद्धि और विस्तार की ओर अग्रसर है। संघ का मुख्य उद्देश्य समाज में नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करना, प्रत्येक व्यक्ति में अनुशासन और समर्पण विकसित करना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में एक व्यापक घर-घर संपर्क अभियान चलाया है, जिसमें प्रत्येक गांव और बस्ती के अधिकतम घरों तक स्वयंसेवक पहुंचकर संपर्क करेंगे - शाखाओं का विस्तारः संगठन ने पिछले एक वर्ष में 10,000 से अधिक नई शाखाओं का प्रारंभ करके अपनी जड़ों को और गहरा किया है ।सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान और पंच परिवर्तन में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी का संदेश दिया जाए । खंड/नगर स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें एक साथ मिलकर रहने पर बल दिया जाएगा ।संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में ह्यपंच परिवर्तनह्ण का संकल्प लिया है, जिसका उद्देश्य समाज में एकता और सद्भाव स्थापित करना और राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान सुनिश्चित करना है ।पर्यावरण संरक्षण , स्वदेशी स्वाभिमान और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता के लिए जन जन तक संघ की टीम जाएगी । संघ का उद्देश्य देश को विश्वगुरु बनाने में योगदान देना है । संघ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान और उसके बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है ।संघ का कार्य व्यक्तिगत समर्पण, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से समाज को संगठित करना है।

आज संघ अपने शताब्दी वर्ष में एक नए युग की शुरूआत का संकेत दे रहा है, जिसमें संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। संघ का उद्देश्य इस उपलब्धि का उत्सव मनाना नहीं है, बल्कि आत्मचिंतन करना, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना और राष्ट्र के लिए तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है।

## "ट्रंप नाम की राजनीति"

डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति को अगर एक शब्द में समझाना हो तो उसे कहा जा सकता है — "रियलिटी शो पॉलिटिक्स"।

उनका हर भाषण ऐसा लगता है जैसे प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं, बल्कि कोई टीवी शो हो जिसमें ड्रामा, ट्वीस्ट और ताली सब कुछ हो। फर्क इतना है कि शो में दर्शक हंसते हैं, लेकिन ट्रंप को सुनकर कई बार दुनिया घबरा भी जाती है।

वो कहते हैं — "मैं अमेरिका को फिर से महान बनाऊंगा"।

लेकिन जनता सोचती है — "अरे भाई! पहले अपने ट्वीट्स को महान बना लो, जो हर सुबह अलार्म की तरह गूंजते रहते हैं।"

उनकी नीतियाँ इतनी उलझी हुई होती हैं कि लगता है मानो किसी ने बच्चों के खिलौनों वाली गाड़ी चला दी हो।

कभी अचानक दीवार बनाने लगते हैं, तो कभी किसी देश को धमकी ट्वीट कर डालते हैं।

अब राजनीति कोई व्हाट्सएप ग्रुप तो है नहीं कि जब चाहे गुस्से में "लीव ग्रुप" कर लिया!

ट्रंप की खासियत है सवाल से बचना। अगर उनसे पूछा जाए — "जलवायु परिवर्तन पर आपका क्या विचार है?"

तो उनका जवाब कुछ ऐसा होगा — "वैसे मेरे बाल असली हैं।"

यानी मुद्दा चाहे कुछ भी हो, ट्रंप उसे अपने अहंकार और पर्सनल शो में बदल देते हैं।

(संजीव की कलम से)

## साहित्य जीवन की आलोचना, साहित्य से परिष्कृत जीवन आचरण।

मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को "जीवन की आलोचना" भी कहा है। साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसका रचयिता भी ठीक से नहीं घोषित कर सकता कि उसके द्वारा सृजित साहित्य की अनुगूंज कब और कहां और कितनी दूर तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की दूरदर्शी नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है।साहित्य सत्य की साधना शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना है' शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस में संचारित करता आ रहा है और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती है' राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है जिसकी रचनाएं सभी जगह एक और समान है' यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है।  प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य में भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला  सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

## कुल 160 शिकायतें दर्ज, 08 का किया गया निस्तारण




**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 08 सितंबर 2025 उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आज जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 160 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जिलाधिकारी मेधा रूपम के निदेर्शानुसार जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान 72 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 03 शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी भू/अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। यहां 85 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें 03 शिकायतें दर्ज की गईं।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को 10 से 25 सितंबर 2025 तक किया जाएगा निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 08 सितंबर, 2025 जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अभिनव सिंह ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को बताया कि माह सितम्बर, 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न तथा अंत्योदय कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत 10 से 25 सितंबर 2025 के मध्य त्रैमास जुलाई से सितंबर 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण सशुल्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रातः 08.00 बजे से 12:00 तक एवं दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक खाद्यान्न वितरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न गेहूं, चावल का वितरण निःशुल्क किया जाएगा, जिसमें अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल विक्रेता द्वारा निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अंत्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास जुलाई, अगस्त एवं सितंबर 2025 के सापेक्ष 3 किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से 54 रुपए में वितरण की जाएगी। साथ ही बताया कि अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी के संबंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा मान्य नहीं होगी, लाभार्थी अपने मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों/राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा उचित दर दुकान पर उपलब्ध खाद्यान्न आदि का भौतिक सत्यापन करने के उपरांत अपनी उपस्थिति में दुकान पर खाद्यान्न आदि का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को गेहूं, चावल वितरण की अंतिम तिथि 25.09.2025 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण संपन्न किया जा सकेगा एवं विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा तथा संबंधित उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारक को उक्त पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए की कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्ति से वंचित न रहे।

उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की सूची में सम्मिलित समस्त उपभोक्ताओं को बताया कि वह सम्बन्धित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें। यदि उन्हें आवश्यक वस्तुए प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न हो तो, उसके निराकरण हेतु अपनी तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक से अथवा क्रियाशील कॉल सेंटर एवं टोल फ्री नम्बर-1967 एवं 1800-1800-150 पर समस्या दर्ज करा सकते है।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# भाजपा नोएडा महानगर में हुई सेवा पखवाड़े की शुरूआत

**समाज जागरण**



आज नोएडा सेक्टर ११६ जिला कार्यालय पर भाजपा नोएडा द्वारा आगामी सेवा पखवाड़ा की शुरूआत की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी रहे। उनके साथ नोएडा विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, गौतमबुद्ध नगर जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा रहे।

सबसे पहले माननीय प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में पत्रकार बंधुओं से इस सेवा पखवाड़ा पर चर्चा करी साथ ही कई अनेक विषयों पर भी चर्चा करी।

कार्यक्रम में माननीय प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़े की शुरूआत होगी। ये सेवा पखवाड़ा १७ सितंबर से २ अक्टूबर महात्मा गांधी जी की जयंती तक चलेगा। इस सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान, रक्त दान शिवर,

फल वितरण, प्रधानमंत्री जी के जीवन पर प्रदर्शनी, प्रबुद्ध सम्मेलन, नमो मैराथन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन पर संगोष्ठी, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, सांसद खेल कूद प्रतियोगिता आदि अन्य कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई है।

विधायक पंकज सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरूआत होगी। भाजपा एक राजनीतिक दल के रूप में राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती है, साथ ही भाजपा का दूसरा पहलू हमेशा से जनसेवा का भी है। पार्टी के कार्यकर्ता जनसेवा और रचनात्मक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। मजबूत भारत के लिए मजबूत भाजपा का होना आवश्यक है। भाजपा की मजबूती ही भारत की मजबूती है।

महानगर अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों को सम्मान और राष्ट्र को विकसित बनाने के संकल्प के साथ काम करती है। हमारे सभी कार्यकर्ता अपने दायित्व का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे और सभी सेवा कार्यों को पूर्ण करेंगे।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, मनोज गुप्ता, नवाब सिंह नागर, बिमला बाथम, विजेंद्र नागर, योगेंद्र चौधरी, विनोद त्यागी, चंदगीराम यादव, गणेश जाटव, उमेश त्यागी, डिंपल आनंद, गिरीश कोटनाला, तन्मय शंकर, विनोद शर्मा, युद्धवीर चौहान, पूनम सिंह, ओमवीर अवाना, अमरीश त्यागी, रवि यादव, मनोज चौहान, प्रमोद बहल, मधु मेहरा, अशोक मिश्रा, मनीष शर्मा, हर्ष चतुर्वेदी, गौतम शर्मा, प्रदीप चौहान, नीरज चौधरी, कल्लू सिंह, मनीष तिवारी, राहुल शर्मा, शशिधर उपाध्याय, राम किशन यादव, धर्मेंद्र गुप्ता, चमन अवाना, शिवांश श्रीवास्तव, भूपेश चौधरी, एस पी चमोली, अमित त्यागी, अतुल त्यागी, शारदा चतुर्वेदी, महेश अवाना, भगत भाटी, राजीव, धर्मेंद्र, महेश, सुरेश, आलोक, कमल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पहले की सरकारों में नियुक्ति के लिए देनी पड़ती थी रिश्वत, अब ये गुजरे जमाने की बात

**- नवचयनितों ने निष्पक्ष ढंग से मिली नियुक्ति के अनुभव किए साझा**

**- बोले- शुचिता व पारदर्शिता से मिली नौकरी, ईमानदारी से करेंगे जनसेवा**

**- योगी सरकार युवाओं के प्रति है समर्पित, आज का कार्यक्रम इसका प्रत्यक्ष प्रमाण**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 8 सितंबरः योगी सरकार के मिशन रोजगार के तहत उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग में चयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र दिया गया। इनमें से कई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में नियुक्ति पत्र दिया। नवचयनितों ने एक सुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सीएम योगी के प्रयासों से हम युवाओं को कड़ी मेहनत का फल प्राप्त हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए उनका आभार जताया। अभ्यर्थियों ने निष्पक्ष व शुचितापूर्ण हुई भर्ती प्रक्रिया का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमें बिना भेदभाव, बिना कोई पैसे दिए और बिना किसी सिफारिश के सिर्फ योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है।

**योगी सरकार की भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शी नीति से युवाओं को मिल रही सरकारी नौकरी**

उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त हुईं



सीतापुर की पंखुड़ी गुप्ता मानती हैं कि ये सरकार की बहुत बड़ी सफलता है। आज युवा कड़ी मेहनत के दम पर पारदर्शी तरीके से चयनित होकर सरकारी नौकरी पा रहे हैं। इस वजह से मुझे भी सरकारी नौकरी मिल पाई है। मैं मुख्यमंत्री जी को दिल से धन्यवाद देती हूं।

**युवाओं के उज्जवल भविष्य के प्रति संकल्पित हैं मुख्यमंत्रीः वैभव**

कनिष्ठ सहायक सीतापुर के वैभव



मिश्रा ने अपने भाव साझा करते हुए कहा कि सरकार युवाओं के प्रति समर्पित है। आज का कार्यक्रम इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने मुख्यमंत्री से नियुक्ति पत्र मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि योगी सरकार तेज रफ्तार से युवाओं को नियुक्ति दे रही है। मुख्यमंत्री जी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के प्रति कृत संकल्पित हैं। रिकॉर्ड युवाओं की निष्पक्ष नियुक्तियां इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं।

**अब सिर्फ काबिलियत के दम पर मिलती है नियुक्ति**

श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि पहले की सरकारों में नियुक्ति के लिए रिश्वत



देनी पड़ती थी, लेकिन आज नियुक्ति सिर्फ काबिलियत के दम पर मिलती है। सरकारी नौकरी के लिए रिश्वत गुजरे जमाने की बात हो गई। मुख्यमंत्री जी ने पारदर्शी प्रक्रिया से नियुक्ति देकर उत्तम प्रदेश का नया मार्ग बनाया है। इस नौकरी के लिए सिफारिश या एक रुपये रिश्वत भी नहीं देनी पड़ी। इसके लिए मुख्यमंत्री जी का दिल से आभार व्यक्त करती हूं।

**योगी सरकार नौकरी देने से लेकर सुरक्षा देने में हैं संवेदनशील**

अयोध्या के आदित्य पाठक ने कहा



कि मुख्यमंत्री जी की वजह से हम सभी निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन पा रहे हैं। सरकार सुरक्षा से लेकर रोजगार देने तक संवेदनशील है। आठ वर्ष में महिलाओं को भी बड़ी तादाद में नियुक्तियां दी गई हैं। सीएम योगी के नेतृत्व में महिलाएं खुद को सुरक्षित और मजबूत महसूस कर रहीं है। योगी जी हमारे लिए नंबर 1 हैं।

**हिंदी कीवर्ड्स**

मिशन रोजगार, पारदर्शी भर्ती, युवाओं को रोजगार, योगी सरकार उपलब्धियां, बिना रिश्वत नौकरी, निष्पक्ष नियुक्ति

# लालकिला मैदान पर फिल्मी सितारों से सजेगी भव्य लव कुश रामलीला

**समाज जागरण**




विश्व प्रसिद्ध लव कुश रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता कान्सीट्यूशन क्लब, रफी मार्ग नई दिल्ली में आयोजित की गयी। इस अवसर पर प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए लीला कमेटी के प्रेसीडेन्ट श्री अर्जुन कुमार ने बताया कि इस वर्ष रामलीला मंचन 22 सितम्बर से 03 अक्तूबर 2025 तक होगा एवं दशहरा पर्व 02 अक्तूबर 2025 को पूरे विश्व में धूम-धाम से मनाया जायेगा।

श्री अर्जुन कुमार ने मीडिया के सवालों का जबाव देते हुए कहा कि इस वर्ष की रामलीला कई मायनों में ऐतिहासिक, अद्भुत और भव्य होगी। देश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को मंच पर जीवंत करने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, संस्कार ओर परम्पराओं का संगम मंच पर देखने को मिलेगा। इस बार बालिवुड के 15 नामचीन स्टार्स के साथ-साथ टीवी ओर रंगमंच 140 कलाकार विभिन्न किरदारों में नजर आयेंगे।

श्री अर्जुन कुमार ने यह भी बताया कि इस बार रामलीला मंचन बहुत दिव्य होगा । मंच पर मौजदू रामलीला में श्री राम, सीता जी और हनुमान जी का किरदार निभा रहें मुंबई नामचीन फिल्मस्टार किंशुक वैध, रिनी आर्या ओर मल्हार पांड्या का परिचय कराया। किंयुक वैध ने अनेकों फिल्मों एवं टीवी सीरियल में अभिनय किया है कर्ण संगिनी में अर्जुन, शाका लाका बूम-बूम संजू, विष्णु पुराण में प्रहलाद में प्रखुम भूमिका निभाई। फिल्म एक्ट्रर्स, एंकर, माडल रिनी आर्या ने प्रसिद्ध टीवी सीरियल सुवरीन मुग्गल टापर आफ द इयर, कुल्फी कुमार बाजेवाला, पौराणिक धार्मिक सीरियल विघ्नहर्ता गणेश में माता लक्ष्मी जी की अहम भूमिका निभाई है। भारतीय टीवी अभिनेता मल्हार पांड्या पौराणिक एवं ऐतिहासिक भूमिका के लिए जाने जाते है टीवी सीरियल राधाकृष्ण में कृष्ण, वीर हनुमान में सूर्य देव सहित टीवी ओटी 'प्लेट फार्म पर दिखाये जा रहे अनेको सीरियलर्स में प्रखुख निभा रहे है।

लव कुश रामलीला कमेटी के महासचिव श्री सुभाष गोयल ने प्रेस वार्ता में मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा इस वर्ष लीला कमेटी का पूरा ध्यान लीला मंचन को अति आधुनिक नई तकनीक, ए-आई, डिजिटल, हाईटेक, 3डी मेपिंग, विजुअल इफेक्ट, 8 ट्रेक साउथ सिस्टम 2के माध्यम प्रस्तुत किया जायेगा। विभिन्न टीवी चैनल, यू-ट्यूब के 150 से अधिक चैनलों के माध्यम से इस बार देश विदेश के 25 करोड़ से ज्यादा दर्शक रामलीला लाईव मंचन देखेंगे। श्री सुभाष गोयल ने बताया कि इस बार फिल्म स्टार्स के कास्टयूम बहुत ही सुन्दर एवं भव्य तैयार किए जा रहें। रामभक्तों के लिए पंडाल को तैयार करने के लिए कलकता, मथुरा, वृदांवन, उज्जैन आदि के कारीगरों द्वारा महीनों की कड़ी मेहनत से बनाया जा रहा है। पंडाल की भव्यता, सुन्दरता की अनुभूति के साथ सभी राम भक्त रामलीला का आनन्द ले सकें, साथ ही साथ फूडकोर्ट में पुरानी दिल्ली की चाट पकौड़ी के अलावा, मथुरा, आगरा, बनारस, इंदौर, जयपुर, चेन्नई, गुजरात आदि के चट-पट्टे जायके, आकर्षक झूले भी उपलब्ध रहेंगे।

फिल्म अभिनेता किंशुक वैध ने कहा कि मैंने अनेको फिल्मों एवं टीवी सीरियल में काम किया है, लेकिन दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिला मैदान की विश्व विख्यात लव कुश रामलीला में प्रभु श्रीराम का किरदार करना मेरा सौभाग्य है। रिनी आर्या के अनुसार लालकिला मैदान दिल्ली में माता सीता का रोल करूंगी यह मेरे लिए बहुत चलेंजिंग है। इसके लिए मैं अभी से रिहर्सल कर रही हूँ। मल्हार पांड्या ने बताया कि मैं हनुमान जी का अट्ठ भक्त हूँ यह मेरे लिए गौरव की बात है कि लव कुश रामलीला में बलशाली पवन पुत्र हनुमान का किरदार लाखों दर्शकों के सामने लाईव करूंगा ।

कमेटी के चैयरमेन श्री पवन गुप्ता एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सत्यभूषन जैन ने भी प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भव्य मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है, दिव्यांगों को सामान वितरण किया जायेगा। महिलाओं के सम्मान की कड़ी में साड़ी वितरण, स्कूली बच्चों को स्कूल बेग, स्टेशनरी आदि वितरित की जायेगी तथा इस अवसर पर विशाल भण्डारा भी लगाया जायेगा। लीला स्थल लालकिला मैदान पर रामलीला से पूर्व विश्व विख्यात भजन गायक श्री कन्हैया मित्तल द्वारा खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति का कार्यकम सम्पन्न होगा।

# जिला गौतमबुद्धनगर नगर में प्राधिकरणों के द्वारा प्राइवेट बिल्डरों को बेची गयी गौचर भूमि अवैध वेद नागर।

**- प्राधिकरण के द्वारा अधिग्रहण गाँवों की गौचर पशुचर भुमी पर लोगों को रखनी चाहिये बेसहारा गाय प्राधिकरणों के पास गौचर जमीन बेचने का नही है कोई अधिकार वेद नागर।**

**- इस फर्जी गौचर भूमी प्रकरण मे दर्जनों अधिकारियों व नेता जायेगे जेल जल्द करेंगे खुलासा वेद नागर।**

**- मुख्यमंत्री योगी जी से मिलने का समय मांगा है जल्द होगी मुलाकात लगभग दस हजार करोड़ के गौचर भूमी घोटाले से करायेंगे अवगत पुरे हैं सबूत वेद नागर।**



आज गौ रक्षा हिन्दू दल ने ज़िलाधिकारी के नाम प्रधान मंत्री के नाम एडीएम बहरहाल सिंह को ज्ञापन देकर गौचर भूमी पर रोजाना हो रहे भूमाफि याओ द्वारा कब्जा व प्राइवेट अधिग्रहण के चलते खाली पड़ी गौचर,पशुचर भूमी पर तत्काल प्रभाव से कब्जा लेकर अधिग्रहण निरस्त कर बेसहारा गायों के संरक्षण हेतु विषय को लेकर माँग की वेद नागर ने बताया प्राधिकरण ने जितनी भी गौचर भुमी प्राइवेट बिल्डरों को दी है पुरा अधिग्रहण अवैध है इनके पास कोई अधिकार नही है योगी सरकार को पुरे गौचर प्रकरण की जाँच करनी चाहिये प्राधिकरण के अधिकारियों ने मिलकर किया है दस हजार करोड़ से ज्यादा का घोटाला वेद नागर ने बताया मुख्यमंत्री योगी जी से मिलने का समय मांगा है जल्द मिलकर करेंगे प्राधिकरण के गौचर भूमी घोटाले का पर्दाफाश वेद नागर ने कहा प्राधिकरण की मिलीभगत से ही गायों की हत्या रोड़ों पर हो रही है प्राधिकरण नही चहाता गायों का सम्मान हो सनातन का सम्मान हो वेद नागर ने बताया मुख्यमंत्री योगी जी से मिलकर करुगा पदार्फाश कोर्ट के द्वारा गौचर जमीन का अधिग्रहण निरस्त होने के बाद भी प्राधिकरण ने सो करोड से ज्यादा की जमीन का दिया मुआवजा वेद नागर ने कहा मुझे पता है आजतक जिसने भी गौचर भूमी का विरोध किया या तो उसको बदमाशो। से धमकी दी गयी है या उस व्यक्ति के ऊपर गोली चलवाई है या उसकी हत्या करवाने का हर संभव प्रयास किया है ओर मुझे भी पता है गौचर भूमी की आवाज उठाने पर ये पैसे वाले भूमाफि या व प्राधिकरण के भ्रष्ट अधिकारी कभी भी मेरी हत्या करवा सकते हैं लेकिन मेरे साथ कुछ भी हो गौचर भूमी खाली होनी चाहिये। साथ मे गौ रक्षा दल के एडवोकेट विरेंद्र नागर अंकुर कुमार दडीस्वानी नागेंद्र आश्रम जी महाराज विजय कुमार कल्याण नागर आदि लोग मौजूद करे।

# एक गौरवपूर्ण पड़ाव हल्दीराम स्किल एकेडमी में

**समाज जागरण**

नोएडा ।हल्दीराम स्किल अकादमी का दीक्षांत समारोह 2025, मल्टी कुजीन, फैशन टेक्नोलॉजी और ब्यूटी एंड वेलनेस के विद्यार्थियों के लिए ज्ञानश्री स्किल कैंपस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले मुख्य अतिथि अमोद कांत (पूर्व IPS अधिकारी, संस्थापक निदेशक - प्रयास JAC), मनोज सिन्हा (अतिरिक्त निदेशक - प्रयास कार्यकारी समिति सदस्य




,सुश्री प्रीति अग्रवाल (निदेशक हैल्दीराम), प्रदीप श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त DGP, चंडीगढ़), सुश्री रीता कपूर (निदेशक - हैल्दीराम एजुकेशनल सोसाइटी एवं CSR),सुश्री प्रियंका भाटकोटी (प्रधानाचार्य - ज्ञान श्री स्कूल),मेकअप आर्टिस्ट - सुश्री निकिता कौर, सुश्री जैस्मिन टूटेजा, सहयोगी NGO, साझेदार नियोक्ता और विद्यार्थियों के परिजन।

समारोह का शुभारंभ स्वागत भाषण और सम्मान से हुआ । जिसके बाद परंपरागत दीप प्रज्वलन किया गया और भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया गया।

विद्यार्थियों को उनके प्रमाणपत्र प्रदान किए गए - यह उनके परिश्रम और सीख का सम्मान था । जिससे उनके शौक को एक पेशेवर कौशल का रूप मिला।

यह दिन रहा गौरव और संभावनाओं, उल्लास और उपलब्धियों का झ मल्टी कुजीन कुक, फैशन टेक्नोलॉजी और ब्यूटी & वेलनेस के छात्रों के लिए।

सुश्री रीता कपूर ने श्रोताओं के साथ ल्तरअ की यात्रा साझा की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने सपनों को दृढ़ संकल्प के साथ पूरा करें, कौशल का सार्थक उपयोग करें और समाज में बदलाव लाने वाले बनें।

अकादमी की शुरूआत अप्रैल 2023 में हुई थी। अब तक 462 छात्रों ने अपने कोर्स पूरे किए हैं और 100% जॉब प्लेसमेंट विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में प्राप्त किए हैं।

मुख्य अतिथि ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और अपने अनुभवों से उन्हें प्रेरित किया बड़े सपने देखने, दृढ़ निश्चय बनाए रखने और कौशल के माध्यम से समाज में प्रभाव डालने के लिए।

प्रदीप श्रीवास्तव ने कौशल प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया और अपने अनुभवजन्य प्रसंगों से विद्यार्थियों को ईमानदारी और मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

सुश्री प्रीति अग्रवाल ने छात्रों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें आत्मविश्वास, साहस और मूल्यों के साथ आगे बढ़ने को कहा।भविष्य आपका है इसे आप ही रचेंगे!

अंत में छात्रों ने आभार प्रदर्शन किया पूर्ण गरिमा और कृतज्ञता के साथ। उन्होंने आयोजकों, मार्गदर्शकों, गणमान्य अतिथियों, अपने शिक्षकों और परिवार का धन्यवाद दिया,जो उनके पथप्रदर्शक बने।यह रहा सीख, विनम्रता और उपलब्धि का सच्चा प्रतिबिंब।

# दो दिवसीय फोटो एग्ज़िबिशन एवं प्रतियोगिता का सफल समापन

**समाज जागरण**



नई दिल्ली, 7 सितंबर 2025

मीडिया फोटो जर्नलिस्ट ट्रस्ट ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के सहयोग से दो दिवसीय फोटो एग्ज़िबिशन एवं प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया, जिसका सफल समापन आज हुआ। इस आयोजन में राष्ट्रीय मीडिया के 25 प्रख्यात फोटो जर्नलिस्टों ने भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट कृतियों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन एवं शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे विशिष्ट गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। इनमें प्रमुख रूप से झ

- आकाश कुमार (संस्थापक, बीइंग हार्ट फाउंडेशन)
- मनोज जैन (निगम पार्षद)
- विपिन गोयल (बीजेपी सदस्य)
- डॉ. संजय सोलंकी (सर गंगा राम अस्पताल)
- निशी सिंह (संस्थापक, नाद फाउंडेशन)
- नित्यानंद तिवारी (सिंगर,)
- शैलेश गिरी (फिल्म पी .आर. ओ)
- परमजीत सिंह पम्मा
- नीरज ठाकुर (सेक्रेटरी जनरल)
- अभय सोपोरी (प्रसिद्ध संतूर वादक)
- रागिनी रेनू (सूफी गायिका)
- डॉ. धीरेन्द्र कुबेर (आरएमएल अस्पताल)
- दीपक तंवर (पूर्व प्रत्याशी, देवली विधान सभा)
- जी. सतेंद्र त्रिपाठी
- रविन्द्र कुमार (एग्जीक्यूटिव मेंबर, पीसीआई)
- डॉ. आमना मिर्जा

आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष नवल हंस के नेतृत्व में ट्रस्ट के पदाधिकारी झ कमर सिब्तेंन, विजय वर्मा, वसीम सरवर, हेमन्त रावत, जगजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह और कनन सरन भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन ज्यूरी मेम्बर्स - कमलजीत सिंह, सुनील मल्होत्रा, शंकर चक्रवर्ती और जी.एन. झा - द्वारा किया गया। विजेताओं को निम्नानुसार पुरस्कृत किया गया -

- प्रथम पुरस्कार : मानवेन्द्र वशिष्ठ (पीटीआई)
- द्वितीय पुरस्कार : मुकेश अग्रवाल (ट्रिब्यून)
- तृतीय पुरस्कार : विवेक निगम (अमर उजाला)

इसके अतिरिक्त पाँच फोटो जर्नलिस्टों - इम्तियाज खान, मिहिर सिंह, धुर्व कुमार, नीरज कोली और सुमित पाल झ को कंसोलेशन प्राइज प्रदान किए गए।

सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं सम्मान श्री मनोज कुमार जैन (निगम पार्षद) द्वारा प्रदान किए गए।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने कहा कि ऐसे सार्थक आयोजनों से न केवल कला और पत्रकारिता को बढ़ावा मिलता है बल्कि समाज में सकारात्मकता और जागरूकता का संचार भी होता है।

# लखनपुर में मकान गिरने से दो मासूम बच्चे व एक महिला घायल

- लखनपुर में घटना के बाद मची चीख पुकार बही घायलों को संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।
- सूचना मिलते ही तहसीलदार ने अस्पताल पहुंच कर घायलों के परिजनो से जानकारी की



**समाज जागरण**
**संवाददाता प्रवेश यादव**

पबांसा क्षेत्र के थाना कैला देवी के गांव लखनपुर में मकान कीदीवार भर भराकर गिर जानें से मलबे में दबने से दो मासूम बच्चों सहित तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चीख पुकार मच गई आस पास के लोगों ने आनन फानन में मलबे में दवे बच्चे व महिला को बहार निकाला ' घायलों को निजी वाहन से संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी जीराज के दो बेटे हैं एक ही मकान में दोनों के अलग-अलग कमरा बने हुए थे। सोमवार सुबह को रोजाना की तरह दोनों भाई खेत में जा रहे थे । श्याम की पत्नी माया घर के आंगन में झाड़ू लगा रही थी ' श्याम के बच्चे भी घर के आंगन में खेल रहे थे वही दिनेश की पत्नी विमला अपने दो बेटों के साथ कमरे में सो रही थी तभी अचानक दोनों कमरों की दीवार गिरने से छत में लगे गाटर जमीन पर जा गिरे उसी दौरान महिला विमला देवी व 6 महा का मासूम निशांत तीन वषीर्या प्रशांत तीनों में मिट्टी में दब गए घटना के बाद चीख पुखार मच गई ग्रामीणों ने मलबा हटाकर महिलाओं बच्चों को बहार निकाला वहीं घायलों को संभल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना मिलते ही अधिकारी घायलों से मिलने अस्पताल पहुंच गए। तीनों के गम्भीर चोट लगी है ' 6 महा के बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है' परिजनों ने उच्चाधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है '

# धनारी पुलिस ने भैंस चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, एक आरोपी गिरफ्तार।




**समाज जागरण**
**संवाददाता प्रवेश यादव**

संभल धनारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़े भैंस चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए सुबह सोमवार को एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई भैंस और 1,500 रुपये नकद भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद रफी के रूप में हुई है, जिस-के खिलाफ कई अन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार विश्नोई और अपर पुलिस अधीक्षक सुश्री अनुकृति शर्मा के निर्देश पर धनारी थाना प्रभारी संजय सिंह व पुलिस टीम ने अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए सक्रिय थी। इसी दौरान, मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मानकपुर चौराहे से मोहम्मद रफी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मुरादाबाद जिले के मुंडा पांडे थाना क्षेत्र का रहने वाला है और फिलहाल मझोला थाना क्षेत्र में रह रहा था।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने दो अन्य साथियों, जसीम और मुन्नू उर्फ मोनू, के साथ मिलकर दिन और रात में गांवों की रेकी करता था। वे पता लगाते थे कि लोग अपनी भैंसें कहाँ बाँधते हैं और फिर रात में उन्हें चोरी कर लेते थे। इसके बाद, वे चोरी की गई भैंसों को कम दामों पर बाजार में बेच देते थे। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मुकदमा संख्या 75/2025 से संबंधित एक चोरी की भैंस और मुकदमा संख्या 124/2025 से संबंधित भैंस चोरी के 1,500 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी मोहम्मद रफी के खिलाफ पहले से ही चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट जैसे कई गंभीर धा-राओं में मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्पूयवाही करने के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम अब इस गिरोह के फरार सदस्यों,को तलाश में जुटी फरार आरोपी,जसीम पुत्र रईश, निवासी खजूर की सराय, मुरादाबाद मुन्नू उर्फ मोनू पुत्र जाहिद, निवासी ताहरपुर, मुरादाबाद गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमःउ0नि0 दीपक कुमार कांस्टेबल हरिकिशन, अक्षय सिरोही, यशवंत सिंह ,सन्नी

# खेत में चर रही दो भैंसों की करंट से मौत, परिजनों को भारी नुकसान



**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर बढ़ापुर। ग्राम चंपतपुर चकला में शनिवार की शाम बड़ा हादसा हो गया। खेत में चर रही दो दुधारू भैंसें अचानक बिजली के करंट की चपेट में आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

ग्राम निवासी बलविंदर पुत्र सतनाम सिंह की भैंसें रोज की तरह खेत में चर रही थीं। बताया जाता है कि शाम करीब साढ़े चार बजे अचानक करंट दौड़ने से दोनों भैंसें गिरकर तड़पने लगीं और कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली की लाइनें बेहद जर्जर और असुरक्षित हैं। खुले तारों और लापर-वाह व्यवस्था के चलते हादसे का खतरा हमेशा बना रहता है, बावजूद इसके विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठाता। सूचना पर पहुंचे लेखपाल जयपाल सिंह ने मौके पर पंचनामा भरकर दोनों पशुओं का पोस्टमार्टम करवाया और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी। उन्होंने बताया कि मुआवजा प्रक्रिया विद्युत विभाग के अंतर्गत पूरी की जाएगी। गांव वालों ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए प्रशासन से मांग की है कि बिजली लाइनों की नियमित जांच और मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

## रावली का बंधा टूटने के कगार पर, दो दर्जन गांवों में दहशत भारी वाहनों का संचालन बंद, डीएम ने मौके पर संभाली कमान



**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। गंगा-रामगंगा के बढ़ते जलस्तर से रावली का तटबंध टूटने की आशंका गहराने लगी है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन बैराज रोड पर हैवी वाहनों का संचालन बंद कर दिया है। हालात का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर देर रात मौके पर पहुंचीं और बंधे की मजबूती का निरीक्षण किया तटबंध पर दरारें और रिसाव देखने के बाद प्रशासन ने वहां कर्मचारियों को तैनात कर दिया है। बताया जा रहा है कि यदि तटबंध टूटा तो लगभग दो दर्जन गांव जलमग्न हो जाएंगे और हजारों की आबादी प्रभावित होगी। स्थानीय लोगों ने रातभर गांव में पहरा देकर पानी की स्थिति पर नजर रखी। कई गांवों के लोग बंधे की सुरक्षा में जुट गए और स्वयंसेवकों ने मिट्टी व बोरी डालकर तटबंध को बचाने का प्रयास किया। पुलिस बल मौके पर मुस्तैद है और लगातार गश्त कर रहा है। इस दौरान बंधे पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई, जिससे अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बना रहा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि तटबंध टूट गया तो जन-जीवन पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

## नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में लायंस क्लब द्वारा शिक्षाओं को सम्मानित किया गया

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद दिनांक 8.9.2025 को नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज नजीबाबाद में शिक्षिक दिवस के उपलक्ष में लॉयंस क्लब द्वारा शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया जिसमें नजीबुदोला गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रबंधक महोदय सुहैल उर रहमान सर जी व प्रधानाचार्य शबाना परवीन जी के निर्देशन में यह कार्यक्रम संचालित किया गया जिसमें हमारे बीच अतिथिगण सुभाष चंद्र अग्रवाल जी , रुचिन सिंगल जी, एडवोकेट अनीस अहमद जी, आसिफ मुत्तकी जी , अनुराधा माथुर जी ,एडवोकेट मुकुल महेश्वरी जी ,नवल अग्रवाल जी , व मुकुल माथुर जी ने शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जिसमे शिक्षिकाएं समीना बी,हिना आबिद, रिहाना तबस्सुम ,गजाला मुमताज, हिना मुदस्सिर ,आंचल चौहान, मेहताब ,मंतशा, केफुलवरा माहे तलत को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी गजाला मुमताज ने संचालित किया और शिक्षा का जीवन में महत्व के बारे में बताया राष्ट्रीय क्रेडिट कोर ने मार्च पास करते हुए अतिथियों का स्वागत किया व स्काउट गाइड के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया और स्वयं सेविकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया विद्यालय के सभी शिक्षिकाओं ने अतिथि गण को धन्यवाद कहा और कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए बहुत गौरव की बात है की आज हमारा विद्यालय को यह अवसर प्रदान किया गया। व हमारे विद्यालय के उपाध्यक्ष एजाजुल हसन जैदी द्वारा लिखी गई किताब मनु और कुरआन प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय में आए अतिथियों को भेंट की गई

# गुन्नौर बाढ़ पीड़ितों की फसलों का सर्वे कर दिया जाए मुआवजा उमेश यादव



**समाज जागरण**

भारतीय किसान यूनियन सुनील संगठन के जिलाध्यक्ष उमेश यादव ने सोमवार को एसडीएम अवधेश वर्मा को ज्ञापन देकर बाढ़ प्रभावित किसानों की नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। एसडीएम अवधेश वर्मा को दिए ज्ञापन में भाकियू सुनील के कार्यकताओं ने कहा कि क्षेत्र खादर में बाढ़ के कारण किसानों की फसलें नष्ट हो गई हैं। पशुओं को चारा नहीं है व बाढ़ क्षेत्र में रह रहे लोगों को उचित राशन की व्यवस्था भी नहीं है। बाढ़ पीड़ित किसानों, मजदूरों को उनकी फसलों का उचित मुआवजा सरकार से दिलाया जाए। उनके पालन पोषण के लिए राशन की व्यवस्था तत्काल कराई जाए। जिससे बढ़ती बीमारी मलेरिया,टाइफाइड, हैजा, जैसे बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है ।जिसे चिकित्सक तैनात कर उपचार किया जाए वही बाढ़ से क्षतिग्रस्त होने सड़कों की मरमत कराई जाए।

इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष सुनील यादव, जिला प्रवक्ता एड मनोज कुमार, संगठन मंत्री रूपकिशोर, युवा जिलाध्यक्ष सीटू यादव, वेदप्रकाश यादव, सर्वेश, कल्याण, कमल सिंह, रामदास, महेश चन्द्र, ललतेश आदि भकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# गुन्नौर शहतूत के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव परिजनों मचा कोहराम



गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर के जंगल में एक 30 वर्षीय एक युवक का ईख के खेत में शहतूत के पेड शव मिला है सूचना पर पहुंचे परिजनो ने शव को फांसी का फंदे से नीचे उतार दिया जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम जांच यशपड़ताल कर रही है

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर निवासी मृतक जयप्रकाश पुत्र प्रेम सिंह उम्र 30 वर्ष पर बीते 3 दिन पहले गांव निवासी एक महिला ने छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया था इसके बाद आरोपी अपने घर नहीं पहुंचा था। जिसको परिजन तलाश करने में जुटे हुए थे माना जा रहा है कि छेड़छाड़ के आरोप की शर्म की वजह से इसने पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था जो मजदूरी वह खेती किसानी करता था मृतक अपनी पत्नी फूलवती मां ज्ञानदेवी व बड़ी बेटी अंजलि उससे छोटी पिंकी ,बेटा सू-रज व मोहित को छोड़कर गया है

गुन्नौर कोतवाली प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि मृतक पर 3 दिन पहले गांव निवासी एक महिला ने छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज कराया था जिसका शव गांव जंगल के एक के खेत में शहतूत के पेड़ पर फांसी लगा ली जिसके स्वजनों ने पेड़ से शव को रस्सी काटकर नीचे उतार लिया मौके पर सीओ दीपक तिवारी इंस्पेक्टर अखिलेश प्रधान ने पहुंच घटना स्थल का जायजा लिया है वही फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए है । पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामभर पोस्टमार्टम को भेजा है । पुलिस हर बिंदु पर जांच पड़ताल करने में जुटी है ।

## क्षेत्र में गंगा के पानी से मची तबाही कटान और जलभराव से भारी नुकसान, विधायक-जिलाधिकारी ने लिया जायजा



**समाज जागरण**

मंडावर।क्षेत्र में गंगा नदी के उफान ने एक बार फिर भारी तबाही मचाई है। हर साल की तरह इस बरसात में भी गंगा का पानी कटान और जलभराव के रूप में क्षेत्रवासियों के लिए मुसीबत बना हुआ है। गौसपुर से लेकर बैराज तटबंध तक के इलाकों में स्थिति गंभीर बनी हुई है। क्षेत्रीय विधायक और जिलाधिकारी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

***कटान से खेत और बस्तियों को खतरा***

गंगा के तेज बहाव ने बालावाली के पास रेलवे लाइन तक कटान किया, जिससे खेतों और फसलों को भारी नुकसान हुआ। वर्तमान में फतेहपुर सभाचंद और गलखा माता मंदिर के निकट भी कटान तेजी से हो रहा है। इसने न केवल किसानों की आजी-विका को प्रभावित किया, बल्कि कई गांवों की बस्तियों को भी खतरे में डाल दिया है। प्रभावित किसानों का कहना है कि उनकी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं।

***टूटने की कगार पर बैराज तटबंध***

रविवार से रावली से बैराज तटबंध तक की स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। तटबंध टूटने की कगार पर है, और सड़क का अधिकांश हिस्सा पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुका है। अब केवल थोड़ा सा हिस्सा बचा है, जहां से पानी का रिसाव शुरू हो गया है। अगर तटबंध टूटता है, तो आसपास के गांवों में भारी तबाही और जनहानि की आशंका है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलभराव के कारण कई इलाकों में आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है।

***विधायक और जिलाधिकारी का दौरा***

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक और जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और पीड़ितों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने तटबंध की मरम्मत और कटान रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने का आश्वासन दिया, जबकि जिलाधिकारी ने राहत कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए। प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री और अस्थायी आश्रय की व्यवस्था की जा रही है।

***हर साल की समस्या, स्थायी समाधान की मांग***

मंडावर क्षेत्र में गंगा का कटान और जलभराव हर साल की समस्या है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं दिखता। ग्रामीणों का कहना है कि तटबंधों की मजबूती और कटान रोधी कार्यों में कमी के कारण हर बरसात में उन्हें नुकसान झेलना पड़ता है। लोग प्रश-ासन से मांग कर रहे हैं कि दीर्घकालिक उपाय किए जाएं, जैसे मजबूत तटबंधों का निर्माण और नदी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी योजनाएं।

***प्रशासन से अपील***

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से तटबंध की मरम्मत और कटान रोकने के उपाय करने की अपील की है। साथ ही, प्रभावित प-रवारों के लिए पर्याप्त मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था की मांग की जा रही है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि विधायक और जिलाधिकारी के दौरे के बाद स्थिति में सुधार होगा और इस संकट से राहत मिलेगी।

प्रशासन और स्थानीय नेताओं से निवेदन है कि इस बार की तबाही को गंभीरता से लेते हुए तत्काल और दीर्घकालिक उपाय किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी आपदा से बचा जा सके।

## ग्राम समाज की भूमि का फर्जी बैनामा करकर , लिया बैंक से ऋण जिलाधिकारी से की शिकायत

**समाज जागरण**

पंवासा ।तहसील सम्भल क्षेत्र के गांव अजीमाबाद में ग्रामीण ग्राम समाज की गाटा संख्या 439 का फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंक से लोन ले लिया जिसकी शिकायत ग्रामीण ने जिलाधिकारी संभल से की।। तहसील संभल क्षेत्र के गांव अजीमाबाद निवासी कन्हाई पुत्र श्यामलाल ने गांव के ही जसवीर पुत्र सुलेराम पर आरोप लगाया गाटा संख्या 439 जो की ग्राम समाज की भूमि है जिस पर जसवीर ने ग्राम समाज की भूमि पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर बैनामा करा लिया और जमीन पर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक पंवासा से चार लाख रुपए का लोन भी निकाल लिया जिसकी शिकायत ग्रामीण ने जिलाधिकारी संभल से शि-।कायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की

## बिजली चोरी करने पर आठ लोगो पर हुआ मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

पंवासा ।थाना केला देवी क्षेत्र के गांव खिरनी बिजली घर उप केंद्र से जुड़े गांव निबोरा में सोमवार आठ लोग बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए जिनके खिलाफ बिजली विभाग अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खिरनी बिजली घर उप केंद्र के गांव निवोरा में बिजली विभाग के एसडीओ मनोज कुमार यादव व लखपत सिंह के नेतृत्व में बिजली विभाग टीम ने चेकिंग अभियान चलाया टीम को देखकर गांव में अफरा त फरी मच गई लोग अपनी छतों से तार खींचते हुए नजर आ रहे टीम ने गांव में आठ लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा मनोज कुमार एसडीओ ने बताया कि निंबोरा गांव मे बिजली चेकिंग अभियान चलाया गांव में बिजली टीम को देखकर गांव में हड़कंप मच गया लोग अपनी छतों से तार खिंचते नजर आये बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ हयात नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है

# गुन्नौर नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान मचा कोहराम

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव मखदुमपुर में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



गांव मखदुमपुर निवासी मनोज की पत्नी शैलेश (पुत्री जगवीर, निवासी गढ़िया) ने रविवार देर रात पारिवारिक कारणों से तंग आकर दुपट्टे का फंदा बनाकर घर में कुंदे से लटक गई।

करीब नौ माह पूर्व ही शैलेश का विवाह मनोज से हुआ था। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, वही फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए है ।और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण आत्महत्या ही पाया गया है।

# गुन्नौर बुजुर्ग ने घरेलू कलह के चलते फांसी के फंदे पर लटकर की आत्महत्या

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र गॉव हैदराबाद निवासी 60 वर्षीय ऋषि पाल पुत्र राम सिंह ने सोमवार की सुबह घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित अपने खेत में पिलखुन के पेड़ पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वह पारिवार किसी बात को लेकर तनाव में थे।जिसकी बजह से ये कदम उठा लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। अचानक हुई इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

## गुन्नौर सांस के ताने से तंग आकर नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव बिचपुरी शैलाव मे एक विवाहिता ने सोमवार देर शाम कमरे में दुपट्टे से फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी परिजनों ने जब लटकी देखी तो होश उड़ गए आनन-फानन उसे फंदे से नीचे उतारा सूचना के बाद मौके पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीपक तिवारी व फोरेंसिक टीम



घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे जहां मायके वाले पक्ष ने ससुराल पक्ष पर लापरवाही का आरोप लगाया पुलिस ने शव को कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि ससुराल पक्ष मौत के बाद घर से फरार हो गए

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव कनुउआ निवासी राजाराम ने अपनी बेटी ममता की शादी लगभग एक साल पहले बिचपुरी सैलाब गांव निवासी बनवारी के इकलौते बेटे लोकेश के साथ की थी लगभग 15 दिन पहले ही मृतका ममता के ससुर बनवारी उसे मायके से बुलाकर लाए थे मायके वालों ने बताया कि विवाहिता का सांस से आए दिन अनबन रहता था जिसके सोमवार देर शाम मौत हो गई।

गुन्नौर कोतवाली प्रभारी अखिलेश ने बताया कि शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है स्वजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है

# दक्ष प्रजापति शिक्षा समिति नजीबाबाद के तत्वाधान में 26 व अलंकरण समारोह मनाया गया

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद दक्ष प्रजापति शिक्षा समिति नजीबाबाद के तत्वाधान में 26 वा अलंकरण समारोह मनाया गया , आपको बता दे नजीबाबाद के कोटद्वार मार्ग पर बने सुरेश ग्रैंड पैलेस वेंकट हॉल में दक्ष प्रजापति शिक्षा समिति की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रजापति समाज के गणमान्य नागरिकों द्वारा पुरस्कृत किया गया , जिसके मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री डॉ लोकेश प्रजापति भाजपा सरकार वह पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष भाजपा सरकार , नजीबाबाद चीनी मिल जनरल मैनेजर पूर्व फरुर्खाबाद एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति नजीबाबाद , दक्ष शिक्षा समिति संरक्षक नंदराम चक्रवर्ती , पत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुशीला चक्रवर्ती , शीशराम प्रजापति , महासचिव गुलशन प्रजापति , अध्यक्ष नानक चंद आरती , महाप्रबंधक मुकेश कुमार प्रजापति , प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ उत्तर प्रदेश



विजय कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे , जिसका संचालन खूबसूरती से गुलशन प्रजापति ने किया तथा अध्यक्षता सुशीला चक्रवर्ती ने की , जिन्होंने बारी-बारी से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का गौरव बढ़ाया तथा उन्हें पुरस्कृत कर सम्मानित किया , सभी वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ लोकेश प्रजापति ने छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में कहा की छात्र हो या छात्रा में जिस विषय की भी रुचि है उसको उस विषय में आगे बढ़कर उसे लक्ष्य को हासिल करना चाहिए , डॉक्टर लोकेश प्रजापति ने नजीबाबाद चीनी मिल जनरल मैनेजर पूर्व एडीएम फरुर्खाबाद रहे डॉक्टर सुभाष चंद्र प्रजापति को आई एस की पद्धति का सम्मान करते हुए छात्र-छात्राओं को उनके जैसा भविष्य में बनने पर बल दिया , उन्होंने कहा डॉक्टर बनो इंजीनियर बनो , पीसीएस बनो , आईपीएस बनो , वकील बनो , शिक्षक बनो न्यायाधीश बने , उन्होंने कहा चाहे एक वक्त की रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार दिलाओ , तभी आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा , दक्ष प्रजापति शिक्षा समिति की ओर से सम्मानित छात्र-छात्राओं जिसमें आयुष कुमार , तनु रानी , प्राची रानी , अनामिका , निकिता , सौरभ कुमार , तरुण कुमार , अतुल कुमार , अमन कुमार , जैसे छात्राएं काफी संख्या में पुरस्कृत किए गए ,

# जुनावई में युवक ने की आत्महत्या

जुनावई। थाना क्षेत्र के गांव मैढ़ोली में पारिवारिक कलह के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

गांव निवासी रामविलास पुत्र नत्थू सिंह ने रविवार दोपहर घर में ही गले में रस्सी का फंदा डाला और झूल गया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, मृतक कुछ समय से पारिवारिक विवादों से परेशान था। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# दुद्धी गोवर्धन पूजा समिति व अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक हुई सम्पन्न।

**संवाददाता/ उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा सोनभद्र एवं गोवर्धन पूजा समिति दुद्धी की बैठक बहुउद्देशीय सामुदायिक हॉल दुद्धी में संपन्न हुआ, इस बैठक में अखिल भारतवर्षीय यादव सभा सोनभद्र के जिलाध्यक्ष जगत नारायण यादव विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करने के लिए संगठन को जन संपर्क करना पड़ता है तथा शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के सन्दर्भ में पर भी विचार व्यक्त किया सत्य नारायण यादव अधिवक्ता ने मेधावी छात्रों को चयन करके पुरस्कृत करने सहित 23 अक्टूबर 2025 को आयोजित गोवर्धन पूजा को सकुशल सम्पन्न करने पर विचार व्यक्त किए। त्रिभुवन यादव ने नए कलाकारों के मांग पर विचार व्यक्त किया जगदीश प्रसाद यादव विगत वर्षों से चले आ रहे गोवर्धन पूजा को और बृहद रूप देने को कहे। इस मौके पर गणेश यादव, यदुनाथ यादव, कैलाश यादव, नंदू यादव, प्रेमचंद यादव एडवोकेट, दसई यादव, नकछेदी यादव, रामबृक्ष, सरयू यादव, रामाशीष यादव, विनोद यादव, हरिशंकर यादव, चिंतामणि यादव, बुद्धि नारायण यादव, राजेश यादव, जगत पुजारी यादव, आदि उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध नारायण यादव व संचालन अभिनाथ यादव एड० ने किया।



# ग्राम पंचायत मिश्री में सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। विकासखंड कोन के ग्राम पंचायत मिश्री में सफाई व्यवस्था को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत का सफाई कर्मी गली-नालियों की सफाई नहीं करता है बल्कि कागजी कार्यों का हवाला देकर ब्यस्त रहता है।

ग्रामीणों के अनुसार नारायण भारती घर से रामनाथ कनौजिया के घर तक, मुरारी से नंदू सिंह के घर तक और वहीं टोला बहुआरा में डॉक्टर कमेश के घर से बाबूलाल कुशवाहा के घर तक का क्षेत्र कभी साफ नहीं किया गया जिसके संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा एडीओ पंचायत को अवगत कराया गया था किन्तु मामला जस का तस ही है। लोगों की मानें तो सफाई कर्मचारी केवल कागजी कार्यवाही में ही व्यस्त रहता है। ग्रामीणों ने मुख्य मंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। जिसके क्रम में एडीओ पंचायत से सेल फोन पर सम्पर्क करने की कोशिश की गयी किन्तु कॉल रीसिव नहीं हुआ। इस बावत खण्ड विकास अधिकारी डॉक्टर जितेंद्रनाथ द्विवेदी ने जरूर कार्यवाही करने का अश्वासन दिया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से महेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, काशीनाथ, सुदामा कनौजिया, रामनाथ कनौजिया, दिनेश कनौजिया, राजकुमारी देवी और संध्या देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



# पुलिस द्वारा चलाये गये विशेष चेकिंग अभियान में, एक दर्जन से अधिक बुलेट मोटरसाइकिलों का चालान

**समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देश पर यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दिनांक-07.09.2025 की रात्रि को क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बुलेट मोटरसाइकिलों में अवैध रूप से रबर लगाकर पटाखा जैसी तेज आवाज निकालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान स्वर्ण जयंती चौक, धर्मशाला चौक, और चंडी तिराहा पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें दर्जनों मोटरसाइकिलों की जांच की गई। लगभग एक दर्जन से अधिक बुलेट चालकों के खिलाफ ई-चालान जारी किए गए, जबकि कई वाहन चालकों को रबर हटाने की चेतावनी देकर छोड़ा गया। सीओ रणधीर मिश्रा ने बताया कि यह अभियान पिछले कुछ दिनों से चलाया जा रहा है और आगे भी इसे व्यापक स्तर पर जारी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तरह की तेज आवाजें न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाती हैं, बल्कि इससे हृदय रोगियों व बुजुर्गों को गंभीर स्वास्थ्य खतरे हो सकते हैं।



# टीपर वाहन ने तीन वर्षीय मासूम को कुचला, दर्दनाक मौत

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। स्थानीय कस्बा के महिला थाना व कस्बा चौकी से महज 50 फिट की दूरी पर मेन चौक श्री संकट मोचन मंदिर के ठीक सामने करीब चार बजे एक टीपर ने तीन वर्षीय मासूम बच्चे को कुचल दिया। मासूम की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। कोतवाली क्षेत्र के पिपरडीह गांव निवासी अयान गुप्ता 3 वर्ष पुत्र सुनील गुप्ता अपने दादी के साथ बाजार आया हुआ था। दादी के साथ मार्केट में खरीदारी करने के दौरान आइसक्रीम खा रहा था। दादी ने दो पोता को लेकर बाजार करने आई हुई थी। श्री संकट मोचन मंदिर के ठीक सामने एक मासूम अयान गुप्ता अचानक सड़क पर आ गया। पीछे से आ रही गिट्टी लदे टीपर ने बच्चे को कुचल दिया। घटना स्थल पर लोंगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कोतवाली पुलिस घटना स्थल पर पहुँच कर भीड़ को नियंत्रित करते हुए घायल मासूम को सीएचसी दुद्धी भेजा जहाँ चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि चालक व टीपर दोंनो हिरासत में है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।



# रिहन्द डैम के पुल से नदी में छलांग लगाने वाली महिला को पिपरी पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से बचाया

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। आज दिनांक 08.09. 2025 को लगभग 11:00 बजे थाना पिपरी पर सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला ने रिहन्द डैम पुल से नदी में छलांग लगा दी है। प्राप्त सूचना पर तत्काल थाना पिपरी पुलिस मौके पर पहुंची। स्थल पर मौजूद व्यक्तियों से जानकारी प्राप्त हुई कि आरती देवी, पत्नी बेचू प्रसाद, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 10, पशु अस्पताल के बगल में, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, का अपने परिजनों से घरेलू विवाद हुआ था। इसी कारणवश वह घर से नाराज होकर रिहन्द डैम पुल पर पहुंची और वहीं से नदी में छलांग लगा दी। घटना स्थल पर उपस्थित कुछ लोगों ने महिला को बचाने का प्रयास किया, किंतु वह तेज बहाव के कारण डैम की ओर बह गई।

थाना पिपरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गोताखोरों की मदद ली गई और महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसकी स्थिति सामान्य बताई गई है।

# सोनभद्र की बेटी लक्ष्मी गिरी ने यूजीसी नेट परीक्षा में, ऑल इंडिया रैंक 44वें हासिल कर, जिले का नाम की रोशन

**अमलेश सोनकर/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। सोनभद्र की बेटी लक्ष्मी गिरी ने यूजीसी नेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-44 हासिल कर पिछड़े आदिवासी जिले का नाम रोशन किया है। लक्ष्मी छोटी सी व्यवसाय करके परिवार का भरण पोषण करने वाले रविंद्र गिरी की बेटी हैं। लक्ष्मी की उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सामाजिक सेवा में लगे प्रमोद कुमार सहित अन्य लोगों ने लक्ष्मी को बधाई दी है और आगे आने वाले समय के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है। खुशी के माहौल में अमलेश सोनकर ने कहा यह सफलता जनपद की अन्य बेटियों को भी अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करेगी। लक्ष्मी की सफलता ने साबित कर दिया कि आदिवासी जिले की बेटियां भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती हैं। बता दे कि सोनभद्र एक ऐसा जिला है जहां पढ़ाई को लेकर कोई बड़ा स्कोप नहीं है और ना ही कॉम्पिटिशन के लिए कोई अच्छी कोचिंग सेंटर, यहां के विद्यार्थियों को जिले से बाहर जाकर ही उच्च शिक्षा लेनी होती है। लेकिन लक्ष्मी ने यह भी साबित कर दिया कि खुद में जज्बा और लगन हो तो कोई भी मुकाम मेहनत के बल पर हासिल किया जा सकता है। लक्ष्मी की रूचि सिलाई और लजीज व्यंजनों में भी है बहनों में सबसे बड़ी होने के नाते उनके ऊपर घर की गृहस्थी का भी दारमोदार रहा है और छोटी बहनों का ध्यान भी रखना उनकी प्राथमिकताओं में से एक था। इन सबके बाद भी उनको जो मुकाम हासिल करना था उसके लिए लक्ष्मी ने जीतोड़ मेहनत की और आज वो स्थान हासिल की जिसका सपना परीक्षा देने वाले प्रत्येक अभ्यार्थी को होता है। लक्ष्मी की के भाई और बहन ने भी अपने दीदी की तरह अच्छा मुकाम हासिल करने की बात कही है। लक्ष्मी को शिखर पर देख उनके माता-पिता बहुत ज्यादा खुश है। उन्होंने कहा कि हमारा शुरू से ही सोचा था कि हमारी बेटी जो पढ़ना चाहे पढ़े हमने कभी उसको किसी चीज के लिए दबाव नहीं दिया हमारी बेटी ने भी हमारी मान मयार्दा को रखा और मुकाम हासिल कर अपने परिवार का नाम रोशन किया। हमारी बेटी हमलोगो का नाम रौशन कर दी है हमलोग का आशीर्वाद हैं कि वह और भी आगे बढ़े। साथ ही लोगों का सपना है कि वह अच्छी डॉक्टर बन जाए और लोगों की सेवा करे। लक्ष्मी ने अपने उपलब्धि का पूरा श्रेय अपने परिजनों को ही दिया है, लक्ष्मी ने कहा हमारी उपलब्धि में माता-पिता का आशीर्वाद बहुत ही मायने रखता है बिना बड़ों की आशीर्वाद और सही दिशा से कोई सफलता हासिल नहीं की जा सकती।



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| UP14000792 | 149 | UP14000800 | 109 | UP14000960 | 34 |
| UP15000082 | 6 | UP15000089 | 57 | UP15000174 | 46 |
| UP15000471 | 112 | UP15000515 | 164 | UP15000540 | 91 |
| UP18000014 | 45 | UP18000015 | 84 | UP18000088 | 42 |
| UP18000174 | 49 | UP18000222 | 47 | UP18000254 | 44 |
| UP18000431 | 38 | UP18000494 | 11 | [illegible] | 137 |
| UP18001089 | 27 | UP18001249 | 91 | UP18001265 | 44 |
| UP18001443 | 75 | UP18001471 | 76 | UP18001500 | 66 |
| UP18001633 | 20 | UP18001686 | 129 | UP18001724 | 90 |
| UP18001900 | 49 | UP18001914 | 21 | UP18001924 | 39 |



# राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट ने महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट की ओर से सोमवार को कोन में महिलाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु ने की।

श्री दयालु ने कहा कि संस्था द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क सिलाई सेंटर के माध्यम से अब तक 4300 महिलाएं आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक आत्मनिर्भरता से ही भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों पर रोक लगाई जा सकती है। जब महिलाएं खुद पैसे कमाएंगी तो उन पर किसी का दबाव नहीं रहेगा और वे सम्मान व स्वाभिमान से जीवन जी सकेंगी। उन्होंने आगे कहा कि किसी को एक रोटी देने से उसका एक दिन का पेट भरता है, लेकिन उसे हुनर देने से जीवनभर का पेट भर सकता है। यही विचारधारा लेकर संस्था लगातार समाज में जागरूकता फैला रही है। मुख्य अतिथि छात्र नेता विजय शंकर यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं के आत्मनिर्भर होने से समाज सशक्त होगा। वहीं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महताब आलम ने कहा कि संस्था जरूरतमंदों की लगातार मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी जरूरतमंद को चाय की दुकान जैसी छोटी शुरूआत करनी हो और पूंजी न हो, तो वह संगठन से संपर्क कर सकता है। संगठन का संपर्क नंबर भी इस अवसर पर साझा किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष कनौजिया ने किया। इस दौरान जनाब शरीफ खान (प्रदेश सचिव), अजय पटेल (जिला महासचिव) समेत अनेक पदाधिकारी, महिलाएं और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यह शिविर महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में संस्था की महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।



# मिशन शक्ति के तहत पुलिस का व्यापक महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान

**समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जनपद पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने हेतु विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों व एंटी रोमियो स्क्वॉड ने बाजारों, शिक्षण संस्थानों, चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्वला योजना, आयुष्मान भारत जैसी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, 181, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न सहायता नंबरों का प्रचार-प्रसार कर पंपलेट वितरित किए गए। महिला पुलिसकर्मियों ने संवाद स्थापित कर महिलाओं व बालिकाओं को निःसंकोच पुलिस से संपर्क करने का भरोसा दिलाया।



# थाना शाहगंज पुलिस ने डीपी एक्ट में वांछित 01 अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण/नेतृत्व में जनपद के वाँछित/वारण्टी/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक-08.09.2025 को थाना शाहगंज पुलिस द्वारा शाहगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-94/2025 धारा 85, 80(2), 61(2), 238 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्ता सोनी केशरी पत्नी राकेश केशरी निवासी कस्बा शाहगंज थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया।



# संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गोपाल सिंह बने संरक्षक

**भोला नाथ मिश्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। मां विंध्यवासिनी विश्व विद्यालय से संबद्ध चंदौली, मिजार्पुर और सोनभद्र के जिलों के स्व वित्त पोषित महाविद्यालयों के प्रबंधकों को एक महत्वपूर्ण बैठक चुनार में रविवार को सम्पन्न हुई। इसमें चर्चा के बाद गठित एसोसिएशन का संरक्षक डॉ गोपाल सिंह को बनाया गया। इस अवसर पर



अन्य जनपदों के प्रबंधकों के अतिरिक्त सोनभद्र के ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरा राजा के प्रबंधक मनीष पाण्डेय, विंध्य कन्या पीजी कालेज के प्रबंधक डॉ अजय सिंह, प्राचार्या डॉ अंजली विक्रम सिंह और अन्य प्रबंधक उपस्थित थे। एसोसिएशन के संरक्षक डॉ गोपाल सिंह ने सोमवार को बताया कि छात्र छात्राओं और स्व वित्तपोषित महाविद्यालयों के हित में जो भी संभव होगा किया जाएगा। ज्ञात हो डॉ गोपाल सिंह संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैमूरपीठ, लोढ़ी के प्राचार्य हैं।

# ओवरलोड ट्रक का टायर फटा, दो बाइक सवार चपेट में, एक की हालत गंभीर

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रदूषण जांच केंद्र के समीप वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब राखड़ से लदा तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक का अचानक टायर फटने से अनियंत्रित हो गया। हादसे में दो बाइक सवार इसकी चपेट में आ गए और ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ, हालांकि पुलिस की सक्रियता से स्थिति नियंत्रण में आ गई। हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुआ जबकि दूसरे को सिर में चोटें आईं। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी विजय चौरसिया ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस वाहन से घायलों को सीएचसी चोपन पहुँचाया। जहां मौजूद चिकित्सक डॉ. अभय सिंह ने प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से घायल 50 वर्षीय इंद्रबहादुर को जिला अस्पताल लोढ़ी के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि दूसरे घायल बाइक चालक रामनरेश यादव को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। डॉ. अभय सिंह ने बताया कि दोनों बाइक सवार अलग-अलग अपनी गंतव्य की ओर जा रहे थे कि तभी ट्रक का टायर फटने से वे चपेट में आ गए। इंद्रबहादुर के हाथ पर टायर चढ़ जाने से उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। गौरतलब है कि वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। ओवरलोड ट्रकों की तेज रफ्तार और प्रशासनिक नियंत्रण के अभाव में यह मार्ग हादसों का मार्ग बन चुका है। सबसे अधिक परेशानी बाइक चालकों को झेलनी पड़ती है, जो बड़े वाहनों की चपेट में आ जाते हैं।




# शिक्षक दिवस पर अश्लील गाने पर डांस का मामला गरमाया, अब तक कार्रवाई न होने से अभिभावकों में रोष

### मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षकों एवं कालेज प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। तहसील क्षेत्र के मझौली गाँव के राम नगीना फामेर्सी कॉलेज में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षको द्वारा फुहड़पन फैलाते हुए छात्र छात्रों संग अश्लील गाने पर डांस का मामला गरमा गया है मंडल अध्यक्ष ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर शिक्षकों और कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मंडल अध्यक्ष ने कार्रवाई न होने से नाराजगी जाहिर की है शिक्षक दिवस पर छात्रों द्वारा अश्लील गाने पर लगवाए गए ठुमके पर अश्लीलता फैलाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को समाधान दिवस में एडीएम वागीश शुक्ला के पास मंडल अध्यक्ष दीपक शाह के नेतृत्व में शिकायती पत्र के माध्यम से अध्यक्ष ने लिखित अवगत कराया कि संबंधित कॉलेज में शिक्षक दिवस पर हुए कार्यक्रम का वीडियो वायरल हुआ है जिसमें कई अश्लील गानों पर डांस करते देखा गया है। ऐसे कृत्य से पढ़ने वाले छात्र छात्राओं पर असामाजिक असर पड़ रहा है क्षेत्र में अभिभावकों के मन को ठेस पहुंचा है और आक्रोश ब्याप्त है। शिक्षक जो जो भगवान का रूप होता है उन्होंने छात्राओं के साथ चोलिया के हुक राजा जी के दिलवा टूट जाई जैसे अश्लील गानों पर जमकर ठुमका लगाया गया था जिसका वीडियो वायरल होते ही क्षेत्र के अभिभावकों में काफी आक्रोश हैं शिक्षक व विद्यालय प्रबन्धन पर अबतक कार्रवाई न होने से नाराज मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में दुद्धी तहसील समाधान दिवस पर शिकायती पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग कि गयी और विरोध प्रकट करते हुए कहा गया कि शिक्षा के मंदिर में कुछ शिक्षक द्वारा छात्राओं के साथ फुहड़पन अश्लील गानों पर डांस कॉलेज प्रबन्धन के विरुद्ध है ऐसे में विधिक कार्यवाही की जाए। जिससे आने वाले भविष्य में इस तरह का कृत्य पुनः न किया जाय।



# गैंगस्टर एक्ट: दोषी गैंग लीडर समेत पांच को 3-3 वर्ष की कठोर कैद

- * 10-10 हजार रुपए अर्थदंड , अर्थदंड न देने पर दो-दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- * जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी
- * करीब 16 वर्ष पूर्व गैंगेस्टर एक्ट में दर्ज हुआ था मुकदमा

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**

सोनभद्र। करीब 16 वर्ष पूर्व दर्ज हुए गैंगेस्टर एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर कोर्ट सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी गैंग लीडर किसान चौहान समेत सक्रिय गैंग पांच सदस्यों को 3-3 वर्ष की कठोर कैद एवं 10-10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो-दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक शफीक अहमद खान ने रॉबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 23 सितंबर 2009 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में था तो पता चला कि किसान चौहान निवासी गौरही, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र का एक सक्रिय गैंग है, जिसका वह गैंग लीडर है। इसके अलावा गैंग के सक्रिय सदस्य सुखराम , श्यामलाल, घूरे व संजय पटेल शामिल हैं। इनके विरुद्ध चोरी, वन अधिनियम, खनिज एवं खान अधिनियम समेत कई मुकदमा विचाराधीन है। लोगों में भय पैदा कर आर्थिक लाभ हेतु कार्य करना इनका एकमात्र कार्य है। यहीं वजह है कि इनके विरुद्ध कोई भी मुकदमा लिखवाने अथवा गवाही देने की जुर्रत नहीं करता है। जिसकी वजह से इनका वर्चस्व कायम है। इस तहरीर पर 23 सितंबर 2009 को रॉबर्ट्सगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी गैंग लीडर किसान चौहान, सक्रिय सदस्य सुखराम घूरे,श्यामलाल व संजय पटेल को 3-3 वर्ष की कठोर कैद एवं 10-10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो-दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील धनंजय शुक्ला ने बहस की। दोषियों को जिला कारागार सोनभद्र भेजने का आदेश दिया गया है।



# बाँधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में अंगद के पैर बने उप वन पाल की कार्य शैली से करोड़ों की छति

### वन संपदा को बेच कर जुटे काली कमाई में वन पाल धमोखर

**समाज जागरण**

उमरिया --- मध्यप्रदेश का बहु प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ में पदस्थ कतिपय अधिकारियों की कमाऊ नीति के कारण वन संपदा का बेतहाशा दोहन होने की खबर सुर्खियों में छाई हुई है फिर भी राष्ट्रीय उद्यान के जिला स्तरीय अधिकारियों के व्दारा अपने प्यादो को बचाने में जुटे हुए हैं । बताया जाता है की वैसे तो मानवीय मूल्यों के लिए इन अधिकारियों की अंडगे बाजी सिर चढ़कर बोलती है , लेकिन वन संपदा की लूट में शामिल कतिपय मातहत अधिकारियों को बचाने के लिए कमर कस कर जांच के नाम पर लीपापोती कर उन्हें अभय दान देते नजर आते हैं उससे प्रतीत होता है की राष्ट्रीय उद्यान के उच्च अधिकारियों ने राष्ट्रीय उद्यान के वन संपदा को बेचने में उतारू हो गए हैं ।




**रेत चोरी में संलिप्तता उजागर**

राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ के धमोखर वन परिक्षेत्र की चेचरिया में पदस्थ उप वन पाल की संलिप्तता उजागर होने के बाद भी राष्ट्रीय उद्यान के जिम्मेदार अधिकारियो ने जांच के नाम पर व्यापक पैमाने पर लीपापोती कर अपने प्यादे उप वन पाल को बचाने का बीड़ा उठा लिया है । बताया जाता है कि इस संवेदनशील मामले की जांच वन परिक्षेत्राधिकारी धमोखर खुद करने पहुंचे थे , लेकिन जांच में सही पाये जाने के बाबजूद भी दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की बजाय उन्हें बचाने का कुत्सित प्रयास करते देखे गए । घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि चेचरिया में रेत भरा एक ट्रेक्टर पकडा गया था ,जिसे 23 अगस्त को राष्ट्रीय उद्यान के पदस्थ उप वन पाल ने पकड़ कर अपने कब्जे में लेकर वन चौकी में खड़ा कर लिया, और मामले में सौदा तय होने के बाद 25 अगस्त को बिना कानूनी कार्रवाई किए बिना ही छोड़ दिया गया । उप वन पाल की इस गैर कानूनी कार्रवाई की शिकायत वन परिक्षेत्राधिकारी धमोखर से की गयी,जिसकी जांच भी उन्होंने अपने हाथ में लेकर की, लेकिन जब देखा कि उनका प्यादा दोषी पाया जाता है तब उसे बचाने के लिए अपनी जांच में लीपापोती कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया ।

**सागौन की व्यापक पैमाने पर तस्करी**

विदित होवे की राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ के धमोखर वन परिक्षेत्र में व्यापक पैमाने पर सागौन वृक्षों की कटाई कर तस्करी की गयी है । राष्ट्रीय उद्यान में वनों की जिस तरह से सागौन और साल वृक्षों की कटाई की गयी है , उसे देख कर हर सामान्य की आंखें नम हो जाती है , बताया जाता है कि हजारों की तादाद में सागौन के नवीन पेड़ों की कटाई कर तस्करी की गयी है, इस मामले को लेकर भी वन विभाग पर तीखे सवाल खड़े हो गए हैं । बताया जाता है की पटपरिहा ,घिनौचिहा, बडबाही, जैसे राष्ट्रीय उद्यान के अन्दर के गांवों में जिस तरह से बेरहमी से सागौन और साल वृक्षों अंधाधुंध कटाई की गयी है वह मैदानी अमले के साथ उच्च अधिकारियों को कटघरे में खड़ा कर दिया गया है । एक तरफ राष्ट्रीय उद्यान की सीमा बढ़ाने के लिए गांव के गांव उजाड़े जा रहे हैं वही दूसरी ओर जंगल में लगे प्राकृतिक वृक्षों और कृत्रिम रूप से लगायें गये वृक्षों का सफाया हुआ है , राष्ट्रीय उद्यान की परिधि में हो रहे इस अवैध रेत उत्खनन और सागौन,साल वृक्षों की कटाई राष्ट्रीय उद्यान की नीयत पर सवालिया निशान लगा कर रख दिया है ।

**अंगद के पैर बने अधिकारियों को पाल रहा उद्यान प्रबंधन**

राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ में ऐसे भी अधिकारी देखने में आते हैं जो की एक ही स्थान पर दशकों से अंगद के पैर बन बैठे हैं और राष्ट्रीय उद्यान की वन संपदा के दोहन में वर्षों से संलिप्त हैं , लेकिन इन कमाऊ पूतो की तरफ राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ के अधिकारियों की नजर कभी नहीं पडी। बताया जाता है कि धमोखर वन परिक्षेत्र की चेचरिया में पदस्थ उप वन पाल भी दशक पार कर अपने कारगुजारियों से राष्ट्रीय उद्यान को लंबी चपत लगाई है , फिर भी विभाग के रहमो-करम के कारण अपने काली करतूतों को अपने मातहतों के सिर पर डालकर सदा बच निकलते हैं । आखिर कार उच्च अधिकारियों के नयनों के पलक बने इस उप वन पाल को बचाने के लिए प्रबंधन कब तक लुका छिपी का खेल खेल कर बचाता रहेगा । अपेक्षा है की वरिष्ठ अधिकारी इनकी कारगुजारियों से पर्दा उठा कर कानूनी कार्रवाई करें,वरना राष्ट्रीय उद्यान खेल का मैदान बनकर रह जायेगा

# भाजपा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा की जिला कार्यशाला ,9 सितंबर को 12:00

**समाज जागरण**

अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व में आगामी कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है । अनूपपुर जिला भाजपा कार्यालय में दिनांक 9 सितंबर को दोपहर 12:00 बजे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी अनूपपुर मिथिलेश पयासी एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में कार्यशाला सुनिश्चित किया गया है ।
भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा का कार्यशाला बैठक 9 सितंबर दोपहर 12:00 बजे होना सुनिश्चित किया गया है ।
बैठक कार्यशाला में अपेक्षित सांसद, मंत्री एवं विधायक ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य , जिला पदाधिकारी ,सभी मण्डल प्रभारी,
मण्डल अध्यक्ष एवं महामंत्री , सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री , सभी प्रकोष्ठो के जिला संयोजक ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष , जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ,नगर पालिका / नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि कायार्शाला बैठक में उपस्थित रहेंगे ।

# इंस्टाग्राम से दोस्ती, शादी का झांसा... धर्म परिवर्तन का दबाव, पुलिस की पकड़ में आरोपी

**समाज जागरण**

सतना। सोशल मीडिया के जरिए ठगी और धर्म परिवर्तन के दबाव का एक सनसनीखेज मामला सतना में सामने आया है। इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवती को शादी का झांसा देने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपित को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल और नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी. सिंह चौहान के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में की गई।
इस कार्रवाई ने आरोपी की चालाकी का पदार्फाश कर दिया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है। मामला अप.क्र. 544/2025, धाराएं 318(2), 318(4), 78(2) बीएनएस तथा धारा 5, म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत दर्ज किया गया है।

**इंस्टाग्राम से शुरू हुई ठगी-:**

शिकायतकर्ता (काल्पनिक नाम माया, निवासी सतना) की पहचान अगस्त-सितंबर 2023 में इंस्टाग्राम पर सोहेल बेलिम उर्फ सोनू (26)से हुई थी। आरोपित ने इमोशनल ब्लैकमेल कर युवती से किस्तों में 4 लाख 5 हजार रुपये फोनपे और पेटीएम के जरिए ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपित ने युवती से कहा कि वह मुस्लिम है और शादी करने के लिए युवती को भी इस्लाम धर्म अपनाना होगा। युवती के इंकार करने पर उसने बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं, आरोपी ने घर के जेवर की भी मांग शुरू कर दी। परेशान होकर युवती ने अपने स्वजन को पूरी बात बताई और मामला पुलिस तक पहुंचा।

**धर्म छिपाकर दोस्ती, दबाव में पैसे-:**

पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपित ने अपना धर्म छुपाकर युवती से दोस्ती की, शादी का बहाना बनाया और फिर ठगी के साथ धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। उसके धमकियों से पीड़िता लगातार दहशत में थी।

# पाली थाना के आंबटित भूमि से आठ साल बाद भी विभाग बेखबर

### अतिक्रमण की भेंट चढी पुलिस को आंबटित भूमि

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- उमरिया जिले के पाली थाना के लिए राजस्व विभाग व्दारा आंबटित भूमि से आज आठ साल बाद भी पुलिस विभाग पूर्णतया बेखबर है और उस अनमोल भूमि पर अतिक्रमण कारियों ने अपना मकड़जाल फैला कर अवैध कब्जे में ले लिया है ,,पुलिस महकमा के लिए मध्यप्रदेश शासन व्दारा भूमि सुरक्षित कर रखी है फिर भी वह भूमि आज भी असुरक्षित बनी हुई है ,जिससे आंबटित भूमि पर अतिक्रमण कारियों की भेंट चढ़ चुकी है । बताया जाता है की बिरसिंहपुर पाली थाना के लिए कार्यालय तहसीलदार तहसील पाली जिला उमरिया ( म प्र) आदेश क्र 22/पाली दिनांक 6- 12- 2017 को थाना पाली के पत्र क्र / थाना पाली/ 3725 /2017 दिनांक 10-10-2017 को आधार मानकर धौंरई ग्राम में आराजी खसरा नंबर 327/1/ ख रकबा 0.809 हेक्टेयर ग्राम मलहदू स्थिति आराजी खसरा नंबर 92/2 रकबा 0.202 हेक्टेयर और घुनघुटी स्थिति आराजी खसरा नंबर 366/1/2 रकबा 0.069 हेक्टेयर आंबटित कर थाना प्रभारी पाली को उक्त आदेश के हवाले से आंबटित कर राजस्व निरीक्षक पाली को सीमांकान कर सात दिवस मे पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए गए थे , लेकिन उक्त भूमि आज भी लावारिश पडी हुई है , उक्त आंबटित भूमि आज तक पुलिस प्रशासन के कब्जे में नहीं है । पाली थाना को आंबटित भूमि से आज भी पाली थाना की पुलिस अनजान बनी हुई है ,और वह भूमि अतिक्रमण कारियों के मकड़जाल में उलझ कर कही महल का आकार ले लेती है तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है ।



**पुलिस की भूमि सुरक्षित नहीं, तो औरौ की कौन कहे ?**

विदित होवे की पाली थाना को आवासीय कालोनी के लिए म प्र शासन राजस्व विभाग व्दारा दो एकड़ भूमि पुलिस महकमा के लिए आवासीय कालोनी बनाने के लिए राजस्व ग्राम धोंरई मूल ग्राम गिंजरी में भूमि आवंटित लगभग आठ साल पहले की गयी थी, जिसमें कालोनी बनना तो दूर की कौड़ी उस भूमि को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित करने में भी सफल नहीं हो पायी, और करोड़ों की उस भूमि पर अतिक्रमण कारियों ने अवैध रूप से कब्जा कर हथिया लिया है, फिर भी पुलिस प्रशासन अपनी भूमि को भूला बैठा है अभी भी पुलिस महकमा के जिम्मेदार अधिकारियो को ही कोई रता पता नहीं है की पुलिस को राजस्व विभाग के व्दारा भूमि आवंटित की गयी है ,अब उसके सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस महकमा की हों गयी है ।भूमि अतिक्रमण कारियों के कब्जे में न चली जाए इसके लिए अब उन्हें ही चिंता करनी होगी । जिससे पुलिस प्रशासन के प्रति नागरिकों के बीच यह संदेश जा रहा है की पाली पुलिस जब अपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा नहीं कर पा रही तो अन्यों की सुरक्षा तो सवालों के घेरे में बनी हुई है ।

**यातायात पुलिस थाना की भूमि भी अतिक्रमण की चपेट में**

नगर के विस्तारित विकास के लिए भी राजस्व विभाग व्दारा पुलिस निरीक्षक के पत्र के आधार पर यातायात थाना के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलहदू में आराजी खसरा नंबर 92/2 रकबा 0.202 हेक्टेयर भूमि यातायात थाना के लिए सुरक्षित कर पुलिस थाना पाली को अतिक्रमण मुक्त करा कर सुपुर्द की गयी थी, बताया जाता है कि इस भूमि के रकबे पर कतिपय लोगों का आवासीय कब्जा था,,जिसे तत्कालीन तहसीलदार पाली राजेश पाण्डेय ने कब्जा हटाकर पुलिस विभाग को दिया गया था , लेकिन उस भूमि को भी पुलिस सुरक्षित नहीं रख सकीं और आज उस रकबे पर ऊषा रैदास ने दुबारा पी एम आवास बना कर कब्जा कर ली है , इस तरह देखा जाए की पुलिस अपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने में पूर्णतः असफल साबित हो रही है । अभी भी उच्च पुलिस अधिकारी अनमोल भूमि को सुरक्षित करने के लिए पहल करेंगे ऐसी जनापेक्षा है । देखने में आया है कि पाली में वैसे भी समुचित व्यवस्थित विकास के लिए भूमि का बेहद अभाव बना हुआ है और पुलिस विभाग को मिली भूमि आज अतिक्रमण कारियों के लिए वरदान साबित हो रही है ।

# पुरानी रंजिश को लेकर विवाद

### एक महिला से मारपीट, जान से मारने की दी धमकी!

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ, निगोहां थाना क्षेत्र के मीरानपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद के चलते एक महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। बीते रविवार की है।जिसकी सूचना पीड़िता ने सोमवार को पुलिस को दी।मामले में पीड़िता रानी पत्नी हरदयाल, निवासी राजाखेड़ा मजरा मीरानपुर, ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उनके बेटे व पति घर पर नहीं थे, तभी विपक्षीगण अर्जी पुत्र स्व. बिल्लेश्वर, अजीत पुत्र अर्जुन, अंकित पुत्र अर्जुन, उनकी पत्नी संगीता तथा दो अज्ञात लोग जबरन घर में घुस आए और उन्हें लात-घूंसों व लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।मारपीट की घटना से पीड़िता भयभीत होकर शोर मचाने लगी जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए और आरोपी गाली-गलौज व धमकी देते हुए वहां से चले गए।पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।
थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और मामले की गहन जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वन विभाग डीएफओ,एसडीओ को दो जिलों का चार्ज पर उठ रहे सवाल ?

**समाज जागरण**

पांढुरनाः- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के महत्वपूर्ण संवेदन शील वन विभाग के उच्चअधिकारियों की कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में नजर आ रही है। जिला पांढुरना वन मंडल इन दोनों सुर्खियों में चला रहा है।
मिली जानकारी के अनुसार डीएफओ,एसडीओ को विशेष सुविधा मुहैया कराने पांढुरना और छिंदवाड़ा दोनों जिलों का चार्ज देना एक असामान्य व्यवस्था लगती है,खासकर जब पांढुरना एक स्वतंत्र जिला बन गया है। यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह व्यवस्था वन विभाग के कामकाज को प्रभावित कर रही है? इतनाही नहीं शासन स्तर की योजनाओं से आमजनों को भटकना पड़ रहा है। यह उच्च अधिकारी समय पर मिला नहीं पा रहे है। 2023 के पहले छिंदवाड़ा जिला दक्षिण वन मंडल सामान्य का पांढुरना हिसा था जिसमें सिलेवानी रेंज शामिल थी पांढुरना जिले के अस्तित्व में आने से पांढुरना वन मंडल सामान्य हुआ है। तब से यहां वन विभाग के उच्च अधिकारियों ने एसडीओ बुदौलिया का एडिशनल चार्ज पांढुरना वन मंडल एसडीओ की पद पर होना बताया जा रहा है।

**शासन के आदेश के बाद पांढुरना में कैसे डेट है एसडीओ?**

इस बीच एसडीओ बुदौलिया का मध्यप्रदेश शासन वन विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल,दिनांक 20 अगस्त 2025 आदेश क्रमांक एफ 1/1/41/0 002/2025-धारा-1-10 :: राज्य शासन द्वारा श्री अनादि बुधोलिया, उप वन मंडल अधिकारी, सिल्लेवानी पांढुरना वन मंडल को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से उप वन मंडल अधिकारी, छिंदवाड़ा पूर्व छिंदवाड़ा वन मंडल के पद पर स्थानांतरित किया गया इस के बाद पांढुरना वन मंडल डिविजन का चार्ज कैसे दिया गया है?




**15अगस्त को झंडा वंदन के बाद नहीं दिखे डीएफओ**

पांढुरना जिला अगस्त 2023 में छिंदवाड़ा जिले से अलग होकर बना है, और अब यह एक स्वतंत्र जिला है। डीएफओ सचिन नरगडी की शासन स्तर पर पोस्टिंग पांढुरना जिला वन मंडल कार्यालय के लिए हुई है।उन्होंने विदिवद चार्ज लिया है। परन्तु डीएफओ साहब चार्ज के बाद मात्र 15 अगस्त को झंडा वंदन करने आए तब से आज तक मुख्यालय राम भरोसे चल रहा है।हालांकि उनके पास भी छिंदवाड़ा प्रोडक्शन का एडिशनल चार्ज होना बताया जा रहा है।
छिंदवाड़ा में पदस्त एसडीओ को दो ज़िलों की मुख्यालय के चार्ज में है। इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच के अलावा ऐसे में वन विभाग के अधिकारियों की पोस्टिंग और उनके कामकाज की व्यवस्था भी स्पष्ट और पारदर्शी होने चाहिए।यह व्यवस्था कई सवाल उठाती है। क्या यह व्यवस्था वन विभाग के कामकाज को प्रभावित करेगी?,क्या अधिकारियों की लाबी की मिलीभगत का परिणाम है?क्या पांढुरना जिले के वन विभाग के अधिकारियों की पोस्टिंग और कामकाज की व्यवस्था स्पष्ट और पारदर्शी नहीं मालूम पड़ रही है?

**इनके कहने**

इस पूरे मामले की जानकारी लेता हु और वास्तविकता क्या है यदि अधिकारी व्यवस्था बिगड़ रहे होगे तो जांच की मांग कर सुचारू व्यवस्था बनाएंगे

# संपूर्ण समाधान तहसील दिवस की अध्यक्षता एडीएम सिविल सप्लाई व एसडीएम पवन पटेल,तहसीलदार,मोहनलालगंज व,एसीपी रजनीश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ

**विवेक कुमार संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ संपूर्ण समाधान दिवस सभागार में पहुंचे फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिसमें 183 शिकायतें प्राप्त हुई और 22 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया जिसकी अध्यक्षता एडीएम सिविल सप्लाई व एसडीम पवन पटेल ने की। मोहनलालगंज तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों में सुशीला यादव पत्नी सुरेश चंद्र धौरहरा ने शिकायत दर्ज कराई कि मुझे प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ नहीं दिया जा रहा है, जागेश्वर कटरा बक्कास गोसाईगंज ने आरोप लगाया कि प्रधान राम सिंह ने जनमानस को गुमराह कर बंजर भूमि पर दुकान बना दी जिसे बनाते समय कहा था कि गांव के लोगों के लिए पूजा स्थल बन रहा है जो अवैध रूप से निर्माण कराया गया है उसे हटाए जाने की आवश्यकता है, मोहनलालगंज की शकीला बानो पुत्री इदरीश निवासिनी गोसाईगंज ने शिकायत दर्ज कराई कि मेरी शादी मोहनलालगंज के इकराम मोहम्मद से हुई थी मुझे मोहनलालगंज मौरावा रोड के निवास से राशन कार्ड जारी किया जाए जिससे इसका लाभ मुझे मिल सके ,प्रधान समेसी ने आरोप लगाया कि समेसी ड्रेन पुलिया निर्माण न होने से आने-जाने वाले ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना कर करना पड़ रहा है जिससे कई गांव के ग्रामीणों को इस रास्ते से गुजरना होता है लेकिन निगोहा नगराम मार्ग को जोड़ने वाले इस मार्ग की पुलिया का निर्माण कर दिया जाए संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम सिविल सप्लाई ज्योति गौतम ने की, इस मौके पर उप जिलाधिकारी पवन पटेल ,तहसीलदार ऋतुराज शुक्ला एसीपी रजनीश वर्मा, नायब तहसीलदार गुरप्रीत, नायब तहसीलदार,वसुंधरा सिंह, सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे कुल 183 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें 22 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।



# आगामी उपचुनाव केवल सता का ही नहीं बल्कि जनता के अधिकार और सम्मान का संघर्ष है सोमेश सोरेन

**दैनिक समाज जागरण**
**08.09.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर घाटशिला के पांवड़ा पंचायत स्थित खठ पैलेस में आयोजित बैठक घाटशिला प्रखण्ड के राजनीतिक और सामाजिक भविष्य की दिशा तय करने हेतु बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष दुर्गा चरण मुर्मू के अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ।
स्व. रामदास सोरेन जी के सुपुत्र एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सोमेश चन्द्र सोरेन ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि आगामी उपचुनाव केवल सत्ता का नहीं बल्कि जनता के अधिकार और सम्मान का संघर्ष है। उन्होंने हर कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी कि एक-एक मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुँचाना झामुमो का कर्तव्य है।
बैठक में बूथवार रणनीति, पंचायतों का जोनल विभाजन तथा बूथ समितियों को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। महिला शक्ति को समाज परिवर्तन का आधार मानते हुए उन्हें राजनीति और संगठन में और अधिक जिम्मेदारी देने की बात कही गई। श्री सोमेश सोरेन ने स्पष्ट कहा कि जैसे घर की अनुशासन मां के हाथों में होती है, वैसे ही समाज और राजनीति की मजबूती में महिलाओं की भूमिका अपरिहार्य है। आगामी दिनों में चुनावी चुनौती और त्योहारी व्यस्तताओं के बीच दोगुनी मेहनत करने का आह्वान किया गया। साथ ही जनता के बीच में जाकर उनके समस्याओं के समाधान करने का प्रयत्न करना होगा ।
बैठक में प्रखण्ड अध्यक्षों, महिला मोर्चा की नेत्रियों, वरिष्ठ नेताओं और सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा कि ्हर कार्यकर्ता एक रामदास सोरेन है्ह और 60 दिनों की कठिन मेहनत से विजय सुनिश्चित करनी है। यह बैठक केवल संगठनात्मक मजबूती का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि स्व. रामदास सोरेन जी की संघर्षशील विचारधारा को व्यवहार में उतारने का संकल्प था।
अब आने वाला उपचुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए संगठन, संघर्ष और समर्पण की असली परीक्षा होगा। कार्यक्रम में गुड़बंदा अध्यक्ष सुराय टुडू जी, धालभूमगढ़ प्रखण्ड अध्यक्ष अर्जुन चंद्र हांसदा, प्रखण्ड प्रमुख श्रीमती सुशीला टुडू जी, महिला मोर्चा के अध्यक्ष श्रीमती छाया रानी साहू जी पूर्व केंद्रीय सदस्य कान्हु सामंत, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष वकील हेंब्रम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, घाटशिला प्रखण्ड सचिव खुदी राम हेंब्रम,घाटशिला प्रखण्ड कोषाध्यक्ष बाबू लाल मुर्मू, प्रखण्ड उपाध्यक्ष हीरा सिंह, बबलू हुसैन, प्रखण्ड संगठन सचिव मो जलील, सह सचिव रिंकू सिंह, वरिष्ठ नेता सत्यजीत कुंडू, काजल डॉन,कालीपद गोराई, सोनाराम टुडू, आनंद गोयल,गोपाल कोयरी,मीडिया प्रभारी सोमेन मिश्रा,
कार्यक्रम का संचालन अम्पा हेंब्रम ने किया तथा वरिष्ठ नेता काजल डॉन ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।




# राजस्व महा अभियान में रैयतो को ठेंगा दिखा रहे हैं राजस्व कर्मी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण**
**ब्यूरो किशनगंज।**

भूमि संबंधी दस्तावेज के त्रुटियों में सुधार करने रैयतो को इसकी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राजस्व व भूमि सुधार विभाग 16 अगस्त से 20 सितंबर तक राजस्व महाभियान चला रही है। इसमें जमाबंदी त्रुटि सुधार, उत्तराधिकारी नामांतरण, बंटवारा नामांतरण व छूटे जमाबंदियों का डिजिटलीकरण जैसे कार्य किए जाने हैं। परंतु किशनगंज प्रखंड में राजस्व महाअभियान विफल होता दिख रहा है, क्योंकि अब तक अधिकांश रैयतों को जमाबंदी पंजी प्रति नहीं मिला और न ही घर-घर जाकर जमाबंदी पंजी वितरित कर रहे हैं। रैयतों को भूमि संबंधी त्रुटियों को ठीक कराने में बहुत परेशान है और कठिनाई महसूस कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें जमाबंदी पंजी अब तक नहीं मिल पा रही है और राजस्व कर्मचारी उनकी शिकायतें भी नहीं सुन रहे हैं, फोन उठा रहे हैं,कार्यालयों में नहीं मिल रहे हैं।
खगड़ा हल्का कचहरी राजस्व महा अभियान शिविर में पहुंचे मो सगीर ने बताया की हम लोग कई दिनों से जमाबंदी पंजी प्रति लेने के लिए परेशान है 20 दिन बीत गए अब तक जमाबंदी पंजी प्रति नहीं मिला है। महा अभियान में कोई काम नहीं हो रहा है सिर्फ लोगों को परेशान किया जा रहा है। वही मो नजीर ने बताया मेरे दादा के नाम से जमीन है, 1978 से पहले उनकी मृत्यु हो गई है। उस समय वोटर आईडी कार्ड नहीं बना था, आधार कार्ड भी नहीं है राजस्व कर्मचारी द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है मैं कहां से मृत्यु प्रमाण लाऊं, जमाबंदी सुधार करने के लिए बहुत परेशान हैं। वही मो अफास ने बताया 2024 में लगान निर्धारित करने के लिए अंचल में आवेदन दिए थे आज तक मेरा कार्य नहीं हुआ मैं गरीब मजदूर हूं रुपया कहां से लाऊंगा अंचल दौड़-दौड़ कर परेशान हो गया हूं रुपयों की मांग किया जा रहा है नहीं देने पर मेरा कार्य नहीं कर रहे है। राजस्व महा अभियान शिविर में अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंचे मो साहेब, मो अफरोज, फजीरूद्दीन, मो मंजूर आलम, मो नजीर आलम, मो शहाबुद्दीन, मो मंजर आलम, सगीरूद्दीन,मो अब्दुल रहमान, मो महफूज आलम आदि लोगों ने बताया की राजस्व महा अभियान में अब तक किसी का भी कोई काम नहीं हुआ है। अधिकतर लोगों को जमाबंदी पंजी प्रति नहीं मिला है, जिससे वे अपनी भूमि संबंधी त्रुटियों को जान नहीं पा रहे हैं और उन्हें ठीक नहीं करवा पा रहे हैं। कर्मचारियों के गैर-जिम्मेदाराना रवैये से लोग और भी परेशान हो रहे हैं। वही अंचल अधिकारी राहुल कुमार ने बताया की 75% लोगों को जमाबंदी पंजी प्रति दिया गया है और उन्होंने बताया को जमाबंदी त्रुटि एवं नाम परिवर्तन में सुधार के लिए मृत्यु प्रमाणपत्र, आपसी सहमति जैसे कई साक्ष्य देना होता है। रैयतों के पास प्रमाण पत्र जैसे कई दस्तावेज नहीं रहने के कारण निष्पादन नहीं हो रहा है। बड़ा सवाल है कि अगर रिश्वत दे दिया जाए तो जमाबंदी में नाम परिवर्तन हो जाता है। बिना दाखिल खारिज का रसीद निर्गत हो जाता है,जमाबंदी पंजी से छेड़-छाड़ मिनटों में हो जाता है। उसको सुधार करवाने के लिए रैयत कोर्ट कचहरी का चक्कर काटते रहते हैं।



# ऑटो की बैटरी चोरी के आरोपी की हुए गिरफ्तारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा पुलिस ने ऑटो की बैटरी चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को एक शिकायत मिली थी कि अज्ञात चोर ने रात में एक घर के सामने खड़े ऑटो से बैटरी चुरा ली है।ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रमेश्वर तिराहे के पास से आरोपी को पकड़ा। आरोपी की पहचान करन कुमार उर्फ डब्बू के रूप में हुई है। वह पप्पू का पुत्र है और शिवपुर थाना क्षेत्र के कोइलहवा का रहने वाला है। फिलहाल वह काशीराम आवास की बिल्डिंग नंबर 41 के कमरा नंबर 7 में रह रहा था।

पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बैटरी बरामद की है। इसके अलावा उसके पास से चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार भी मिले हैं। इनमें एक सफेद धातु का रिंच, एक सफेद धातु का प्लास, प्लग रिंच और एक प्लास्टिक कवर वाला पिलास शामिल है।

# क्लिनिक से घर जा रहे चिकित्सक को दबंगो ने पीटा

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । फूलपुर थाना क्षेत्र के गोडिया गांव के पास कतिपय दबंगो ने लाठी डंडे से मनोज यादव 30 वर्ष को पीटकर घायल कर रुपये व सोने की चेन छीन लिया ।

फूलपुर पुलिस को दिए तहरीर में भाऊपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर निवासी मनोज यादव ने आरोप लगाया है कि वह क्लिनिक बंद करके रात में लगभग 8 बजे घर जा रहा था तभी रास्ते मे गोडिया के पास एक ज्ञात और तीन अज्ञात लोगों ने घेर कर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर रुपये व चेन छीन लिया । बेहोशी की हालत में घंटो पड़ा रहा बाद में किसी तरह घर पहुचा । सोमवार को उपचार के बाद थाने पहुचकर तहरीर दिया ।

# हरहुआ उपकेंद्र से दो घण्टे विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पीएम के आगमन एवं लाइनों की सुरक्षा के दृष्टि से डालियों की छटाई - कटाई एवं सुंदरीकरण कार्य हेतु आज 09 सितंबर को 33/11 के वी उपकेंद्र से निर्गत 11 के वी पोषक हरहुआ, मोहनपुर ,साईगांव की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से दोपहर 13:00 बजे तक बाधित रहेगी! उपरोक्त ग्राम सभाओं के सभी उपभोक्ता से अनुरोध है कि सुबह 10 बजे से पूर्व पानी आदि की व्यवस्था कर एवं महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण कर ले।

उपरोक्त विद्युत व्यवधान के लिए खेद है,विभागीय हित में सहयोग प्रदान करने का कष्ट करे।

"राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाए " उक्त जानकारी उपखण्ड अधिकारी व अवर अभियंता हरहुआ ने दी है।

# प्रधानमंत्री के आगमन पर स्वागत हेतु हुई बैठक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन राम गुलाम के आगमन को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिला कार्यालय केशरीपुर रोहनिया में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री और मॉरीशस के प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वागत का प्वाइंट बनाया गया।बैठक में कुछ प्रमुख बिंदु के प्वाइंट इंचार्ज बनाए गए हैं। वरिष्ठ कार्यकर्ता विनोद रस्तोगी ने बताया कि बाबतपुर एयरपोर्ट गेट पर विधायक डॉ अवधेश सिंह तथा प्राथमिक विद्यालय बाबतपुर के पास अजगरा विधान सभा विधायक त्रिभुवन राम एवं एयरपोर्ट चौराहा ब्रिज के नीचे शिवपुर विधान सभा, मंत्री अनिल तथा अबेडकर पार्क चौराहा के पास रोहनिया विधानसभा एवं सेवापुरी विधानसभा,विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा को स्वागत की जिम्मेदारी दी गई।बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री डॉ जय प्रकाश दुबे, प्रवीण सिंह गौतम, संजय सोनकर, एवं उषा राज मौर्य, फौजदार शर्मा, अश्वनी पाण्डेय, विनोद रस्तोगी, जय कुमार जैसल, सुधीर वर्मा, अजय विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# पुलिस ने छापेमारी कर पकड़े 5 जुआरी

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

पिंडरा। सिंधोरा पुलिस ने अपराह्न में बगीचे में बैठकर जुआ खेल रहे 5 लोगों को फड़ से मिले रुपये व ताश के पत्ते के साथ गिरफ्तार कर लिया। सिंधोरा थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि अपराह्न में मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे है। जिसपर मयफोर्स छापेमारी कर जुए के फड़ से ताश के पत्ते व लगभग 5 हजार नगद रुपये



बरामद किए। इस दौरान 5 लोगो को धर दबोचा गया। अन्य भाग निकले। पकड़े गए शशि उर्फ गणेश गुप्ता, सूबेदार,विजय ठठेरा, सरफराज व मुकेश राजभर को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया।

# मां भगवती नेपाली मंदिर परिसर में अजगरा विधायक ने लगाया झाड़ू

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सांसद पखवाड़े के तहत सोमवार की सुबह छितमपुर गांव स्थित मां भगवती नेपाली मंदिर परिसर में अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की ।



इस मौके पर उन्होंने कार्यकताओं को बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भले ही हैं लेकिन कार्यकर्ता होकर पिछली कतार में बैठते हैं।यह हम सभी के लिए एक गर्व की बात है। कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी है । सरकार के साथ साथ संगठन का भी बड़ा महत्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छता अभियान देश नही नही विदेशों में संदेश देता है। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का निर्माण हो यही हमारी परिकल्पना है।

स्वच्छता अभियान चोलापुर विकास खंड के एडीओ पंचायत आनंदशील आम्बेडकर की उपस्थिति में किया गया।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अंजनी नंदन पांडेय, राम प्रकाश सिंह बीरू जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा,लक्ष्मण सिंह मंडल अध्यक्ष,मुक्ति नारायण मौर्य,रामजी मौर्य, हरेंद्र सिंह,राम सूरत यादव प्रधान, राघवेन्द्र जायसवाल प्रधान, अजय गुप्ता,त्रिवेणी सिंह, मनीष चौहान प्रधान, सोनू कन्नौजिया, शिवम चतुर्वेदी,नीरज पाल प्रधान, अजीत सिंह, सहित कई प्रमुख लोग शामिल रहे।

# संगठन की सफलता का मुख्य आधार होता है अभिलेखीकरण: विमल कुमार सिंह

## स्वयं सहायता समूह के लेखपाल का मॉड्यूल-1 (SHG BK M-1) विषयक 03 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। किसी भी संगठन की सफलता का मुख्य आधार उसका अभिलेखीकरण कौशल होता है।



उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चयनित स्वयं सहायता समूहों के लेखपाल का एसएचजी कंसेप्ट एण्ड मैनेजमेंट विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के शुभारंभ अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि समूहों के वित्तीय अभिलेखों का रखरखाव करने में प्रशिक्षित बुक कीपर दीदियां अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन निर्मल द्वारा प्रतिभागियों को इन तीन दिवसों में स्वयं सहायता समूह की अवधारणा तथा उसके प्रबंधन के बारे में और लेखांकन क्या होता है एवं लेखांकन की प्रक्रिया तथा समूह में तैयार की जाने वाली पुस्तकों के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद वाराणसी के विकास चिरईगांव से चयनित 50 समूहों से बुक कीपर दीदियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, अजीत कुमार, सरिता यादव, रंजना प्रजापति, रेखा देवी, सोना देवी, कंचन, बिन्दु, सुनीता देवी, परमशिला, रेनू, रिंकी, धर्मशिला, रूबी, इंद्रासनी, रानी, चन्दा, गीता, नाहिद अख्तर, आशिया, प्रतिमा, प्रियंका, नीलम, माया, बेबी, नीतू, निर्जला, अंजू, जानकी, डिम्पल, रीता आदि की उपस्थिति रही।

# पिंडरा में तहसील दिवस पर आए 71 मामले, 5 का हुआ निस्तारण

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणसी । पिंडरा स्थित तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 71 फरियादियों ने गुहार लगाई। जिसमे मौके पर 5 मामलों का निस्तारण किया गया।

एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस पर जगदीशपुर निवासी मुरारीलाल सेठ व जमैथा आतिश सिंह दोनों ने मिलकर सिसवा बाबतपुर मे जमीन लिया था। जब दोनो जमीन की बाउंडरी वाल कराने पहुँचे तो वही का एक दबंग बिना हफ्ता दिये काम नही कराने की धमकी दे रहा है।जिससे हम लोग भयभीत है। पीड़ित ने जान माल के रक्षा की गुहार लगाई। जिसपर थानाध्यक्ष बड़ागाँव को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। सरावा निवासी रितेश कुमार ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसके आराजी न0 का फर्जी कागजात तैयार उसमे आवास आवंटन करा लिया गया है। जिसपर क्षेत्रीय कानूनगो को जांच का आदेश दिया।

वही भदेवली के मेवालाल व सिंधोरा के रितेश चौरसिया ने उनकी आराजी में दबंगो द्वारा जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की। जिसे क्षेत्रीय कानूनगो को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

इस दौरान एसीपी पिंडरा प्रतीक कुमार, तहसीलदार राधेश्याम यादव, नायब तहसीलदार प्राची केसरवानी, बीईओ विनोद कुमार मिश्रा, एसडीओ गुलाबचंद, सीडीपीओ आशीष वर्मा, इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह आपूर्ति निरीक्षक प्रदीप शुक्ला समेत अनेक अधिकारी व कर्मचारी रहे।

# पीएम के आगमन के पूर्व साफ सफाई अभियान चलाकर किया गया स्वच्छता का कार्य।

**समाज जागरण**

वाराणसी रोहनिया विधानसभा के कर्दमेश्वर मंडल के कंदवा वाराणसी में काशी के लोकप्रिय सांसद एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर सदस्य विधान परिषद सह जिला अध्यक्ष भाजपा हंसराज विश्वकर्मा और जिला स्वच्छता प्रभारी विपिन चंद्र पाल ने स्वच्छता अभियान के तहत कर्दमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में स्वच्छता का कार्य किया।



साथ मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश पटेल, जिला मंत्री विनोद पटेल पार्षद प्रतिनिध गोपाल पटेल जितेंद्र केशरी श्याम सुंदर विश्वकर्मा विहारी पटेल अनिल कुमार सिंह प्रभु पटेल सुरेश सिंह प्रधान विनोद कुमार सिंह मिश्रीलाल गिरी विजय विश्वकर्मा सलगू पटेल बबलू राजभर शशि कुशवाहा अजीत यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति का अध्यक्ष बने अजीत कुमार सिंह, महिला टीम की अध्यक्षा उषा शर्मा

**ब्यूरो चीफ/ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ओबरा के बाबा भूतेश्वर दरबार महारुद्र सेवा समिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसमें अजीत कुमार सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही, उषा शर्मा को महिला टीम की अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह निर्णय आगामी नवरात्र और छठ पर्व 2025 के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

**मंदिर समिति का पुनर्गठन**

समिति की बैठक में सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने मिलकर यह फैसला लिया। नई टीम आगामी सभी धार्मिक त्योहारों और आयोजनों का नेतृत्व करेगी। नए पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार है। मुख्य संरक्षक अरविंद सिंह, संरक्षक रामसमुझ सिंह, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार पांडे, कार्यकारिणी सदस्य (पूर्व अध्यक्ष) रणजीत तिवारी, अनिल कुमार विश्वकर्मा, विनोद तिवारी, संजय सिंह, अशोक जायसवाल, कृष्णकांत दुबे, सर्वेश दुबे।

मीडिया का प्रभार संभालने वाले पत्रकारों में चंद्रजीत सिंह, महेश अग्रहरी, कैलाश, राजू, विजय साहनी, धर्मेंद्र कुमार दुबे, अरविंद कुशवाहा, संतोष साहनी, छवि साहनी, और कैलाश बिहारी शामिल हैं।

**महिला टीम को भी मिली जिम्मेदारी**

समिति में महिला सदस्यों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए एक अलग महिला टीम का भी गठन किया गया है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर इन सभी सदस्यों को सम्मानित कर



उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। महिला टीम की पदाधिकारी इस प्रकार हैं। अध्यक्ष उषा शर्मा, उपाध्यक्ष पुष्पा दुबे, कोषाध्यक्ष ममता श्रीवास्तव, सचिव संजीता सिंह, उपसचिव सरिता सिंह, महामंत्री बीना पांडे, संगठन मंत्री अलका सक्सेना, इसके अलावा, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संजू श्रीवास्तव, सुषमा कुशवाहा, निर्मला सक्सेना, प्रमिला विश्वकर्मा, सुधा, गीता, गुंजा, सोनी, कंचन, सुमन झा, मीता चौबे, सीमा और फूलमती भी शामिल हैं।

**बाबा भूतेश्वर दरबार का इतिहास और महत्व**

समिति के प्रबंधक ने बताया कि यह संस्था पिछले 25 वर्षों से ओबरा क्षेत्र में बाबा भूतेश्वर दरबार की सेवा कर रही है। इसका मुख्य कार्य साधु-संतों की सेवा करना, भक्तों का सम्मान करना और मंदिर परिसर की साफ-सफाई बनाए रखना है। इस दरबार को ब्रह्मलीन संत श्री श्री 1008 श्री शिवदास जी महाराज फक्कड़ बाबा ने अपनी वर्षों की तपस्या से एक तपोभूमि के रूप में स्थापित किया था। यहाँ पंचमुखी गुफा में अरुणेश्वर महादेव अपने परिवार सहित विराजमान हैं। मंदिर में एक अद्भुत शिवलिंग है जो वर्षों पहले खंडित होने के बावजूद तिल-तिल बढ़ रहा है, जिसे एक चमत्कार माना जाता है। इसके अलावा, यहाँ ब्रह्मलीन फक्कड़ बाबा की समाधि है, जहाँ एक अखंड धूनी वर्षों से प्रज्वलित है। दरबार में हंस वाहिनी गुफा, शीतला माता और महादेव के छोटे मंदिर भी हैं। गुफा के अंदर काली माता की मूर्ति भी स्थापित है।समिति के नए अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने एक शपथ पत्र के माध्यम से यह घोषणा की है कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ समिति के कार्यों का संचालन करेंगे और सभी गतिविधियां नियमों के अनुसार ही की जाएंगी।

# सड़क दुघर्टना में मृत पति-पत्नी के परिजनों से मिले अजगरा विधायक त्रिभुवन राम, दी हर मदद का सांत्वना

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पिछले दिनों हरिबल्लमपुर गांव के समीप बाबतपुर संदहा रिंग रोड पर टूटी सड़क से बाइक सवार गिर गये थे। पीछे से आ रही चार पहिया वाहन ने कुचल दिया था । जिससे पति राकेश मौर्य, पत्नी गुंजा मौर्य निवासी गरथौली ( अनेवा ) चौबेपुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।



घटना की जानकारी मिलने पर अजगरा विधायक त्रिभुवन राम सोमवार की प्रातः 10 बजे मृतक परिवार के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी। मुखाग्नि दिये पिता बंशराज मौर्य को सरकार द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहायता दिलाने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया ।

इस मौके पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह बीरू ,मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह,राम जी मौर्य, मुक्ति नारायण मौर्य, धीरेन्द्र पांडेय,जित्तू सिंह सहित कई स्थानीय प्रमुख लोग शामिल रहे।

# 10 से कोटे की दुकानों से वितरित होगा सितम्बर का गेहूं व फोर्टिफाइड चावल

## अंत्योदय कार्डधारकों को तीन किलो चीनी 54 रुपये में मिलेगी।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।उचित दर की दुकानों से 10 सितंबर से 25 सितंबर तक वितरित होगा सितंबर माह का गेहूं, चावल व अंत्योदय कार्डधारकों को जुलाई-अगस्त-सितंबर का तीन किलो चीनी वितरित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण वल्लभ सिंह ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि उचित दर की दुकानों से सितम्बर माह का गेहूं, चावल 10 सितम्बर से 25 सितम्बर तक निःशुल्क वितरित किया जाएगा।अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलो गेहूं,21 किलो चावल निःशुल्क वितरित किया जाएगा।अंत्योदय कार्डधारकों को जुलाई-अगस्त-सितम्बर के तीन किलो चीनी भी वितरित किया जाएगा।चीनी का 54 रुपये अंत्योदय कार्डधारकों को वहन करना पड़ेगा।पात्र गृहस्थी के कार्डधारकों को प्रति यूनिट दो किलो गेंहू व तीन किलो चावल (फोर्टिफाइड चावल) निःशुल्क वितरित किया जाएगा। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी गुलाब यादव व पूर्ति निरीक्षक सदर संजय सिंह ने कार्डधारकों से अपील की है कि खाद्यान्न लेने से पूर्व अपने पूरे परिवार का केवाईसी अवश्य करा लें।नही तो आने वाले दिनों में बीना केवाईसी के यूनिट स्वतः गायब हो जाएगा। फिर कार्ड में जुड़वाना मुश्किल होगा।

# भगवान श्री कृष्ण का जन्म ही हुआ कंस के अंत के लिए:अखिलानंद महाराज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।। क्षेत्र के बलुआ ग्राम सभा के बड़वापुर में चल रहे सात दिवसीय श्री मद्भागवत महापुराण कथा के पांचवे दिन भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी की कथा का रसपान भक्तों ने अखिलानंद महाराज जी के मुखार बिंदु किया । राजा कंस के अत्याचारों से धरती पीड़ित थी। कंस को एक आकाशवाणी से पता चला कि उसकी बहन देवकी के गर्भ से पैदा होने वाला आठवाँ पुत्र उसे मारेगा। कंस ने देवकी और उनके पति वसुदेव को बंदी बना लिया। भाद्रपद की कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्य रात्रि को मथुरा कारागार में योगमाया के प्रभाव से भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ।



वसुदेव बाल कृष्ण को सूप में लेकर यमुना पार कर गोकुल पहुंचे और यशोदा के घर रख आए, तथा वहाँ से नवजात कन्या को लेकर वापस मथुरा आ गए। कंस ने उस कन्या को मारने की कोशिश की, पर वह माया थी और उसने कंस को बताया कि काल यहाँ नहीं, वृंदावन में है।आज कथा में मुख्य यजमान सहित विजय कुमार दीक्षित, संतोष कुमार दीक्षित, सुनील कुमार दीक्षित, अजय कुमार दीक्षित, आनंद कुमार दीक्षित ,अनिल कुमार दीक्षित, अरुण कुमार दीक्षित, अंकित कुमार दीक्षित, भोला संजीत दीक्षित, एस के पंडित, नितिन दिक्षित, बब्बू, टप्पू, रोहित, मोहित अभिषेक सहित अन्य ग्रामीण भक्त उपस्थित रहे।

# काशी में अपने प्रधानमंत्री एवं मॉरीशस के प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारी जोरो पर

**समाज जागरण**

वाराणसी आज जिला कार्यालय केशरीपुर रोहनिया पर अपने काशी के सांसद एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन राम गुलाम के स्वागत को लेकर जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बैठक आहुत किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री एवं मॉरीशस के प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए आगमन के रूट पर विभिन्न स्थानों पर स्वागत का प्वाइंट बनाया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि को प्वॉइंट इंचार्ज बनाया गया।



10 सितम्बर शाम को मॉरीशस के प्रधानमंत्री का स्वागत

1-बाबत पुर एयरपोर्ट गेट पर - डॉ अवधेश सिंह

2-प्राथमिक विद्यालय बाबत पुर के पास अजगरा विधान सभा झ त्रिभुवन राम

3- एयरपोर्ट चौराहा ब्रिज के नीचे शिवपुर विधान सभा -अनिल राजभर एवं सुबह दिनांक 11 सितम्बर को सुबह अंबेडकर पार्क चौराहा के पास रोहनिया विधानसभा एवं सेवापुरी विधानसभा - हंसराज विश्वकर्मा को प्वॉइंट इंचार्ज बनाया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री डॉ जय प्रकाश दुबे, प्रवीण सिंह गौतम, संजय सोनकर, एवं उषा राज मौर्य,फौजदार शर्मा, अश्वनी पाण्डेय, विनोद रस्तोगी, जय कुमार जैसल, सुधीर वर्मा, अजय विश्वकर्मा रहे।

# युवक का पेड़ से लटकता मिला शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/म्योरपुर/ सोनभद्र। स्थानीय थाना के ग्राम पंचायत परनी के युवक ने स्थानीय जंगल बेलदंडी में सोमवार को गमछा के सहारे सीधा के पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। प्रभारी निरीक्षक कमल नयन दुबे ने बताया कि मृतक 35 वर्षीय शिव बालक पुत्र देव रूप लगभग दस बजे घर से यह बोल कर निकला था कि वह लकड़ी लेने जा रहा है। जब वह तीन बजे तक नहीं आया तो उसकी खोजबीन शुरू हुई तो जंगल में पेड़ पर लटकता देखा पिता ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक के पिता ने तहरीर में बताया है कि युवक एक बच्चे का पिता था और अर्धविक्षिप्त था। परिजनों के मुताबिक मृतक युवक दो वर्ष पूर्व हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसमें उसके सिर में गंभीर चोटे आयी थी और उसका इलाज वाराणसी ट्रामा सेंटर में हुआ था। उसी समय से सिर में चोट लगने की वजह से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।



# प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस से महात्मा गांधी-शास्त्री जी की जयंती तक मनेगा 'सेवा पखवाड़ा

लखनऊ, 08 सितम्बरः- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में आगामी 17 सितम्बर से 02 अक्तूबर तक प्रस्तावित 'सेवा पखवाड़ा' की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से प्रारंभ होने वाला यह सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रमों का आयोजन नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर समाज के गरीब, वंचित और शोषित वर्गों की सेवा का सुअवसर है। यह अंत्योदय से राष्ट्रोदय' की भावना का साकार स्वरूप होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर होगा। 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाई जाएगी और इसका समापन 02 अक्तूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर होगा।

# हिरणपुर-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा, 7 साल की मासूम सना खातून की ट्रेलर से कुचलकर मौत

**समाज जागरण**

पाकुड़ः नगर थाना क्षेत्र के सोनाजोड़ी गांव में सोमवार की सुबह सड़क हादसे में एक सात वर्षीय मासूम बच्ची सना खातून की दर्दनाक मौत हो गई। बच्ची उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सोनाजोड़ी के पास सड़क पार कर रही थी, तभी चिप्स लदा तेज रफ्तार हाईवा (संख्या BR03GC 2319) ने उसे रौंद दिया। स्थानीय मृतका की पहचान सोनाजोड़ी निवासी रियाज अंसारी की पुत्री थी। परिजनों के अनुसार सना अनाथ थी और उसकी परवरिश उसके दादा मुश्ताक अंसारी कर रहे थे। दादा की आंखों के सामने छूट गई सना की जिंदगी मुश्ताक अंसारी ने बताया कि वे अपनी पोती को लेकर बकरी चराने सोनाजोड़ी मोड़ गए थे। वापसी के दौरान सड़क किनारे पोती का हाथ पकड़कर चल रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार हाईवा ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सना की मौके पर ही मौत






हो गई, जबकि दादा बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस सड़क पर वाहनों की नो-एंट्री का नियम लागू रहने के बावजूद इसके ओवरलोडेड और तेज रफ्तार वाहन लगातार गुजरते हैं। हादसे के वक्त भी हाईवा तेज रफ्तार में था। ग्रामीणों का कहना है की हिरणपुर - पाकुड़ मुख्य सड़क पर स्पीड ब्रेकर होना बहुत जरूरी है ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाया जा सके। स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# टिटलागढ़ शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन के एस 05 कोच न०, से एक अज्ञात सवारी का शव घाटशिला रेलवे स्टेशन आरपीएफ ने बरामद किया।

**सौरभ कुमार,दैनिक समाज जागरण,संवाददाता,झारखंड**




जमशेदपुर (जादूगोड़ा) 08 सितंबर 2025:- घाटशिलाः टिटलागढ़ शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन के एस 05 कोच से एक अज्ञात सवारी व्यक्ति का शव घाटशिला रेलवे स्टेशन पर सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे घाटशिला स्टेशन रेलवे आरपीएफ पुलिस ने बरामद किया। आरपीएफ ने तत्काल 108 एंबुलेंस से अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया। अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. भोगान हेम्ब्रम ने जांच के उपरांत बाद उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक के संबंध में आरपीएफ के एएसआई चंद्रशेखर महतो ने बताया कि ट्रेन में ड्यूटी में तैनात चल रहे जवानों ने घाटशिला जानकारी दिया। घाटशिला में ट्रेन डिटेन कर शव उतारा गया है। मृतक के बारे में विस्तृत कोई शिनाखत कि अब तक जानकारी नहीं मिल पाई है। उस ट्रेन में ड्यूटी में तैनात टीटी ने बताया है, कि मृतक तितलागढ़ से शालीमार जा रहा था। घाटशिला रेल पुलिस आरपीएफ अज्ञात मृतक की नाम, पता आदि सहित किस कारण से मृत अवस्था में पाया गया। पूरी जानकारी की जांच परख की जा रही है।

# जमशेदपुर भारतीय जनता पार्टी ने क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर टाटा नगर रेलवे स्टेशन चौक पर एक दिवसीय धरना

**सौरभ कुमार,दैनिक समाज जागरण,संवाददाता,झारखंड**




जमशेदपुर (जादूगोड़ा) 08 सितंबर 2025:-जमशेदपुर भारतीय जनता पार्टी ने रेलवे स्टेशन चौक पर एक दिवसीय धरना दिया, साथ ही राज्य सरकार के विरोध मे जमकर नारेबाजी की, साथ ही क्षेत्र की सभी जन समस्याओं को जल्द दूर करने की मांग की गईं है, मांगे पूरी नहीं हुई तो आगे और भी उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है, बीजेपी जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि घाघीडीह के पांच पंचायत क्षेत्र मे जन समस्याओं का भरमार लगा हुआ है, मगर क्षेत्र के लोगों को समस्याओं का समाधान नहीं निकल रहा है, वंही क्षेत्र के विधायक हो या फिर अधिकारी इन पांच पंचायतों मे समस्याओं का समाधान के बजाय यंहा समस्याओं का भरमार लगा हुआ है, नाली सड़क या फिर लॉ एन्ड ऑडर की समस्या क्षेत्र के जनता परेशान कर रही है, पार्टी की ओर से धरना प्रदर्शन के माध्यम से अधिकारी और जन प्रतिनिधि को जगाने का काम किया जा रहा है, अगर अब भी क्षेत्र की समस्याओं का समाधान जल्द हो हुआ तो बीजेपी सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगी।

# IPTA का शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम सफल. 221 शिक्षक , शिक्षिका हुए सम्मानित

**सौरभ कुमार,दैनिक समाज जागरण,संवाददाता,झारखंड**




जमशेदपुर (जादूगोड़ा) 08 सितंबर 2025:- भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था क्ढळअ का शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर देश के सभी राज्यों से आए 221 शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम आज IPTA के द्वारा किया जमशेदपुर के मोती लाल स्कूल में किया गया जिसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा आदि जगहों से आए हुए शिक्षकों को IPTA राष्ट्रीय पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में लगभग 500 शिक्षकों के अतिरिक्त सम्मान दिया गया । संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ परमानंद मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि हम लोग सभी राष्ट्र निमार्ता हैं। एक गुरु हैं । 90% शिक्षा नीति को सुदृढ़ित करने में कहीं ना कहीं हम सभी निजी शिक्षकों का सहयोग है ।अतः देश के 50 लाख प्लस निजी शिक्षकों के लिए शिक्षक सम्मान योजना अतिशीघ्र लागू हो और संविधान में भी हमारा एक एक्ट बने । भारत फेमस मोटू पतलू, ओगी, भाभी जी घर पर है कई टीवी सीरियल में काम कर चुके कॉमेडी एक्टर सौरभ चक्रवर्ती ने अपने कला के माध्यम से लोगो को भरपूर मनोरंजन किया! इस कार्यक्रम में IPTA के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी कमलेश गिरि ने कहा कि हमलोगों का एक ही नारा के साथ संगठन का काम करते है। न डंडे से न झंडे से हम लोग अपने अधिकार लेंगे कलम के फंडे से स्कूल कॉलेज विद्यालय के संचालक हमारे सर का ताज है। आज की उपस्थिति डॉक्टर परमानंद मोदी, रंजीत श्रीवास्तव, डॉक्टर नथुनी सिंह, एस डी प्रसाद, अखिलेश कुमार, आनंद गौर, वकील कुमार, अशोक प्रसाद, आ 'बी निराला ,रमेश शर्मा ,बबीता ठाकुर, संजीव श्रीवास्तव, अनामिका श्रीवास्तव, प्रेम दीक्षित, मोहम्मद ताहिर, हुसैन सुमित कुमार मिश्रा, जटाशंकर पांडे, जे एन दास, विनीत शाह, मुख्य अतिथि माननीय डीपी शुक्ला मोती लाल स्कूल सेक्रेटरी, आदि हजारों की संख्या में शिक्षक गण उपस्थित थे।

# सर्पदंश के शिकार बिरहोर की बिगड़ी हालत। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिया संज्ञान

**सौरभ कुमार,दैनिक समाज जागरण,संवाददाता,झारखंड**

जमशेदपुर (जादूगोड़ा) 08 सितंबर 2025: कोडरमा - डोमचांच प्रखंड के नवलशाही के विंडोमोह बिरहोर टोला निवासी दीपक बिरहोर 12वर्ष पिता राजू बिरहोर पिछले दिनों एक जहरीले सांप काट लेने से जिंदगी और मौत से जूझने की खबर सोशल मिडिया पर वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेते हुए डीसी को टैग कर लिखा की तत्काल संज्ञान लें एवं उचित हर संभव मदद पहुंचाते हुए सूचित करें। जिसके बाद जिला प्रशासन ने डोमचांच बीडीओ और सीओ को पीड़ित परिवार को जाने को कहा जहाँ बीडीओ, सीओ पहुंचकर पीड़ित को एम्बुलेंस मे सवार कर सदर अस्पताल लाया गया जहाँ इलाज चल रहा है। इधर डीसी ने भी मुख्यमंत्री को रिप्लाई कर लिखा की उक्त मामला संज्ञान में आया है। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के स्थल पर जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है और बेहतर इलाज हेतु अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, समुचित योजना के अंतर्गत पीड़ित को लाभान्वित करने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें की 1 सितंबर को दीपक बिरहोर शिकार करने गए थे। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने काट लिया था। जिसे परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल कोडरमा ले गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था को देखते हुए, उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया जहां इलाज के बावजूद भी कोई सुधार नहीं होने के बाद परिजनो ने उसे वापस घर ले आया जहां मरीज की हालत दिनों दिन और भी बदतर होते जा रही थी। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान इस मामले में संज्ञान लिया है।

# सिंहभूम कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की मांग तेज, छात्र बोले- ड्रेस कोड से लेकर शौचालय तक सुधार जरूरी

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ः सिंहभूम कॉलेज, चांडिल के छात्रों ने सोमवार को कॉलेज प्रशासन से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की जोरदार मांग की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के पूर्व जिला संयोजक समीर महतो के नेतृत्व में छात्रों ने प्राचार्य डॉ. सरोज कुमार कैवर्त को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ड्रेस कोड, शौचालय और बैंकिंग सुविधा की समस्या लंबे समय से बनी हुई है।
छात्र नेताओं ने कहा कि कॉलेज की स्थापना के 52 साल बाद भी यहां ड्रेस कोड लागू नहीं हुआ है, जिससे कॉलेज की पहचान और अनुशासन पर असर पड़ता है। वहीं, कॉलेज परिसर के शौचालयों की दुर्दशा ने खासतौर पर छात्राओं को मुश्किल में डाल रखा है। समीर महतो ने कहा, हम सिर्फ शिकायत नहीं कर रहे, हम समाधान चाहते हैं। कॉलेज प्रशासन को छात्र-हित में तुरंत ठोस कदम उठाने होंगे।
छात्रों ने बैंकिंग सुविधा की मांग भी दोहराई ताकि एडमिशन और फीस जमा करने में उन्हें बाहर भटकना न पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान ईश्वर कुमार, जयंतो महतो, किरीटी कुमार, रूपा महतो, निकिता सिंह, लक्ष्मी नायक, अनुश्री सेन समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# हाथियों के हमले रोकने में सिस्टम नाकाम, ग्रामीणों ने कहा - अब चाहिए स्थायी समाधान

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ः नीमडीह, चांडिल, ईचागढ़ और कुकड़ू प्रखंड के ग्रामीणों ने सोमवार को हाथियों के हमलों से हो रही लगातार तबाही पर प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। खेतों में फसलें बर्बाद हो रही हैं, कई घर टूट चुके हैं और लोग घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार मुआवजे का आश्वासन तो दिया जाता है, पर स्थायी समाधान कभी नहीं निकलता।
जंगली हाथी भगाओ, किसानों की फसल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीण कॉलेज मोड़ से पैदल मार्च कर वन कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने घेराव कर ज्ञापन सौंपा और मांग की कि हर गांव में सायरन, सोलर लाइट और बचाव उपकरण जैसी स्थायी व्यवस्था की जाए ताकि जान-माल की हानि रोकी जा सके। ग्रामीणों ने फसल बबार्दी पर प्रति एकड़ एक लाख रुपये मुआवजा, क्षतिग्रस्त घरों की भरपाई, मृतक किसानों के आश्रितों को 25 लाख और घायलों को पांच लाख रुपये मुआवजा तथा खेती छोड़ चुके किसानों को वैकल्पिक आय के लिए सहायता राशि देने की भी मांग की। आंदोलन में शामिल जेएलकेएम पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी तरुण महतो ने कहा कि झारखंड में हाथियों से निपटने की कोई ठोस नीति नहीं है। जब तक प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण, त्वरित रेस्क्यू टीम और सुरक्षा उपकरण नहीं मिलते, तब तक यह समस्या खत्म नहीं होगी, उन्होंने कहा।
ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह आंदोलन बड़ा रूप लेगा।

# कुकडू प्रखंड के 35 गांवों में शुरू होगा आदि कर्मयोगी अभियान गांव-गांव पहुंचेगी योजनाओं की रोशनी

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ः कुकडू प्रखंड के 35 गांवों में विकास को गति देने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत की जा रही है। सोमवार को प्रखंड सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और आजीविका जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में ईचागढ़ सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हरेंद्र सिंह मुंडा, प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी धनराज महतो और आईसीडीएस सुपरवाइजर मीनाक्षी पांडेय मौजूद रहे। प्रशिक्षण में जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, गांव स्तर पर सेवा वितरण और क्लस्टरवार निगरानी की जानकारी दी गई। जनजातीय कार्य मंत्रालय की पहल पर चल रहे इस अभियान का उद्देश्य गांवों में आवास, सड़क, पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसी बुनियादी सुविधाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है। इसके लिए प्रत्येक पंचायत स्तर पर सेवा केंद्र की स्थापना कर ग्रामीणों को योजनाओं की सीधी जानकारी और सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# तिरुलडीह प्लस टू उच्च विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना शिक्षक दिवस, विद्यार्थियों ने पैर धोकर किया गुरुजनों का सम्मान

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः कुकडू प्रखंड स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय तिरुलडीह में सोमवार को शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ किया गया। चूंकि 5 सितम्बर को ईद मिलाद-उन-नबी का अवकाश रहेगा, इसलिए विद्यार्थियों ने यह विशेष कार्यक्रम एक दिन पूर्व ही आयोजित किया।
समारोह की शुरूआत गुरु पूजन से हुई, जहाँ विद्यार्थियों ने परंपरागत रूप से अपने शिक्षकों का पैर धोकर सम्मान किया। इसके बाद सामूहिक रूप से केक काटा गया और गुरुजनों को शुभकामनाएं दी गईं। बच्चों ने अपने शिक्षकों को उपहार भेंट कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर विद्यालय के



प्रधानाध्यापक प्रशांत सिंह मूरा सहित शिक्षकगण नीरद कुमार घोष, अविनाश दास, राकेश मंडल, नवीन कुमार महतो, प्रमोद रजवार, कुमारी लैला, पूजा अधिकारी, सविता कुमारी, सविता कश्यप, मनसा महतो, कृष्णा महतो, कंचन कुमारी, शांतनु कुमार वीर और अमूल्य रतन महतो मौजूद रहे।
प्रधानाध्यापक मूरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "शिक्षक राष्ट्र के सच्चे निमार्ता होते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के पथ पर चलकर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन करें।"
शिक्षकों ने भी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर गुरु-शिष्य परंपरा और आपसी सौहार्द की भावना से सराबोर रहा।

# तीन पंचायत में हुआ वृद्धा व दिव्यांग पेंशन का सोशल ऑडिट

**समाज जागरण संवाददाता पृथ्वीराज सरकार**

बुधवार प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायत में सोमवार को सोशल ऑडिट का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार केंद्रीय सरकार के द्वारा वृद्ध तथा दिव्यांग पेंशन के लघुगों का सत्यापन हेतु प्रखंड क्षेत्र के पंचायत भवनों पूर्वी उधवा,




पश्चिमी उधवा व पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत सचिवालय में सोशल ऑडिट किया गया। इस दौरान सोशल आडिट टीम के द्वारा लाभर्थियों का सत्यापन किया गया।मौके पर बीआरपी सुजान प्रमाणिक, माला कुमारी सगोरिका दास, पंचायत सचिव मोनिका मुर्मू प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक हारून रशीद पंचायत सहायक किशोर कुमार शर्मा ममता कुमारी मुखिया दीपा देवी रबबुल आलम, आजाद शेख, नूरेमा खातून, उदय मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

# संगठन सूजन को लेकर आज होगी कांग्रेस की बैठक, जिला अध्यक्ष को लेकर होगी रायशुमारी

**समाज जागरण संवाददाता**

कांग्रेस साहिबगंज जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यकताओं की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष नियुक्ति के लेकर मंगलवार रायशुमारी की जाएगी। जिसमें एआईसीसी पर्यवेक्षक/प्रभारी टोकिया प्रभु, प्रदेश उपाध्यक्ष सा साहिबगंज जिला प्रभारी मणि शंकर, सहित गणमाननीय नेता व पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बदरूदोजा ने दी।

# जिला जनसंपर्क कार्यालय, पाकुड़

## आयुष जांच शिविर में 132 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया

**समाज जागरण**

हिरणपुर प्रखण्ड के शिवनगर एवं पाकुड़ प्रखंड के मनिरामपुर एवं मनिरामपुर 02 में आयुष विभाग की ओर से सोमवार को आयुष कैंप लगाकर कुल



132 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ कुलेश कुमार, डॉ सौरव विश्वास एवं मो अबुतालिब शेख ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई।

# गुवा गोलीकांड शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि, शहीदों के सपनों का झारखंड बनाने का संकल्प

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : गुवा गोलीकांड शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को ईचागढ़ की विधायक श्रीमती सविता महतो एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता



महाबीर मुर्मू ने गुवा गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।
श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक सविता महतो ने कहा कि झारखंड राज्य शहीदों और आंदोलनकारियों के बलिदान की देन है। उन्होंने कहा, हम सबका कर्तव्य है कि शहीदों के सपनों का झारखंड बनाएं। ऐसा झारखंड, जहाँ हर किसान के खेत में पानी हो, हर मजदूर को उसका हक मिले और हर छात्र को अच्छी शिक्षा मिले। हमारी सरकार, माननीय हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में, इस दिशा में निरंतर काम कर रही है।
वहीं, महाबीर मुर्मू ने युवाओं से आह्वान किया कि वे जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि यह समय झारखंड को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जाने का है और इसके लिए सभी को मिलकर योगदान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर काबुलु महतो, प्रतीक सिंह, दिनकर, करण कालिंदी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# गीतिलता उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस और छात्र सम्मान समारोहआयोजित

**दैनिक समाज जागरण 08.09.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर (पोटका) : सोमवार को पोटका प्रखंड अंतर्गत ग्राम गीतिलता स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस सह छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोटका विधायक संजीव सरदार की अनुपस्थिति में उनके छोटे अनुज भरत सरदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह में 2025 की माध्यमिक




परीक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं और विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भरत सरदार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे हमें सही-गलत का फर्क समझाते हैं, हमारे सपनों को दिशा देते हैं और हमें बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में हर शिक्षक का योगदान अमूल्य है, चाहे वह स्कूल-कॉलेज के हों या फिर जीवन का कोई और मार्गदर्शक। उन्होंने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर ग्राम प्रधान -बिश्वारथ सिंह, स्कूल समिति सचिब -सासाधर सिंह, ग्राम सभा सचिव -कृपा सिंधु सिंह, पंचायत समिति सदस्य -चरण सिंह, पूर्ब जिला परिषद -करुणामई मण्डल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस पर सदर अस्पताल परिसर में कार्यक्रम आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



विश्वभर में 07 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस मनाया जाता है, ताकि स्वच्छ वातावरण और नीला आसमान बनाए रखने की दिशा में लोगों को प्रेरित किया जा सके। वायु प्रदूषण आज स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है, जिससे श्वसन रोग, हृदय रोग, कैंसर और बच्चों की असमय मृत्यु जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इसी उद्देश्य से आज सदर अस्पताल परिसर में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा यह दिवस मनाया गया, जिसमें प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. उर्मिला कुमारी, सदर अस्पताल उपाधीक्षक समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। स्वच्छ हवा ही दीघार्यु का आधार- डॉ. उर्मिला कुमारी प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. उर्मिला कुमारी ने कहा कि प्रदूषित वायु धीरे-धीरे हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाती है। बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों पर इसका प्रभाव सबसे अधिक पड़ता है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान, कचरे का जलना, खुले में खाना पकाने के लिए लकड़ी-कोयले का उपयोग और बढ़ते वाहन प्रदूषण इसके मुख्य कारण हैं। डॉ. कुमारी ने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, वाहनों का सीमित उपयोग करें और धूम्रपान जैसी हानिकारक आदतों से दूर रहें।

**स्वास्थ्य के साथ विकास के लिए जरूरी है स्वच्छ वातावरण**

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनवर हुसैन ने कहा कि स्वच्छ हवा केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास का भी आधार है। प्रदूषण के कारण अस्पतालों में श्वसन रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि यदि हम अभी से सतर्क नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना कठिन हो जाएगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि सरकार स्वास्थ्य संस्थानों और स्कूलों में लगातार जागरूकता अभियान चला रही है।

**रोगों से बचाव के लिए जनभागीदारी आवश्यक**

डॉ. उर्मिला कुमारी ने कहा कि हर साल लाखों लोग वायु प्रदूषण से संबंधित रोगों के कारण असमय मौत का शिकार हो रहे हैं। श्वसन संक्रमण और अस्थमा जैसी बीमारियों का बड़ा कारण प्रदूषित हवा है। उन्होंने कहा कि जिला स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को रोगों से बचाव का अवसर देता है, लेकिन जब तक समाज स्वयं प्रदूषण को रोकने में योगदान नहीं देगा, तब तक इसका समाधान संभव नहीं। भारत सरकार की भारत वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, देश में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की वजह से बच्चों में अस्थमा, निमोनिया और जन्म से पहले शिशुओं की मौत जैसी गंभीर स्थितियाँ बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते कदम न उठाए गए तो आने वाले वर्षों में यह स्थिति और भयावह हो सकती है।

**जागरूकता ही प्रदूषण पर रोक का सबसे बड़ा उपाय**

कार्यक्रम में डॉ. उर्मिला कुमारी ने यह संदेश दिया कि स्वच्छ वायु न केवल स्वस्थ जीवन का आधार है, बल्कि यह बच्चों के भविष्य और देश की प्रगति से भी जुड़ा हुआ विषय है।

**घर के आसपास अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएं।**

सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल चलने को प्राथमिकता दें।घरों में कचरा न जलाएं, उचित स्थान पर निस्तारण करें।खाना पकाने के लिए एलपीजी या स्वच्छ ईंधन का प्रयोग करें। बच्चों और बुजुर्गों को प्रदूषण वाले वातावरण से बचाकर रखें। सड़कों या खेतों में कचरा और फसल अवशेष न जलाएं। अनावश्यक वाहन का प्रयोग न करें, कार/ बाइक बेवजह न चलाएं। धूम्रपान और तंबाकू सेवन से दूर रहें।खुले में प्लास्टिक या रबर जैसी चीजें न जलाएं।घर और आसपास गंदगी जमा न होने दें, नियमित सफाई करें।

# किशनगंज में भाजपा की बैठक: प्रधानमंत्री मोदी की सभा को लेकर चर्चा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को स्थानीय धरमगंज स्थित जिला की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा एवं पूर्व प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी वर्तमान अति पिछड़ा आयोग के सदस्य स्वदेश कुमार यादव उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने की।

**प्रधानमंत्री मोदी की सभा को सफल बनाने का आह्वान**

बैठक में आगामी 15 सितंबर को पूर्णिया की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर चर्चा हुई। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की सभा को सफल बनाने के लिए किशनगंज जिले से लगभग 20 हजार की संख्या में कार्यकर्ता पूर्णिया एयरपोर्ट उद्घाटन पर जाएंगे। उन्होंने सभी जिलों के बूथ स्तर तक कार्यकताओं से सभा में जाने का आग्रह किया और सेवा पखवाड़ा के तहत डोर-टू-डोर संपर्क करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह,जिला प्रभारी राज कुमार राय,सिकंदर सिंह,सुशांत गोप,पंकज कुमार साहा ,सुबोध माहेश्वरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के महामंत्री सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की सभा को सफल बनाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए चर्चा हुई।

# 1.580 लीटर विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

उत्पाद विभाग के द्वारा लगातार जिले में शराब पीने व शराब तस्करी के विरुद्ध जांच अभियान चलाया जा रहा है। वही उत्पाद विभाग के द्वारा करवाई करते हुए उत्पाद विभाग के सहायक अवर निरीक्षक विनोद कुमार अपने टीम के साथ फरिमगोला चेक पोस्ट पर जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के द्वारा बंगाल की ओर से आ रही एक टोटो को रोक कर जांच की गई। जांच के दौरान एक व्यक्ति के बैग से 1.580 लीटर बिदेशी शराब बरामद करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति का सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कर कर जेल भेज दिया।

# पटना में मिट्टी कारोबारी की हत्या से मचा हड़कम्प

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना के बाढ़ अनुमंडल में उस समय हड़कंप मच गया जब अज्ञात अपराधियों ने घर में घुसकर एक मिट्टी कारोबारी की बेरहमी से हत्या कर दी। चाकू से गोदकर की गई इस वारदात ने न केवल पूरे इलाके को दहला दिया, बल्कि पुलिस को भी बड़ी चुनौती दी है। मामला बेलछी थाना क्षेत्र के कोरारी गांव का है, जहां कारोबारी तुली महतो उर्फ विपिन कुमार का शव उनके ही घर से खून से लथपथ अवस्था में बरामद हुआ। घटना की जानकारी उस समय सामने आई जब कारोबारी की बेटी सुबह घर पहुंची। जैसे ही उसने घर का दरवाजा खोला, उसने अपने पिता को खून से सने हाल में पड़ा पाया। यह दृश्य देखकर वह घबरा गई और तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने पुलिस को खबर की और बेलछी थाना अध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की जांच कर रही पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या चाकू से गोदकर की गई है। घर के अंदर से खून के धब्बे और संघर्ष के निशान भी पाए गए हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को बुलाया गया है ताकि वैज्ञानिक तरीके से सबूत इकट्ठा किए जा सकें।सूत्रों के अनुसार, तुली महतो का अपनी पत्नी से पिछले कई वर्षों से संबंध खराब चल रहा था। दांपत्य जीवन में कलह लंबे समय से बनी हुई थी। ऐसे में पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद तो नहीं है। हालांकि अभी तक इस पहलू की पुष्टि नहीं हो सकी है। जानकारी यह भी सामने आई है कि मृतक तुली महतो पर पहले से एक हत्या का आरोप लग चुका था। इसके अलावा वे मिट्टी के कारोबार से जुड़े हुए थे। कारोबार के दौरान भी उनके कई लोगों से विवाद हुए थे। ऐसे में पुलिस हत्या के पीछे कारोबारी रंजिश और पुरानी दुश्मनी के पहलू को भी खंगाल रही है। घटना के बाद पूरे कोरारी गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अपराधियों ने खुलेआम पुलिस को चुनौती देते हुए घर में घुसकर हत्या कर दी। इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं और सुरक्षा व्यवस्था कितनी कमजोर है।

बेलछी थाना अध्यक्ष ने बताया कि हत्या के हर पहलू की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस मृतक के परिजनों और करीबी रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। साथ ही उनके कारोबार से जुड़े लोगों को भी जांच के दायरे में लिया गया है। एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद हत्या के तरीकों और अपराधियों की संख्या के बारे में और स्पष्टता मिलेगी। पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी शुरू कर दी है। शक के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल हत्या का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा और अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बिहार में आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं की बढ़ी मानदेय

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की। यह कदम बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकताओं के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से उठाया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब आंगनबाड़ी सेविकाओं का मासिक मानदेय 7,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये कर दिया गया है। वहीं, आंगनबाड़ी सहायिकाओं का मानदेय 4,000 रुपये से बढ़ाकर 4,500 रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सेविकाओं और सहायिकाओं का मनोबल बढ़ेगा और वे बेहतर तरीके से अपने कार्यों का निर्वहन कर सकेंगी। सीएम नीतीश कुमार ने अपने पोस्ट में लिखा कि आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा माताओं के पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उनके प्रयासों से समेकित बाल विकास परियोजना के तहत छह प्रकार की सेवाएं आम लोगों तक पहुँचती हैं। ये सेवाएं बच्चों का पोषण, टीकाकरण, शिक्षा की प्रारंभिक सुविधाएं और महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवाओं को शामिल करती हैं। नीतीश कुमार ने बताया कि नवंबर 2005 में बिहार सरकार बनने के बाद से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े पैमाने पर सुधार किया गया है। समेकित बाल विकास योजना के तहत राज्य भर में आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्रिय किया गया है, जिससे लाखों लाभुकों को सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि सेविकाओं और सहायिकाओं के योगदान के बिना इन योजनाओं को सफल बनाना संभव नहीं होता।मानदेय में वृद्धि का उद्देश्य न केवल सेविकाओं और सहायिकाओं का सम्मान बढ़ाना है, बल्कि महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को भी प्रोत्साहित करना है। ग्रामीण इलाकों में काम कर रही ये महिलाएं सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों और महिलाओं की सेवा में जुटी रहती हैं। सरकार का यह कदम उनके कार्य को मान्यता देने के साथ-साथ महिलाओं की स्थिति को मजबूत बनाने की दिशा में भी बड़ा प्रयास है।

# पटना से सीएम ने किया 80 पिंक बसों को रवाना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। सोमवार को पटना में सीएम नीतीश ने पिंक बस सेवा के दूसरे चरण में 80 नई बसों को एक अणे मार्ग से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें सिर्फ महिलाओं के लिए हैं। इसके साथ ही सीएम नीतीश ने बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसटीसी) की सभी 1065 बसों में ई-टिकटिंग सुविधा का शुभारंभ किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, परिवहन मंत्री शीला कुमारी सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले मई 2025 में पिंक बस सेवा का पहला चरण शुरू किया गया था। उस समय मुख्यमंत्री ने 20 सीएनजी पिंक बसों की शुरूआत की थी, जिनमें से आठ बसें वर्तमान में पटना शहर में संचालित हो रही हैं। अब दूसरे चरण में पिंक बसों की संख्या बढ़कर 100 हो जाएगी, जिससे महिला यात्रियों को और अधिक सुविधा और सुरक्षा मिलेगी। पिंक बसें फिलहाल पटना के पांच प्रमुख रूटों पर चलाई जा रही हैं। इनमें गांधी मैदान से दानापुर स्टेशन, गांधी मैदान से एम्स, नेहरू पथ, एम्स रोड और सगुना मोड़ मार्ग शामिल हैं। ये बसें मगध महिला कॉलेज, पटना वीमेंस कॉलेज, जेडी वीमेंस कॉलेज, आईजीआईएमएस और अशोक राजपथ जैसे महत्वपूर्ण शिक्षा संस्थानों और व्यस्त स्थानों को कवर करती हैं। बसों का संचालन सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक दो पाली में किया जाता है, जिनमें चार फेरे निर्धारित किए गए हैं। इससे खासकर छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को शहर में सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन की सुविधा मिलती है। पिंक बसें पूरी तरह से महिलाओं के लिए समर्पित हैं। इनमें आधुनिक और सुरक्षित यात्रा के लिए कई विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन सुविधाओं के कारण पिंक बसें न केवल सुरक्षित, बल्कि महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाई गई एक अनूठी पहल साबित हो रही हैं। महिलाओं के लिए बस किराया काफी किफायती रखा गया है। न्यूनतम किराया 6 रुपए और अधिकतम 25 रुपए तक है। इसके साथ ही, मासिक पास की भी व्यवस्था की गई है। छात्राएं 400 रुपए में मंथली पास ले सकती हैं, जबकि कामकाजी महिलाएं 550 रुपए में पास बनवा सकती हैं। इससे नियमित रूप से बस का उपयोग करने वाली महिलाओं को काफी सुविधा होगी। सरकार की योजना के अनुसार इन बसों का संचालन महिला ड्राइवर और कंडक्टर द्वारा किया जाना है। हालांकि, अभी तक पर्याप्त महिला ड्राइवर उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। इसलिए फिलहाल पुरुष ड्राइवर ही बस चला रहे हैं, लेकिन कंडक्टर के रूप में महिलाएं ही तैनात की जा रही हैं। सरकार ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही महिला ड्राइवरों की नियुक्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बीएसटीसी की सभी 1065 बसों में ई-टिकटिंग सुविधा की शुरूआत भी की। इससे यात्रियों को डिजिटल पेमेंट और आसान टिकटिंग की सुविधा मिलेगी। यात्री प्रीपेड कार्ड, मासिक पास और स्टूडेंट पास का उपयोग कर सकेंगे। इसके अलावा 'Chalo' मोबाइल ऐप के माध्यम से बसों की रियल-टाइम लोकेशन देखी जा सकेगी। कंडक्टर इसी ऐप के जरिए टिकट और मंथली पास जारी करेंगे। सभी बसों में सीएनजी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही, प्रत्येक बस में स्पीड गवर्नर भी लगाए गए हैं, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पिंक बस सेवा और ई-टिकटिंग की यह पहल महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की शिक्षा और रोजगार के साथ-साथ उनकी सुरक्षित आवाजाही पर भी विशेष ध्यान दे रही है। आने वाले समय में पिंक बस सेवा का दायरा और बढ़ाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक महिला यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। पटना में यह नई पहल न केवल सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और सुरक्षित बना रही है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और निडर होकर यात्रा करने का अवसर भी प्रदान कर रही है। यह पहल बिहार में महिलाओं की गरिमा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# कुटुम्बा थाना की कार्रवाई: तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुम्बा थाना पुलिस ने विभिन्न काण्डों के वांछित अभियुक्तों और वारंटियों के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान के तहत तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त रामाशीष दुसाध जो कुटुम्बा थाना कांड सं0- 141/2024 में फरार अभियुक्त है। वह मोजाहिदा गांव का निवासी है।कुटुम्बा थाना कांड सं0 158/2023 में फरार अभियुक्त सरोज मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। वह सोनवर्षा गांव, नटवार थाना, रोहतास जिला का निवासी है और अजमानतीय वारंटी अभियुक्त अमित कुमार को गिरफ्तार किया गया। वह हनेया गांव का निवासी है। मामले में थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि कुटुम्बा थाना पुलिस ने वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की और तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि कुटुंबा थाना पुलिस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# टंडवा थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई: हथियारों का जखीरा बरामद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र में 29 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, स्थानीय पुलिस और एस. टी. एफ. की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने लखनाहवा के जंगल में स्थित लकड़ाही पहाड़ पर छापेमारी कर हथियारों का जखीरा बरामद किया है जिन्मेदेशी कार्बाइन 11जिंदा कारतूस सहित अन्य हाथियर एवं हथियार बनाने की सामग्री शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर 29 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के निर्देश पर बी समवाय कालापहाड़ के निरीक्षक सामान्य अरविन्द सिंह जडेजा के नेतृत्व में एस. एस. बी., एस. टी. एफ. और टंडवा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने लखनाहवा के जंगल में स्थित लकड़ाही पहाड़ पर छापेमारी की। करीब 4 घंटे की सघन छापेमारी के बाद हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। जब्त किए गए हथियारों को आवश्यक विधिक कार्रवाई हेतु टंडवा थाना को सौंप दिया गया है। मामले में पुलिस पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है और मामले की जांच में जुटी हुई है।यह कार्रवाई नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी सफलता है।

# पटना जिले के पालीगंज में किया गया किसान गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के पालीगंज स्थित प्रखंड कृषि कार्यालय में सोमवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा पटना के द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता पालीगंज प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमित कुमार सिंह एवं संचालन लेखापाल धनंजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पालीगंज प्रखंड के आत्मा अध्यक्ष ओमनारायण सिंह ने किया। मौके पर मौजूद आत्मा पटना के उप परियोजना निदेशक बिजेंद्र मनी ने बताया गोष्ठी का आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों को कम खर्च में अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित करना व जानकारियां देना है। वही प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत होने के लिए पशुपालन भी जरूरी है। वही उन्होंने पशुओं को बिभिन्न रोगों से बचाने तथा बृद्धि व विकास के बारे में जानकारियां दी। जबकि प्रखंड उद्यान पदाधिकारी राखी ने बताया कि कृषि के अलावे उद्धान व बगीचे का विकास पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि एक बार उद्धान या बगीचे लगा देने पर कई वर्षों तक उससे फल फूल प्राप्त होते रहते है। साथ ही आसपास के वातावरण शुद्ध सुंदर तथा मनमोहक बनी रहती है। वही वैज्ञानिक के रूप में मौजूद बिक्रम प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पंकज कुमार ने बिभिन्न प्रकार के तकनीकों के बारे में जानकारियां देते हुए कहा कि कृषकों के लिए तकनीकों ने एक बरदान साबित हुआ है। इसके उपयोग से फसलों की उपज में अच्छी बृद्धि हुई है। साथ ही मानव श्रम में कमी आयी है। वही किसान गोष्ठी का दौरान मोटे अनाजो की उपज पर बल दिया गया।

मौके पर आसुतोष कुमार, नेपाली दास, सन्तोष कुमार, अजीत कुमार, मंटू कुमार, ओमप्रकाश कुमार, रंजन प्रसाद, कृष्णमोहन प्रसाद, मिथिलेश कुमार व उत्तम कुमार सहित सभी बीस सूत्री सदस्य, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार व प्रगतिशील कृषक मौजूद थे।

# पटना में फर्जी आईपीएस गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पुलिस ने नकली आईपीएस के भेद खोलते हुए एक बड़े फजीर्वाड़े का पदार्फाश किया है। खुद को अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बताकर अफसरों और विभागों में रौब जमाने वाले एक ठग को पुलिस ने धर दबोचा।पुलिस के मुताबिक आरोपी ने adg.patna.gov@gmail.com नाम से ई-मेल आईडी बनाई थी और उस पर आईपीएस का लोगो भी चस्पा कर रखा था। यही नहीं, व्हाट्सएप डीपी पर भी उसने एक आईपीएस अधिकारी की वर्दी वाली फोटो लगाई थी। इस बहाने कई सरकारी दफ्तरों से लेकर विभागीय अफसर उसके झांसे में आ गए और उसे असली अधिकारी समझ बैठे। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भानु प्रताप सिंह के आदेश पर, फुलवारी शरीफ के एसडीपीओ-1 की अगुवाई में गठित विशेष टीम ने रविवार देर रात छापेमारी कर आरोपी को पकड़ लिया। उसके पास से लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद किया गया, जिनसे वह फर्जी मेल और मैसेज भेजकर सरकारी कामकाज में दखल देता था। गिरफ्तार ठग की पहचान असलम अहमद, पिता रेयउद्दीन, निवासी वार्ड नंबर-20, थाना फुलवारी शरीफ के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी कई बार अलग-अलग अफसरों से संपर्क साधकर उन्हें प्रभावित करने और फायदा उठाने की फिराक में था। फुलवारी शरीफ थाने में कांड संख्या 1479/25, दिनांक 07.09.2025 दर्ज कर लिया गया है। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 308(2), 132 तथा आईटी एक्ट की धारा 66(उ)(ऊ) के तहत कार्रवाई की जा रही है।

इस सनसनी खेज खुलासे की जानकारी पटना सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड और ठगी के ऐसे मामलों पर पुलिस की पैनी नजर है और किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पटना में कुएं से किशोर का शव हुआ बरामद

**गला दबाकर हत्या की आशंका**

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र के सुइथा गांव में सोमवार की दोपहर एक किशोर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव के ही चिंटू उर्फ बउना पासवान (15 वर्ष), पिता स्वर्गीय धर्मेंद्र पासवान के रूप में हुई। शव की पहचान होते ही गांव में हंगामा मच गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना पर परसा बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला। पुलिस का कहना है कि शव देखने से साफ प्रतीत होता है कि पहले किशोर की बेरहमी से पिटाई की गई, फिर गला दबाकर हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया। मृतक की पीठ पर बेल्ट से पिटाई के निशान पाए गए हैं, हाथ-पैर भी टूटे हुए हैं और शव रस्सी से बंधा हुआ था। परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम चिंटू को उसका एक दोस्त घर से बुलाकर ले गया था। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार को दोपहर लगभग 12 बजे गांव के बधार स्थित पुराने कुएं में शव देखा गया। जानकारी मिलते ही परिजन पहुंचे और शव की पहचान की। ग्रामीणों ने बताया कि इसी कुएं से पहले भी दो शव बरामद हो चुके हैं। उनका कहना है कि अब यह कुआं अपराधियों के लिए लाश ठिकाने लगाने का अड्डा बन गया है। लोगों ने आरोप लगाया कि पहले इस इलाके में पुलिस की गश्त और नशेड़ियों पर कार्रवाई होती थी, लेकिन हाल के दिनों में ढिलाई बरती जा रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष रौशन कुमार वर्मा ने बताया कि एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

## प्रखंड कार्यालय स्टाफ क्वार्टर में घुसा जहरीला रसेल वाइपर सांप।

स्थानीय स्नेक केचर ने किया रेस्क्यू।

**राहुल कुमार गुप्ता,संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**



विष्णुगढ़ ।प्रखंड कार्यालय के स्टाफ क्वार्टर स्थित एक पुराने कूप में दुनिया के सबसे जहरीले सांपों में से एक रसेल वाइपर कूप में जा गिरा ।क्वार्टर में रह रहे है कर्मियों ने इसकी सूचना स्थानीय स्नेक केचर को दी ।स्थानीय स्नेक केचर के द्वारा रसेल वाइपर सांप रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

## नेशनल पब्लिक स्कूल बाली के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण

**मिंटू कुमार समाज जागरण।**



चुरचू। शिक्षक दिवस के अवसर पर नेशनल पब्लिक स्कूल बाली के सभी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए जबरा पार्क, हजारीबाग ले जाया गया। इस दौरान बच्चों को पेड़-पौधों के गुण, विशेषताएं और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी अहम जानकारियां दी गईं ।बच्चों ने जहां ज्ञान अर्जित किया, वहीं पार्क में मनोरंजन का भी भरपूर आनंद लिया ।स्कूल के निदेशक विनय कुमार यादव ने बताया कि बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक विकास भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के साथ दोस्ताना व्यवहार अपनाना चाहिए, जिससे उनमें मानवीय मूल्यों और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का विकास हो सके ।इस अवसर पर विनय कुमार यादव सहित प्रीति कुमारी, चाहत प्रवीण, रौशनी कुजूर, धीरज कुमार, प्रियंका कुमारी और दीपक कुमार भी उपस्थित रहे।

## जिहूँ गाँव में विवाहिता की संदिग्ध मौत, पांच माह पूर्व हुई थी शादी

**पंकज कुमार पाठक संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**



पदमाः प्रखंड क्षेत्र के जिहूँ गाँव में रविवार देर शाम एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। महज पाँच महीने पहले शादी के बंधन में बंधी एक विवाहिता ने फाँसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। मृतका कृति कुमारी पिता शंकर प्रसाद मेहता, निवासी-सूरजपुरा की शादी मई 2025 में जिहूँ निवासी पिंटू मेहता पिता वीरेंद्र मेहता के साथ हुई थी। शादी के चंद महीनों के भीतर ही हुए इस हादसे ने दोनों परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है।
घटना की जानकारी मिलते ही परिजन प्रीति को आरोग्यं अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग के सदर अस्पताल भेजा गया।
फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि पारिवारिक विवाद इसकी वजह हो सकता है ।मायके वालों ने आरोप लगाया है कि शादी के कुछ दिनों के बाद से ही कृति के ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे,इसी बात को लेकर ससुराल वालों ने उसकी हत्या रविवार को कर दी और उसे आत्महत्या का रूप देने में लगे है। बहरहाल मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा।

## सदर विधायक के कार्यालय में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**




हजारीबाग, दिनांक-08/ 09/2025, दिन- सोमवार को हजारीबाग विधानसभा के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में, भारतीय जनता पार्टी जिला हजारीबाग की ओर से, सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह उपस्थित हुए ।कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ,संचालन जिला मंत्री कुणाल किशोर दुबे, धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद द्वारा की गई। सेवा पखवाड़ा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होकर, दो महान हस्तियां महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर समाप्त होगी ।इस बीच अनेक कार्यक्रम पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा सेवा भाव से किया जाएगा ।साक्षरता ,स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में अभियान चलाकर काम किया जाएगा। कार्यशाला में मुख्य अतिथि द्वारा विस्तार से कार्यकताओं द्वारा किए जाने वाले कार्यों को बताया गया ।साथ ही मंडल स्तर पर भी कार्यशाला का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया ।कार्यशाला को जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ,ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी ,विभाग प्रचारक आशुतोष भाई साहब ,पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप एवं वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह राठौड़ ने संबोधित किया ।मुख्य रूप से कार्यशाला में जिला पदाधिकारी रेणुका साहू ,भानुमति पासवान, सुमन कुमार ,मनोज गिरी ,अरविंद सिकरवार ,कुंवर मनोज सिंह, मोर्चा जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा, जयनारायाण कुशवाहा, मनोरमा राणा राजकरण पांडे, महेंद्र बिहारी ,अजीत चंद्रवंशी ,रमेश हेंब्रम ,तनवीर अहमद ,के साथ-साथ मंडल अध्यक्ष रणधीर पांडे, प्रकाश कुशवाहा, शशि गुप्ता ,कृष्णा मेहता ,आदित्य साहू ,अशोक कुशवाहा, कैलाशपति सिंह, मनमीत अकेला, नागेंद्र गुप्ता शेफाली गुप्ता, प्रियंका कुमारी, उमा पाठक ,बिजल देवी ,मीरा मेहता ,बलदेव जी ,विधायक प्रतिनिधि चंदन सिंह, श्री झा ,मनोज जी ,राजेश यादव, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी मुखलाल मेहता, नरसिंह प्रसाद, अवीनाश कुमार कसेरा शिव शंकर ,गुड़िया देवी ,फुलवा कक्षप ,सत्यभामा शर्मा, शिवपाल यादव, परमेश्वर यादव,रामअवतार शर्मा,

## दावत-ए-इस्लामिया के तहत जश्ने-ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर मिलाद शरीफ प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



सिरमा पंचायत के छवनिया गांव के पगार बस्ती में दावत-ए-इस्लामिया (भारत) के तहत चलने वाली बच्चियों के लिए मदरसा-तुल-मदीना फैजाने फातिमा-तुल-जाहरा जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बच्चियों का प्रोग्राम का आयोजन हुआ ।जिसमें तिलावत-ए-कुराने पाक, नातशरीफ, बयान, सवाल जवाब ,सलातो सलाम और बेहतरीन अंदाज में दुआ किया गया, और दीगर दुनिया दिनी के एतबार से फरीद भी बताया गया। प्रोग्राम का सिलसिला खत्म होने के बाद सिरमा पंचायत की मुखिया इसमत आरा , वार्ड सदस्य ,समाजसेवी लोगो ने इस्लामी बहनों को तोहफा भी दिया । इस प्रोग्राम को कामयाब बनाने में कादरी महफूज आतरी,असीम अरशद,अमानत अली,जानिसार आलम, मोहम्मद इंतेसार, मोहम्मद तारिक, मो करामत, अहद रजा,मो सयूब, मो वारिस, मो सलामत, मो इरफान मौजूद थे।

## दामूडीह में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, मुख्य अतिथि भरत सरदार ने किया पुरस्कार वितरण

**दैनिक समाज जागरण 08.09.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर (पोटका) : पोटका प्रखंड अंतर्गत शांकरदा पंचायत के ग्राम दामूडीह बूढ़ान मैदान में पोरायनी फुटबॉल क्लब (PFC दामूडीह) की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। फाइनल मैच के अवसर पर पोटका विधायक संजीव सरदार की अनुपस्थिति में उनके छोटे अनुज भरत सरदार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने रोमांचक फाइनल मुकाबले का आनंद लिया और मैच समाप्त होने के बाद विजेता तथा उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार वितरण के दौरान भरत सरदार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन खेल भावना सबसे बड़ी जीत होती है। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन और टीम भावना को आगे बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर झामुमो पोटका प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, विद्याधर दास, लाथ्रो टुडू, दुखु मांडी, पार्टी के आंदोलनकारी नेता, कमेटी के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, माझी बाबा, नायके बाबा, ग्रामीण गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

पेरिओडोन्टोलॉजी के स्नातकोत्तर छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन रंग लाई है और हमें उन पर बहुत गर्व है - डॉ प्रवीण श्रीनिवास

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल ने पेरिओशा - पेरिओडोन्टोलॉजी में ज्ञान का उदय, पेरिओडोन्टोलॉजी के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आईएसपी स्टडी ग्रुप, पटना द्वारा आयोजित एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में गर्व से भाग लिया। प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ शेखर प्रशांत और रीडर डॉ धृतिमान बैद्य के सम्मानित मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर छात्रों ने प्रभावशाली शोधपत्र प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने शोध का प्रदर्शन किया। डॉ मनीषा, डॉ कुमार अभिषेक एवं डॉ लीना हरि अपने उत्कृष्ट शोध और प्रस्तुतियों के लिए सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र पुरस्कार प्राप्त किया। उनके कार्य को दर्शकों और निर्णायकों, दोनों ने उसकी गहराई, स्पष्टता और प्रस्तुति के लिए बहुत सराहा। हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने प्रोत्साहन कर कहा कि हम अपने पेरिओडोन्टोलॉजी के स्नातकोत्तर छात्रों द्वारा इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखकर रोमांचित हैं। उनकी कड़ी मेहनत और लगन रंग लाई है, और हमें उन पर बहुत गर्व है। इस सफलता की सराहना प्रधानाचार्य डॉ. के. श्री कृष्ण और उप-प्रधानाचार्य डॉ. अंकुर भार्गव ने भी की और छात्रों को संस्थान का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी। यह उपलब्धि पेरियोडोंटोलॉजी के क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण के शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन हेतु निषेधाज्ञा आदेश लागू।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

उपायुक्त हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के संयुक्त आदेशानुसार सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा 2025 के शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन हेतु निषेधाज्ञा आदेश लागू की है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा 2025 दिनांक 09/09/2025 से 13/09/2025 तक दो पाली (प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तथा अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 बजे तक) में हिन्दू +2 उच्च विद्यालय हजारीबाग, श्रीकृष्ण आरक्षी बाल विद्यालय हजारीबाग, संत रोबर्ट उच्च विद्यालय हजारीबाग, संत कोलम्बस कॉलेजिएट विद्यालय हजारीबाग एवं बिहारी गर्ल्स हाई स्कूल, हजारीबाग में परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर, हजारीबाग द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा आदेश लागू किया गया है 1. परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में परीक्षार्थी को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित। 2. परीक्षा केन्द्र के आस-पास हथियार, लाठी, आग्नेयास्त्र आदि साथ रखने या घूमने पर पूर्ण प्रतिबंध। 3. परीक्षा केन्द्र में बुक, नोटबुक, पेपर, मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट ले जाने पर प्रतिबंध। 4. लाउडस्पीकर आदि के प्रयोग पर प्रतिबंध। यह निषेधाज्ञा आदेश दिनांक 09/09/2025 से 13/09/2025 तक सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रभावी रहेगा। सरकारी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी इस आदेश के प्रभाव से बाहर

## सीमा सुरक्षा बल हजारीबाग और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड रांची के बीच आधुनिक फिजियोथेरेपी उपकरण उपलब्ध कराने का हुआ समझौता।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**





हजारीबागः प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) रांची ने प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय परिसर के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत दिनांक 06 सितम्बर 2025 शनिवार को एक समझौता ज्ञापन (सीसीएल) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य स्थानीय लोगों के लिए उन्नत फिजियोथेरेपी सुविधाओं की स्थापना करना है ।इस साझेदारी के तहत, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसी एल)अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएस आर) पहल के तहत प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय परिसर में स्थित अस्पताल को आधुनिक फिजियो थेरेपी व उपकरण से संबंधित चिकित्सा सामग्री की आपूर्ति करेगा। ये उपकरण स्थानीय लोगों को चोटों से उबरने और उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद करेगा। इस पहल से स्थानीय लोगों को उच्च-स्तरीय फिजियोथेरेपी उपचार मिलेगा, जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सीएसआर) और सुरक्षा बल के बीच सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जो समाज के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) कोल इंडिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है, जिसका मुख्यालय रांची में है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार सीमा सुरक्षा बल के सभी अस्पताल आयुष्मान योजना के तहत स्थानीय लोगों के ईलाज के लिए समर्पित है। वर्तमान में प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय परिसर में एक अस्पताल है। यह अस्पताल परिसर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिक आबादी के लिए चिकित्सा सहायता और अन्य आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। औसतन 5000 मरीज प्रति वर्ष परामर्श के लिए अस्पताल आते हैं। अस्पताल में बड़ी संख्या में हड्डी रोग और संबंधित शारीरिक जटिलताएँ देखी जा रही हैं। उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को अन्य अस्पतालों में भेजा जाता है। यह अस्पताल आम जनता के अलावा, प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय और STC परिसर में रहने वाले सैनिकों, उनके परिजनों और प्रशिक्षुओं को मेडिकेयर प्रदान करता है। ऑर्थोपेडिक और ऑपरेशन के बाद की स्थितियों से पीड़ित रोगियों के स्वास्थ्य लाभ के लिए फिजियोथेरेपी उपकरणों की तत्काल आवश्यकता है। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा प्रदान किए गए उपकरणों से प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल में एक अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिससे भविष्य में स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। यह समझौता दोनों संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल सीमा सुरक्षा बल के माध्यम से आयुष्मान योजना के तहत स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करेगा और राष्ट्र निर्माण में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के योगदान को भी रेखं'कित करेगा।

## वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति की बैठक जंगल एवं डुमारो नदी को बचाने का निर्णय

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



काण्डतरी वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति का मासिक बैठक बुढ़वा महादेव के पनसलवा परिसर में तुलेश्वर महतो की अध्यक्षता एवं कुलेश्वर कुमार के संचालन में की गई । बैठक में सदस्यों ने जंगल एवं एवं डुमारो नदी कि स्वच्छता को बचाने को लेकर विचार विमर्श किया गया ।सर्व सम्मति तीन महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें
गुफा से निकलने वाली डुमारो नदी में पिकनिक करने वालों के द्वारा हर दिन फोम का दोना पत्तल और कांच के बोतलों को तोड़कर पूरा नदी परिसर को गंदा कर देते हैं, इसे रोकने के लिए, पिकनिक करने वालों को पत्ता का दोना पत्तल का प्रयोग करने के लिए सुझाव दिया जाएगा और नहीं मानने पर,ऐसे लोगों पर जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी किया जाएगा। दूसरा -वन समिति के सदस्यों द्वारा पांच पांच के ग्रुप में जंगल का भ्रमण प्रत्येक दिन किया जाएगा। एवं तीसरा -बुढ़वा महादेव मंदिर में कोई भी कार्यक्रम हो, फोम के दोना पत्तल के स्थान पर पत्ता का दोना पत्तल का हीं प्रयोग हो, इस पर विशेष जोर दिया गया। क्योंकि कोई भी कार्यक्रम होता है बुढ़वा महादेव परिसर में , बुढ़वा महादेव के कमेटी के लोग दोना पत्तल के प्रयोग पर कभी ध्यान नहीं देते हैं। बुढ़वा महादेव परिसर में साफ सफाई करने के बाद पहाड़ के किनारे प्लास्टिक के समान और फोम के दोना पत्तल को फेंक देते हैं और जब पतझड़ का समय आता है तो पत्ता के साथ में प्लास्टिक के सामान भी जलना शुरू हो जाता है जिसके कारण पेड़-पौधे के साथ-साथ पर्यावरण को काफी नुकसान होता है। जिसे रोकना एवं सुधार अति आवश्यक है। काण्डतरी वन समिति चाहती हैं कि बुढ़वा महादेव में शादी हो या भंडारा हो पत्ता से बने दोना पत्तल का हीं प्रयोग हो। बैठक में फोरेस्ट विभाग से काण्डतरी वन क्षेत्र के वनरक्षी देवचंद महतो,काण्डतरी अध्यक्ष तुलेश्वर महतो, कुलेश्वर कुमार, विनोद महतो, संजय महतो, रामविलास महतो, प्रभाकर कुमार निराला , उमेश कुमार राम, रविकांत कुमार, संगीता देवी, मंजू देवी, रीता देवी, संगीता देवी, गीता देवी,निराशो देवी,फुदवा देवी,बालमती देवी,बाली देवी,टीकनारायण महतो , बसंती देवी, सबिता देवी,उषा देवी, पिंकी कुमारी, गायत्री देवी , कविता देवी, सावित्री देवी,बासो देवी,सिंतु कुमारी, मंजू कुमारी,माला देवी,मघिया देवी,पुनम देवी सीता देवी, सुनिता कुमारी, ननकी देवी, अनिता देवी,पालको देवी, मानको देवी, बुधनी देवी, सबिता देवी ,झलवा देवी, अनिता देवी,सरीता देवी,लखन कुमार, किशोर कुमार, विकास राम, अरविंद कुमार भार्गव, आलोक नागमणि, प्रमिला कुमारी,झूना कुमारी,भोला महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## अदाणी फाउंडेशन की कोचिंग सेंटर के पांच छात्र अग्निवीर परीक्षा में सफल हुए सम्मानित

सफलता का कोई शार्ट कट नहीं होता, शिक्षा से ही समाज का विकास- एसडीपीओ

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**




गोंदुलपारा खनन परियोजना क्षेत्र में जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए अदाणी फाउंडेशन की ओर से संचालित निःशुल्क कोचिंग केंद्र से पांच अभ्यार्थियों ने अग्निवीर में जॉब के लिए सफलता हासिल की है। जिसे लेकर सोमवार को बड़कागांव थाना के समीप अडानी फाउंडेशन कार्यालय में प्रोत्साहन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सभी सफल अभ्यर्थियों को अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बड़कागांव के एसडीपीओ पवन कुमार , इंस्पेक्टर ललित कुमार व गोंदलपूरा कोल माइंस परियोजना प्रमुख पुंडरीक मिश्रा के हाथों सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। एसडीपीओ पवन कुमार ने अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि देश सेवा के लिए सफल हुए ये सभी छात्र बड़कागांव के साथ-साथ पूरे देश का नाम रौशन करेंगे। शिक्षा से ही समाज की दशा और दिशा बदल सकती है। आगे कहा कि सफलता का कोई शार्ट कट नहीं होता। सफल अभ्यर्थी बधाई के पात्र हैं जो भी असफल हुए हैं वे मेहनत करें निश्चित सफलता मिलेगी । सर्किल इन्स्पेक्टर ललित कुमार ने कहा कि इस सफलता से और भी बच्चे प्रोत्साहित होंगे। लक्ष्य बनाकर मन लगाकर मेहनत करें जरूर सफलता मिलेगी। कार्यक्रम में सफल छात्रों में भानु सिंह राजपूत, सन्नी कुमार यादव, राजदीप कुमार, सुशांत कुमार शर्मा और ऋषभ कुमार को सम्मानित किया गया। अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे कोचिंग सेंटर के प्रशिक्षक ऋतिक जायसवाल, रविंद्र कुमार यादव और राजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि अभी सीआईएसएफ, रेलवे, एक्साइज और एसएससी की परीक्षाएं भी होने वाली हैं, जिसमें इस कोचिंग सेंटर में पढ़ाई कर रहे बच्चे जरूर सफल होंगे। इस निशुल्क कोचिंग सेंटर में 35 से अधिक बच्चे विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।अदाणी फाउंडेशन की ओर से संचालित यह कोचिंग सेंटर विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण, पौष्टिक नाश्ता, स्टेशनरी सामग्री, रनिंग ड्रेस सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराता है। यही कारण है कि पूर्व में भी कई विद्यार्थी यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर अग्निवीर भर्ती में सफल हुए हैं। कार्यक्रम में गोंदुलपारा खनन परियोजना के प्रमुख पुण्डरीक मिश्रा, सुरक्षा प्रमुख अमित कोले, सीएसआर प्रमुख मोहित गुप्ता, तारकेश्वर कुमार और विजय कुमार समेत अन्य ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को लेकर आयोजित हुई जिला समन्वय समिति की बैठक, उप विकास आयुक्त ने की अध्यक्षता, सिविल सर्जन समेत शिक्षा, समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारी-कर्मी रहे मौजूद

**दैनिक समाज जागरण 08.09.2025 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी शिक्षण/ प्रशिक्षण संस्थान एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आगामी 15 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । वहीं छूटे हुए बच्चों हेतु मॉप अप दिवस 19 सितंबर को आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई । उप विकास आयुक्त श्री नागेन्द्र पासवान की अध्यक्षता में आहूत बैठक में सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल, डीआरसीएचओ डॉ. रंजीत पांडा, डीएसई श्री आशीष पांडेय, एमओआईसी, सीडीपीओ व अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे ।
सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने बताया कि अभियान के तहत 15 सितंबर को जिला अंतर्गत सभी सरकारी स्कूल, निजी स्कूल, आईटीई, पॉलिटेक्निक तथा अन्य शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थान तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी । वहीं 19 सितंबर को छूटे हुए बच्चों/ किशोरों के लिए मॉप दिवस आयोजित कर दवा दिया जाएगा। जिला में 01-19 आयु वर्ग के 5,69,393 बच्चों/किशोरों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
राष्ट्रीय कृमि निवारण कार्यक्रम को लेकर उप विकास आयुक्त ने कहा कि बच्चों के समग्र स्वास्थ्य, पोषण स्थिति और जीवन की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी के लिए कृमि निवारण कार्यक्रम अहम है। कृमि संक्रमण से बच्चों के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण स्तर और बौद्धिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यह कृमि बच्चों के पेट में पलने वाले कीड़े होते हैं। ये बच्चों के विकास को हर प्रकार से प्रभावित करते हैं । कृमि के फैलाव को नियमित अंतराल पर अल्बेंडाजोल का सेवन कर डिवार्मिंग किया जा सकता है। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के दौरान जिला के सरकारी-गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में दवा खिलाई जाएगी, इसमें एएनएम, सहिया और आंगनबाड़ी कार्यकताओं की अहम जिम्मेदारी रहेगी । उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग एवं सहयोगी एनजीओ को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि लक्षित वर्ग तक पहुंच सुनिश्चित करें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# टोरंटो से वेस्टजेट की उड़ान के सेंट मार्टेन में कठिन लैंडिंग के बाद किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

**(रघुनंदन पराशर जैतो द्वारा समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**

टोरंटो,8, सितंबर :टोरंटो से सेंट मार्टेन जा रहे वेस्टजेट विमान की लैंडिंग कठिन हो गई, जिसके कारण प्रिंसेस जूलियाना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बंद हो गया, जिसके बाद आपातकालीन दल को तैनात किया गया।टोरंटो से सेंट मार्टेन जा रही वेस्टजेट की उड़ान के रविवार को कठिन लैंडिंग के बाद किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर इस घटना के बारे में एक बयान पोस्ट किया ।इसमें कहा गया, "टोरंटो से उड़ान भरने वाली वेस्टजेट की उड़ान संख्या 2276 को आज 17:29 वळउ पर प्रिंसेस जूलियाना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (रट) पर पहुंचने पर कठिन लैंडिंग का सामना करना पड़ा।"



टोरंटो से सेंट मार्टेन जा रहे वेस्टजेट विमान की लैंडिंग कठिन हो गई, जिसके कारण प्रिंसेस जूलियाना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बंद हो गया, जिसके बाद आपातकालीन दल को तैनात किया गया।

आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और एहतियात के तौर पर फोम का इस्तेमाल किया।वेस्टजेट ने कहा कि विमान की स्लाइड्स सक्रिय कर दी गईं और सभी मेहमानों और चालक दल को "सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया और टर्मिनल तक पहुंचा दिया गया।"

एयरलाइन ने कहा, "सभी अतिथियों का पता चल गया है और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।" उन्होंने आगे कहा कि वे घटना की वास्तविक प्रकृति की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं और अतिथियों तथा चालक दल को सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

वेस्टजेट ने कहा कि वे स्थानीय प्राधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं तथा अधिक जानकारी उपलब्ध होने पर स्थिति पर अद्यतन जानकारी देंगे।टोरंटो निवासी सेंट मार्टेन में फंसे सेंट मार्टेन में 10 दिन बिताने के बाद, टोरंटो निवासी जॉन त्जानेताकिस, उनकी पत्नी और सबसे बड़ी बेटी को आज शाम वेस्टजेट की उड़ान से घर लौटना था।उन्होंने कहा कि वह अपनी दूसरी बेटी को मेडिकल स्कूल में छोड़ने के लिए द्वीप राष्ट्र आए हैं।

रविवार की देर दोपहर प्रिंसेस जूलियाना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीपी24 से बात करते हुए, त्जानेताकिस ने कहा कि लगभग तीन घंटे के इंतजार के बाद अब उन्हें "बाहर ले जाने" की प्रक्रिया चल रही है और एयरलाइन द्वारा उन्हें टेक्स्ट संदेश के माध्यम से सूचित किया गया है कि उनकी उड़ान रद्द कर दी गई है।उन्होंने कहा, "हम आवास ढूंढने का प्रयास करेंगे और उम्मीद है कि वे कल हमारे लिए पुनः आवास बुक कर सकेंगे।"

टोरंटो निवासी जॉन त्जानेताकिस, जो 7 सितम्बर को टोरंटो से वेस्टजेट की उड़ान में हुई दुर्घटना के बाद सेंट मार्टेन में फंसे हुए हैं, सीपी24 की मेलिसा डुग्गन से बात करते हैं।उन्होंने कहा, "(वेस्टजेट) वास्तव में हमें ज्यादा जानकारी नहीं दे रहा है", उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने प्रभावित उड़ान में सवार किसी भी यात्री को नहीं देखा है।

"यहां के लोग बहुत मिलनसार और अच्छे हैं, इसलिए यहां काम करने वाले लोगों को दोष नहीं देना चाहिए, लेकिन वेस्टजेट ने ज्यादा जानकारी नहीं दी है।"

त्जानेतकिस ने कहा कि एयरलाइन ने आपातकालीन लैंडिंग के बारे में कोई विवरण नहीं दिया है, उन्हें इस घटना के बारे में जो भी जानकारी मिली है वह सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है।उन्होंने कहा, "अभी, जब मैं बोल रहा हूं, उन्होंने हमें कुछ नहीं बताया है, कोई दुर्घटना हुई है (या ऐसा कुछ भी हुआ है)। उन्होंने हमें सिर्फ इतना बताया है कि रनवे बंद है। बस इतना ही।" उन्होंने आगे कहा कि यहां तक कि संबंधित विमान भी उनकी दृष्टि से अवरुद्ध है।तजानाटाकिस ने कहा कि हवाई अड्डे पर मौजूद "हर कोई" हैरान, भ्रमित और विमान में सवार लोगों के लिए चिंतित है, जिसने कठिन लैंडिंग की।रविवार दोपहर कुछ सोशल मीडिया पोस्ट प्रसारित हुए जिनमें इस घटना को दुर्घटना बताया गया।

# कार्नी ने लंबी दूरी की ट्रेल रेस में भाग लेकर कई लोगों को चौंकाया

**(रघुनंदन पराशर जैतो द्वारा समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

कनेडा,8 सितंबर :प्रधानमंत्री मार्क कार्नी दक्षिणी ओंटारियो में हैलिबर्टन फॉरेस्ट ट्रेल रेस में 26 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेते हुए, जैसा कि शनिवार 6 सितंबर, 2025 को इस हैंडआउट फोटो में दिखाया गया है। द कैनेडियन प्रेस/हैंडआउट - हैलिबर्टन फॉरेस्ट-डेविड स्वीनी (अनिवार्य श्रेय)

राजनेता आमतौर पर अपना अधिकांश भाग चुनाव प्रचार अभियान के दौरान दौड़ते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सप्ताहांत में दक्षिणी ओंटारियो में लंबी दूरी की दौड़ में भाग लेकर कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया।कार्नी को हैलिबर्टन फॉरेस्ट ट्रेल रेस की 26 किलोमीटर की स्पर्धा में शामिल किया गया था, जो टोरंटो से लगभग 160 किलोमीटर उत्तर में आयोजित होने वाला एक वार्षिक आयोजन है, जिसमें लंबी दूरी की श्रेणियां भी हैं, जिनमें सबसे लंबी दूरी 100 मील (160 किलोमीटर) है।



प्रधानमंत्री मार्क कार्नी दक्षिणी ओंटारियो में हैलिबर्टन फ़ॉरेस्ट ट्रेल रेस में 26 किलोमीटर की दौड़ में भाग लेते हुए, जैसा कि शनिवार 6 सितंबर, 2025 को इस हैंडआउट फ़ोटो में दिखाया गया है। द कैनेडियन प्रेस/हैंडआउट - हैलिबर्टन फ़ॉरेस्ट-डेविड स्वीनी (अनिवार्य श्रेय)

आयोजक टेगन लेग ने फोन पर दिए साक्षात्कार में कहा, "कनाडा में सबसे कठिन ट्रेल दौड़ों में से एक के रूप में इसकी प्रतिष्ठा है।" उन्होंने बताया कि इस कोर्स में खड़ी पहाड़ियां और कभी-कभी चट्टानें भी हैं, जिन पर प्रतियोगियों को चढ़ना पड़ता है।"हम 'क्रशिंग कोर्स' सुनते हैं, लेकिन हम इसे एक प्रशंसा के रूप में लेते हैं।"छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित सहायता केंद्र पर स्वयंसेवक एग्नेस जंग ने कहा कि उन्होंने सुना था कि कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति प्रतिस्पर्धा कर रहा है और हो सकता है कि वह प्रधानमंत्री हों, लेकिन उन्हें इस बात पर तब तक विश्वास नहीं हुआ जब तक कि कार्नी दौड़कर नहीं आए और उन्होंने सहायता के लिए नहीं कहा।जंग ने कहा, "उसने मुझसे पूछा कि किस रास्ते जाना है और मैंने कहा, 'मैं तुम्हें ले चलता हूँ। पहाड़ी पर बस थोड़ी सी चढ़ाई है और फिर बाएँ मुड़कर पगडंडी पर आ जाना है।'" जंग ने कहा कि वह वीडियो न लेने के लिए खुद को कोस रही थीं, लेकिन उन्हें एहसास हुआ कि उनके पास एक और मौका होगा, क्योंकि यह रास्ता कार्नी को दौड़ के अंतिम छह किलोमीटर तक उसी रास्ते से वापस लाएगा।वापस लौटने पर, जंग ने कार्नी से एक छोटा वीडियो बनाने की अनुमति मांगी, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी का समर्थन करने के लिए दौड़ में भाग लिया था, जो भी दौड़ में शामिल हुई थीं और रविवार को अपना जन्मदिन मना रही थीं।जंग ने बताया कि कार्नी एक बहुत ही तेज धावक लग रहा था, और जब वह छोटा सा इंटरव्यू ले रही थी, तब वे दोनों एक पहाड़ी पर दौड़ रहे थे। सुरक्षाकर्मी भी उसके साथ दौड़ रहे थे।"हे भगवान, वो कमाल का लग रहा था! वो उस पहाड़ी पर ऐसे दौड़ रहा था जैसे उसने पहले कभी 20 किलोमीटर भी नहीं दौड़ा हो। वो बहुत ताकतवर था," उसने कहा।"वह वाकई एक अनुभवी ट्रेल धावक लग रहा था। ये ट्रेल्स वाकई कोई मजाक नहीं हैं।"इस साल की शुरूआत में "कैनेडियन रनिंग" पत्रिका में छपे एक लेख के अनुसार, कार्नी ने 2013 में ओटावा रेस वीकेंड में हाफ-मैराथन दौड़ लगाई थी और 2015 में लंदन मैराथन में भी दौड़े थे। पत्रिका में बताया गया है कि मई में ओटावा इंटरनेशनल मैराथन के दौरान भी वह मैदान के किनारे से धावकों का उत्साहवर्धन कर रहे थे।हैलिबर्टन फॉरेस्ट ट्रेल रेस के एक अन्य स्वयंसेवक गैरी ब्लैक ने बताया कि उन्होंने कार्नी कोआउटहाउस की कतार के पास देखा और उनसे तस्वीर खिंचवाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने खुशी-खुशी उनकी तस्वीर खिंचवाई।ब्लैक ने कहा, "26 किलोमीटर दौड़ने और अपनी पत्नी तथा अन्य सभी प्रकार की सहायता करने के बाद, वह लगभग एक घंटे तक फिनिश लाइन के आसपास रुके रहे, लोगों से बातचीत करते रहे, फोटो खिंचवाते रहे तथा सभी से बातचीत करते रहे।"ह्लसबको लगा कि वह बहुत अच्छा है।ह्न26 किलोमीटर की दौड़ में 120 धावकों में से कार्नी तीन घंटे 45 मिनट से कुछ अधिक समय लेकर 58वें स्थान पर रहे।

# नॉर्थ यॉर्क में टोरंटो पुलिस अधिकारियों द्वारा टेजर से हमला किए जाने के बाद एक व्यक्ति की मौत, एसआईयू जांच कर रही है

**(रघुनंदन पराशर जैतो द्वारा समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**

टोरंटो,8 सितंबर :ओंटारियो पुलिस निगरानी संस्था अब उत्तरी यॉर्क, ओंटारियो में पुलिस द्वारा टेजर से हमला किये जाने के बाद एक पुरुष संदिग्ध की मौत की जांच कर रही है। ओंटारियो पुलिस निगरानी संस्था रविवार दोपहर को उत्तरी यॉर्क में पुलिस अधिकारियों द्वारा टेजर से हमला किये जाने के बाद एक व्यक्ति की मौत की जांच कर रही है।यह घटना किलामार्श ड्राइव पर स्थित एक घर में घटी, जो कि कील स्ट्रीट और फिंच एवेन्यू वेस्ट के पास है।टोरंटो पुलिस ने बताया कि उन्हें शाम करीब 5:40 बजे एक ह्लप्राथमिकताह्न कॉल के लिए उस क्षेत्र में बुलाया गया था।विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि लगभग उसी समय टोरंटो पुलिस सेवा को उस क्षेत्र में एक घर में "अशांति" की सूचना मिली। पुलिस ने पहले कहा था कि घटनास्थल पर एक व्यक्ति चाकू से लैस था और अधिकारियों ने उस पर टेजर का प्रयोग किया था।नागरिक एजेंसी के अनुसार, अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और "घर के एक पुरुष निवासी के साथ उनकी शारीरिक झड़प हुई।" एसआईयू ने कहा, "उस व्यक्ति पर एक संवाहक ऊर्जा हथियार से हमला किया गया। उस व्यक्ति को हथकड़ी लगा दी गई थी। वह चिकित्सा संकट में पड़ गया। पैरामेडिक्स को बुलाया गया और अधिकारियों ने उसे चिकित्सा सहायता प्रदान की।"कुछ ही देर बाद घटनास्थल पर ही पुरुष को मृत घोषित कर दिया गया।एसआईयू की क्रिस्टी डेनेट ने कहा कि उन्होंने अपने आदेश का प्रयोग किया है तथा जांचकताओं को घटनास्थल पर भेज रहे हैं।7 सितंबर को नॉर्थ यॉर्क के किलामार्श ड्राइव पर टोरंटो पुलिस अधिकारियों द्वारा टेजर से हमला किए जाने के बाद एक पुरुष की मौत हो गई। (जैकब एस्ट्रिन/सीटीवी न्यूज टोरंटो)जांच जारी है.अब तक इस मामले में चार जांचकर्ता और दो फोरेंसिक जांचकर्ता नियुक्त किये गये हैं।



7 सितंबर को नॉर्थ यॉर्क के किलामार्श ड्राइव पर टोरंटो पुलिस अधिकारियों द्वारा टेजर से हमला किए जाने के बाद एक पुरुष की मौत हो गई। (जैकब एस्ट्रिन/सीटीवी न्यूज टोरंटो)

प्रांत की एस.आई.यू. को तब जांच के लिए बुलाया जाता है जब पुलिस किसी ऐसी घटना में शामिल होती है जिसके परिणामस्वरूप किसी व्यक्ति की मृत्यु, गंभीर चोट, यौन उत्पीड़न और/या उस पर बंदूक से गोली चलाई जाती है।इस जांच के बारे में जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से, जिसमें वीडियो या फोटो शामिल हैं, अनुरोध है कि वह मुख्य जांचकर्ता से 1-800-787-8529 पर या ऑनलाइन संपर्क करें ।

# जैन धर्म में उत्तम ब्रह्मचर्य आत्मा की शुद्धि का सर्वोत्तम साधन माना गया है : लब्धि दीदी

**मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो/चंडीगढ़,8 सितंबर : श्री दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर 27-बी में दशलक्षण महापर्व के 10वें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस एवं अनंत चतुर्दशी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। प्रातःकालीन कार्यक्रम में मूलनायक भगवान महावीर स्वामी का प्रथम अभिषेक व शांति धारा निर्मल जैन परिवार, खेकरि (राजस्थान) द्वारा संपन्न हुआ।द्वितीय अभिषेक व शांतिधारा का लाभ डॉ. संयोग जैन को प्राप्त हुआ। पाण्डुक शिला पर शांतिनाथ भगवान का अभिषेक व शांतिधारा भारत भूषण जैन, अंशुल जैन परिवार द्वितीय शांतिधारा व्रती श्रद्धालुओं द्वारा की गयी। आज के सौधर्मेन्द्र रजनीश जैन, यज्ञनायक अशोक जैन, कुबेर इन्द्र का लाभ शरद जैन ने उठाया। आज वासुपूज्य भगवान् का मोक्ष कल्याणक दिवस बारे हर्षोउल्लास से मनाया गया, इस अवसर पर निर्वाण लाडू करुण जैन, सौम्या जैन परिवार द्वारा अर्पित किया गया। 51 लोगों द्वारा भी लड्डू अर्पित किए गए। दशलक्षण विधान पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न हुआ।लब्धि दीदी ने उत्तम ब्रह्मचर्य का महत्व बताते हुए कहा कि जैन धर्म में उत्तम ब्रह्मचर्य आत्मा की शुद्धि का सर्वोत्तम साधन माना गया है। यह इंद्रिय संयम, मन, वचन और शरीर की पवित्रता का प्रतीक है। ब्रह्मचर्य का पालन करने से व्यक्ति विषय-वासना और मोह-माया से दूर होकर आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होता है। यह धर्म साधना का आधार स्तंभ है तथा मोक्ष मार्ग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।सायंकाल 4 बजे अनंत चतुर्दशी महोत्सव मनाया गया। भगवान की भव्य प्रतिमा शोभायात्रा पालकी में निकाली गई। पालकी में भगवान् को नितिन जैन सौधर्मेन्द्र, अनिल कुमार कुबेर, अंशुल जैन दिल्ली- सनत कुमार ,अमित जैन, दामोदर जैन - ईशान इन्द्र के कन्धों पर विराजमान करके तीन बार बाजे-गाजे के साथ मंदिर परिक्रमा की गयी। समस्त धार्मिक प्रक्रियाओं के बाद भगवान की प्रतिमा को पुनः गुप्ति सागर हॉल में विराजमान किया गया। इस पावन अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पुण्य लाभ अर्जित किया। आज के अवसर पर सम्पूर्ण कार्यकारिणी उपस्थित रही। कार्यकारिणी अध्यक्ष धरम बहादुर जैन ने समस्त जैन समाज का अभिवादन करते हुए श्रद्धालुओं से दशलक्षण धर्म का अपने जीवन में समावेश करने का आहवान किया।

# हरियाणा के मुख्यमंत्री पंजाब के मुख्यमंत्री से मिलने मोहाली अस्पताल पहुंचे

**मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,8 सितंबर :पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान तबीयत खराब होने के चलते 4 दिन से अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी तबीयत में सुधार हो रहा है। आज हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी उनसे मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे। उन्होंने 15 मिनट तक उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत नहीं की। इससे पहले पंजाब प्रभारी और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया उनसे मुलाकात कर चुके हैं। इसके अलावा पंजाब सरकार के कई मंत्री भी उनका हाल जानने अस्पताल पहुंच रहे हैं। भगवंत मान बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे थे। इस दौरान दो सितंबर को वह चंडीगढ़ पहुंचे थे। उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। जिस वजह से उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के साथ बाढ़ग्रस्त इलाकों में जाने का कार्यक्रम भी टल गया था। इसके बाद से उनका चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर ही इलाज चल रहा था। उनकी तबीयत खराब होने की वजह से शुक्रवार शाम को रखी कैबिनेट मीटिंग को भी स्थगित करना पड़ा। इसके बाद शाम को तबीयत और बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत देख डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती करने की सलाह दी। अब उनकी सेहत में सुधार हो रहा है।

# टोरंटो में पूरे सप्ताह धूप और गर्म मौसम की संभावना

**(*रघुनंदन पराशर जैतो द्वारा समाज जागरण चीफ ब्यूरो )**

टोरंटो,8 सितंबर :इस सप्ताह टोरंटो में मौसम सुहावना रहने का अनुमान है, अगले सात दिनों तक धूप खिली रहेगी तथा दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहेगा।पर्यावरण कनाडा ने सोमवार को धूप युक्त आकाश



तथा अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई है, जो सप्ताह का सबसे ठंडा दिन होने की उम्मीद है।मंगलवार को आसमान अधिक उज्ज्वल रहेगा, जिससे पारा 23 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा।सप्ताह के मध्य में मौसम और भी गर्म हो जाता है, बुधवार और गुरुवार को अधिकतम तापमान क्रमशः 25 डिग्री सेल्सियस और 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।शुक्रवार को धूप खिलने और 22 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने की संभावना है, तथा शनिवार और रविवार को तापमान में वृद्धि होगी, तथा दिन का अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

# पंजाब में बाढ़ के बाद पंजाबियों पर मंडराया एक और खतरा

**मन्नू शर्मा समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

पंजाब/मोहाली,8 सितंबर : बाढ़ के बाद पंजाब वासियों के लिए एक और नई मुसीबत खड़ी हो गई है। सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन ने बताया कि बाढ़ के पानी में सांप के काटने का डर बढ़ जाता है। सांप के काटने के इलाज के लिए विभिन्न सरकारी अस्पतालों में दवाइयां उपलब्ध हैं, जहां मरीजों का इलाज पूरी तरह से मुफ्त किया जाता है। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बरसात के मौसम में इंसानों को सांप के काटने की घटनाएं आम हैं। सांप के काटने पर घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि मरीज को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाना चाहिए। पंजाब में कई प्रकार के विषहीन सांपों के अलावा कॉमन करेट, रसल वाइपर और कोबरा जैसे जहरीले सांप भी पाए जाते हैं। ये सांप बहुत जहरीले होते हैं, इसलिए इनके काटने के बाद बिना देर किए इंजेक्शन लगवा लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सांप के काटने के बाद, तथाकथित तांत्रिकों/बाबाओं या झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने के बजाय अस्पताल जाना चाहिए, क्योंकि इन तथाकथित तांत्रिकों/बाबाओं/साधकों के पास सांप के काटने से बचाव का कोई चिकित्सीय उपचार नहीं होता, बल्कि कई बार ये मरीज की हालत को और गंभीर बना देते हैं और कई बार समय पर इलाज न मिलने से मरीज की जान भी चली जाती है।

## 70 प्रतिशत सांप जहरीले नहीं होतेः डॉ. जैन

सांप के डंक की पहचान और बचाव के कुछ सुझाव देते हुए, डॉ. जैन ने कहा कि अगर सांप काट ले, तो सबसे पहले शरीर के संबंधित हिस्से पर काटने के निशान को देखने की कोशिश करें ताकि यह निश्चित रूप से पता चल सके कि सांप ने काटा है। मरीज का हौसला बढ़ाएं और उसे बताएं कि लगभग 70 प्रतिशत सांप जहरीले नहीं होते, इसलिए हो सकता है कि उसे किसी जहरीले सांप ने न काटा हो। काटे हुए हिस्से को उसी तरह सहारा दें जैसे आप शरीर के किसी टूटे हुए हिस्से को देते हैं, ताकि उसे इस्तेमाल या हिलाया न जा सके, लेकिन सहारे को इतना कसकर न लपेटें कि रक्त की आपूर्ति बंद हो जाए।

मरीज को दौड़कर या गाड़ी चलाकर अस्पताल नहीं जाना चाहिए। सांप के काटने वाली जगह से जूते, घड़ियां, गहने या कपड़े उतार दें। काटने वाली जगह को खरोंचने की कोशिश न करें और सांप को मारने में समय बर्बाद करने के बजाय, मरीज को तुरंत अस्पताल ले जाएं। किसी भी जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग के हेल्पलाइन नंबर 104 पर संपर्क किया जा सकता है या 108 पर कॉल करके एम्बुलेंस बुलाई जा सकती है। सांप के काटने के लक्षणों में दर्द, सूजन, चोट के निशान, काटने वाली जगह से खून आना, सांस लेने में तकलीफ, निगलने और बोलने में तकलीफ, गर्दन की मांसपेशियों में कमजोरी, सिर उठाने में तकलीफ, कान, नाक, गाल या किसी अन्य जगह से खून आना आदि शामिल हैं।

# टीएमयू में इण्टर स्कूल वॉलीबाल चैंपियनशिप का शंखनाद

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से तीन दिनी इण्टर स्कूल वॉलीबाल चैंपियनशिप का शंखनाद हो गया है। चैंपियनशिप के पहले दिन कुल 10 मुकाबले हुए। चैंपियनशिप में मुरादाबाद, रामपुर, संभल, गजरौला, बिजनौर, बिलासपुर, उधमसिंह नगर, अमरोहा आदि से बालकवर्ग की 28 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। फर्स्ट डे का मुख्य आकर्षण जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल, जसपुर और आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल, मुरादाबाद के बीच कड़ा मुकाबला रहा। दोनों ही टीमों ने परस्पर कड़ी टक्कर देते हुए शुरूआती एक-एक सेट अपने नाम किया। पहले सेट में बढ़त बनाते हुए जेनेसिस पब्लिक स्कूल ने 25-15 के स्कोर से पहला सेट अपने नाम किया। आर्यभट्ट इंटरनेशनल स्कूल ने कड़ी टक्कर देते हुए जबर्दस्त वापसी की ओर 25-15 से दूसरा सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में जेनेसिस पब्लिक स्कूल ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया और दमदार वापसी करते हुए तीसरा सेट 15-09 के स्कोर से जीतते हुए मैच को अपने नाम किया। जेनेसिस इंटरनेशनल के कप्तान आदित्य को प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इससे पूर्व डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चैंपियनशिप का श्रीगणेश किया। इस मौके पर फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।



सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, गजरौला और विल्सोनिया स्कॉलर्स एकेडमी, मुरादाबाद के मुकाबले में सेंट मैरी ने पहला सेट 25-11 और दूसरा सेट 25-13 से जीतकर मैच अपने नाम किया। सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कुल, भगवानपुर और ग्रीन मिडोज स्कूल के बीच हुए मैंच में 2-1 से ग्रीन मिडोज विजेता रहा। एंजल पब्लिक स्कूल, संभल और लिटिल स्कॉलर्स अकादमी, अमरोहा के बीच में एंजल पब्लिक स्कूल ने 2-1 से मैच अपने नाम किया। शाइनिंग स्टार स्कूल, रामनगर और सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, गजरौला के मुकाबले में शाइनिंग स्टार्स ने 2-1 से मैच अपने नाम किया। राजेंद्र एकेडमी, गजरौला और ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, अमरोहा में राजेंद्र एकेडमी ने 2-0 से ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल को मात दी। पायनियर्स एकेडमी, जसपुर ने श्री साईं पब्लिक स्कूल, डिलारी को 2-1 हराकर मैच अपने नाम किया। दशमेष पब्लिक स्कूल, रामपुर और ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल के मुकाबले में ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, रामनगर ने 2-0 से दशमेष पब्लिक स्कूल का धो डाला। आरएसडी एकेडमी, मुरादाबाद और जेके कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, रामपुर के बीच हुए मुकाबले में जेके एकेडमी ने 2-0 से मैच अपने नाम किया। जेपी पब्लिक स्कूल, बिजनौर ने सेंट एंथनी सीनियर सेकेंडरी, दुगावर स्कूल को 2-0 से एकतरफा मात दी।

# टीएमयू को इंजीनियरिंग श्रेणी में एनआईआरएफ रैंकिंग का रैंक-बैंड

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने इंजीनियरिंग श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि अर्जित की है। केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से घोषित राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा- एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग- 2025 में इंजीनियरिंग श्रेणी के अंतर्गत टीएमयू को 201-300 की रैंक-बैंड में स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि संस्थान के सतत प्रयासों, गुणवत्तापरक शिक्षण, उन्नत अनुसंधान और नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी को बधाई देते हुए इस रैंक-बैंड का श्रेय स्टुडेंट्स के संग-संग इंजीनियरिंग की फैकल्टीज को दिया है। वीसी प्रो. वीके जैन कहते हैं, यह मूल्यांकन मुख्यतः शिक्षण अधिगम और संसाधन, अनुसंधान और व्यावसायिक प्रथाएं, स्नातक परिणाम, सामाजिक सहभागिता और समावेशिता, प्रतिष्ठा और धारणा जैसे पांच प्रमुख मानकों पर आधारित है। उल्लेखनीय है, शिक्षण और अनुसंधान में संतुलन बनाए रखना और स्टुडेंट्स के सर्वांगीण विकास पर बल देना तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की प्राथमिकता है। कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग परिणाम-आधारित शिक्षा-ओबीई, राष्ट्रीय मूल्यांकन एवम् प्रत्यायन परिषद- एनएएसी और राष्ट्रीय बोर्ड प्रत्यायन-एनबीए के मानकों पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. द्विवेदी कहते हैं, यह उपलब्धि केवल रैंक का आंकड़ा नहीं, बल्कि टीएमयू परिवार की सामूहिक मेहनत, दूरदर्शी नेतृत्व और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दर्पण है।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री मानवीय संवेदना की महत्वपूर्ण कड़ी- सीएम योगी

**- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रकों को दिखाई हरी झंडी**

**- योगी सरकार ने निभाई मानवीय जिम्मेदारी, उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब को 48 ट्रकों में भेजी राहत सामग्री**

**- सीएम योगी ने हिमाचल और उत्तराखंड राज्य को दी 5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि**

**- संकट की घड़ी में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता तीनों राज्यों के अपने बहन-भाइयों के साथ खड़ी है- सीएम योगी**

**- राहत सामग्री व सहायता राशि लेकर बाढ़ प्रभावित राज्यों में जाएंगे योगी सरकार के मंत्री व विधायक**

**- समय पर किए गए प्रावधानों की वजह से बाढ़ की आपदा से बचा है यूपी- सीएम योगी**

**- बरसात में दुर्भाग्यपूर्ण मौत पर पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा दे रही सरकार- मुख्यमंत्री**

**- सीएम योगी ने की जनता से अपील, आपदा के समय सतर्कता और बचाव ही सबसे बड़ा उपाय है- सीएम योगी**

**समाज जागरण**

सहारनपुर, 08 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बाढ़ प्रभावित नागरिकों के लिए राहत सामग्री से लदे 48 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरोवर पोर्टिको, अंबाला रोड पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि राहत सामग्री मानवीय संवेदना की महत्वपूर्ण कड़ी है। संकट की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता इन तीनों राज्यों के अपने बहन-भाइयों के साथ खड़ी है। इस दौरान सीएम योगी ने इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश को पांच-पांच करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि भी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से राहत सामग्री के रूप में उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब के नागरिकों के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रहे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विजन का जिक्र करते हुए कहा कि विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित हो रहे हैं, साथ ही आपदा से निपटने के लिए सरकार के प्रयास अत्यंत प्रभावी साबित हो रहे हैं। एनडीआरएफ, आपदा मित्र और स्थानीय पुलिस जैसी संस्थाएं सक्रिय होकर राहत कार्य में अपनी भूमिका निभाती हैं। सीएम योगी ने कहा कि जब समाज और स्वयंसेवी संगठन पीड़ितों के साथ खड़े हो जाते हैं, तो सरकार के प्रयासों को और मजबूती मिलती है।

**समय पर किए गए प्रावधानों की वजह से बाढ़ की आपदा से बचा है यूपी- सीएम योगी**

उत्तर प्रदेश में बाढ़ को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए योगी ने कहा कि इस वर्ष अभी तक राज्य इस आपदा से बचा हुआ है, हालांकि निचले स्तर पर जल-भराव हुआ है। व्यापक पैमाने पर बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए समय पर किए गए प्रावधानों का परिणाम है कि आज हम इस आपदा को नियंत्रण के करीब पहुंच चुके हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का जिक्र किया, जहां बाढ़ आई है, जैसे यमुना नदी का क्षेत्र–सहारनपुर, बागपत, गौतम बुद्ध नगर से लेकर प्रयागराज तक, जहां गंगा से मिलती है। साथ ही बिजनौर से बलिया तक गंगा के मुहाने, सरयू, घाघरा, रामगंगा और हिंडन नदी के इलाकों में पुख्ता व्यवस्था की गई है। इन नदियों में अगर जल ओवरफ्लो से जन-धन की हानि हुई, तो सरकार ने तत्काल राहत सामग्री पहुंचाई है।

**दुर्भाग्यपूर्ण मौत पर पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा- मुख्यमंत्री**

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में बरसात के समय अगर कोई जंगली जानवर, सांप या बिच्छू किसी व्यक्ति को काटता है और दुर्भाग्यपूर्ण मौत होती है, तो पीड़ित परिवार को सरकार चार लाख रुपये का मुआवजा तत्काल उपलब्ध करवाती है। आपदा से अगर किसी गरीब का मकान गिर गया, तो नया आवास बनाने के लिए धन उपलब्ध कराया जाता है। अगर जमीन और मकान नदी में विलीन हो गया या कटान की चपेट में आ गया, तो परिवार को जमीन का पट्टा और मकान बनाने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। जहां गांव जल-प्लावित हुए, वहां सुरक्षित शिविरों में पहुंचाने के साथ ब्रेकफास्ट, दोपहर और शाम का भोजन, बच्चों के लिए दूध और पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की गई है।